
kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

❑ वर्ष-14 ❑ अंक-151 ❑ गुरुवार, 03 जुलाई 2025 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



बिहार कभी पिछड़ा राज्य नहीं था बल्कि इसे कांग्रेस और राजद के शासनकाल में पिछड़ा बनाया गया। अस्सी के दशक तक कांग्रेस के शासनकाल में बिहार के मुख्यमंत्रियों को बदला जाता रहा लेकिन यहां के लोगों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया।
राजनाथ सिंह

दलाई लामा की संस्था जारी रहेगीः दलाई लामा 11

ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा, तीन की मौत, 16 घायल 12

## संक्षेप

### हाईकोर्ट पहुंचा सरकारी स्कूलों के विलय का मामला, सुनवाई आज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों के मर्जर (विलय) आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ में चुनौती दी गई है। याचिकाओं पर 3 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। पहली याचिका, सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों ने दाखिल की है। जबकि, इसी मामले में एक अन्य याचिका भी दाखिल हुई है। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा है साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूलों से दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया गया है। याचिकाओं में प्राथमिक स्कूलों की चल रही मर्जर की कार्रवाई पर तत्काल रोक लगाने की भी गुजारिश की गई है। सुनवाई के समय राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता (सीएससी) शैलेंद्र कुमार सिंह पेश हुए। जबकि, याचियों की ओर से अधिवक्ता डॉ. एल पी मिश्र और गौरव मेहरोत्रा पेश हुए। कोर्ट ने मामले की सुनवाई बृहस्पतिवार को करने का आदेश दिया है।

### प्रशासनिक सेवा दूसरों के लिए कार्य करने का अवसर : मुख्य सचिव



लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि प्रशासनिक सेवा दूसरों के लिए सोचने और कार्य करने का अवसर प्रदान करती है। सरकार अधिकारियों को आत्म-मूल्यांकन और विवेकपूर्ण निर्णय लेने की स्वतंत्रता देती है। इस सेवा में चुनौतियों के साथ व्यापक अनुभव प्राप्त करने का मौका भी मिलता है। मुख्य सचिव ने ये बातें बुधवार को 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात में उनकी हौसला अफजाई करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि स्वयं का मनोबल ऊंचा रखते हुए जनता के लिए अधिकतम कार्य करें। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां सीडी रेशियो को मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) से जोड़ा गया है। उत्तर प्रदेश का 22 प्रतिशत हिस्सा शहरीकृत है, और शहरीकरण को बढ़ावा देना अर्थव्यवस्था, रोजगार और प्रगति के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर महानिदेशक उपाम एल. वेंकटेश्वर लू, प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज सहित भी उपस्थित थे।

# ब्रिक्स के लिए प्रतिबद्ध है भारत : मोदी

## पांच देशों की मेरी यात्रा से दक्षिण के देशों के साथ सहयोग संबंध मजबूत होंगे : प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्राजील समेत पांच देशों की एक सप्ताह की यात्रा के लिए रवाना होते समय बुधवार को कहा कि भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स को लेकर प्रतिबद्ध है।

ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। बाद में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को भी इसमें शामिल कर इसका विस्तार किया गया। मोदी ने प्रस्थान के समय अपने बयान में कहा, ''हम मिलकर एक अधिक शांतिपूर्ण, समतापूर्ण, न्यायसंगत, लोकतांत्रिक और संतुलित बहुध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था बनाने के लिए प्रयासरत हैं। मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने और 'ग्लोबल साउथ' के कई प्रमुख देशों के साथ भारत के संबंधों को प्रगाढ़ करने के लिए पांच देशों की यात्रा कर रहे हैं। वह इस यात्रा के दौरान ब्राजील के अलावा घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना और नामीबिया भी जाएंगे। 'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है, जिन्हें विकासशील, अल्प विकसित या अविकसित माना जाता है तथा जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। यात्रा के पहले चरण में मोदी घाना जा रहे हैं। मोदी ने कहा कि घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर वह बुधवार और बृहस्पतिवार को वहां रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की घाना की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा है। साथ ही यह तीन दशकों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की पहली घाना यात्रा होगी।




मोदी ने कहा कि घाना 'ग्लोबल साउथ' में एक महत्वपूर्ण साझेदार है तथा अफ्रीकी संघ एवं पश्चिमी अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि वह दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने तथा निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण एवं विकास साझेदारी के क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खोलने के उद्देश्य से होने वाली वार्ताओं के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, ''हम दोनों लोकतांत्रिक देश हैं। ऐसे में घाना की संसद में संबोधन देना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। वह घाना की यात्रा के बाद त्रिनिदाद एवं टोबैगो जाएंगे जिसके साथ भारत के गहरे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध हैं।

इस यात्रा के दौरान मोदी त्रिनिदाद एवं टोबैगो की राष्ट्रपति क्रिस्टीन कार्ला कंगालू और प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर के साथ वार्ता करेंगे। कंगालू इस वर्ष के प्रवासी भारतीय दिवस में मुख्य अतिथि थीं। मोदी ने कहा, ''भारतीय पहली बार 180 वर्ष पूर्व त्रिनिदाद एवं टोबैगो पहुंचे थे। यह यात्रा हमें एकजुट करने वाले पूर्वजों और रिश्तेदारों के विशेष बंधनों को पुनर्जीवित करने का अवसर प्रदान करेगी। इसके बाद मोदी ब्यूनस आयर्स जाएंगे जो 57 साल में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की अर्जेंटीना की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना लातिन अमेरिका में एक प्रमुख आर्थिक साझेदार है और जी-20 में एक करीबी सहयोगी है। मोदी ने कहा कि वह राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ वार्ता करने के लिए उत्सुक हैं। मोदी और माइली की पिछले वर्ष भी मुलाकात हुई थी। मोदी ने कहा, ''हम कृषि, महत्वपूर्ण खनिजों, ऊर्जा, व्यापार, पर्यटन, प्रौद्योगिकी एवं निवेश के क्षेत्रों सहित पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। वह छह और सात जुलाई को रियो डी जेनेरियो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। मोदी ने कहा कि एक संस्थापक सदस्य के रूप में भारत उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में ब्रिक्स को लेकर प्रतिबद्ध है। शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी विश्व के कई नेताओं से मिलेंगे। उन्होंने कहा, ''मैं ब्रासीलिया की द्विपक्षीय राजकीय यात्रा करूंगा, जो लगभग छह दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। यह यात्रा ब्राजील के साथ हमारी घनिष्ठ साझेदारी को मजबूत करने और मेरे मित्र एवं राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ मिलकर वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। मोदी यात्रा के अंतिम चरण में नामीबिया जाएंगे जिसे उन्होंने उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष के साझा इतिहास वाला भारत का एक विश्वसनीय साझेदार बताया। उन्होंने कहा कि वह राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मिलेंगे और दोनों देशों के लोगों, क्षेत्रों एवं व्यापक 'ग्लोबल ● शेष पेज 11 पर

### बहुपक्षीय मंचों पर भागीदारी होगी गहरी

प्रधानमंत्री ने कहा मुझे विश्वास है कि इन पांच देशों की मेरी यात्रा से वैश्विक दक्षिण में हमारी मैत्रीपूर्ण रिश्ते मजबूत होंगे। अटलांटिक के दोनों ओर हमारी साझेदारी मजबूत होगी। ब्रिक्स, अफ्रीकी संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों पर हमारी भागीदारी और गहरी होगी।

# क्वाड देशों ने की पहलगाम हमले की कड़ी निंदा



❑ वाशिंगटन डीसी में क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद संयुक्त बयान जारी, दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर जताई चिंता

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के क्वाड समूह ने संयुक्त रूप से हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता, स्थिरता और कानून के शासन की रक्षा के लिए अपने साझा संकल्प को दोहराया है। बैठक में समुद्री सुरक्षा, आपूर्ति शृंखला, प्रौद्योगिकी और आतंकवाद जैसे विषयों पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

क्वाड देशों ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की है और दोषियों को जल्द न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया गया। आतंकवाद और हिंसक उग्रवाद विशेष रूप से सीमापार आतंकवाद की कड़ी निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग की प्रतिबद्धता दोहराई है। म्यांमार संकट पर क्वाड ने युद्धविराम की आवश्यकता दोहराई और आसियान की पांच बिंदु सहमति के कार्यान्वयन का समर्थन किया। म्यांमार भूकंप राहत के लिए संयुक्त रूप से 3 करोड़ डॉलर की सहायता राशि की घोषणा की। वॉशिंगटन डीसी में आयोजित क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है, हम इस निंदनीय कृत्य (पहलगाम हमले) के अपराधियों, आयोजकों और वित्तपोषकों को बिना किसी देरी के न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं और सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों से आग्रह करते हैं कि वे अंतर्राष्ट्रीय कानून और प्रासंगिक यूएनएससीआर के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी प्रासंगिक अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग करें। वाशिंगटन डीसी स्थित अमेरिकी विदेश विभाग में कल क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित की गई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर, अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो, जापान के ताकेशी इवाया ● शेष पेज 11 पर

# ओला, उबर, रेपिडो को व्यस्त समय में दोगुना किराया वसूलने की अनुमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने ओला, उबर, रैपिडो जैसी सभी कैब सेवाओं को व्यस्त समय में दोगुना किराया वसूलने की अनुमति दी है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2025 के लिए एक जुलाई को जारी मोटर वाहन एग्रिगेटर दिशा निर्देशिका में इस आशय की अनुमति प्रदान की है। राज्य सरकारें इसके आधार पर अपने नियम अलग बना सकती हैं और इसके लिए उन्हें तीन महीने का समय दिया गया है। नये दिशा-निर्देशों के अनुसार, एग्रीगेटर्स को गैर-व्यस्त समय के दौरान बेस किराया से कम से कम 50 प्रतिशत कम चार्ज करना आवश्यक है। इन दिशा निर्देशों के अनुसार अब ये कैब एग्रीगेटर्स पीक टाइम में बेस किराया का दोगुना तक किराया वसूल सकते हैं, जबकि पहले ये सीमा 1.5 गुना तक थी। दिशा- निर्देशों में आगे कहा गया है कि मोटर वाहनों की संबंधित श्रेणी या




वर्ग के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किराया एग्रीगेटर से सेवाएं लेने वाले यात्रियों से लिया जाने वाला बेस किराया होगा। कैब सेवा के लिए नये दिशा निर्देशों में व्यस्त समय में कैब किराया दोगुना तक लेने के साथ ही उन्हें गैर व्यस्त समय में किराया कम करने का भी निर्देश है। दिशा निर्देश के अनुसार बेस किराया कम से कम तीन किलोमीटर का हो सकता है। बिना ठोस कारण राइड कैंसल करने पर ड्राइवर पर जुर्माना लगेगा और ये जुर्माना किराए के 10 फ़ीसदी तक हो सकता है। इसी तरह से यात्रियों पर भी ● शेष पेज 11 पर

# टैरिफ रोक को नौ जुलाई के बाद बढ़ाने की योजना नहीं : ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की है कि उनका पारस्परिक व्यापार शुल्कों के निलंबन को आगे बढ़ाने का इरादा नहीं है, जो 09 जुलाई को समाप्त होने वाला है। मीडिया रिपोर्टों से यह जानकारी सामने आयी है। श्री ट्रम्प ने एएफ1 पर संवाददाताओं से कहा, 'नहीं, मैं टैरिफ रोक को आगे बढ़ाने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनका प्रशासन जल्द ही अमेरिकी व्यापार भागीदारों को एक पत्र भेजेगा, जिसमें उन्हें अमेरिका के साथ व्यापार करने के उनके अधिकार के लिए बधाई दी जाएगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि लगाए गए टैरिफ़ ने अमेरिका के लिए लगभग 129 अरब डॉलर का राजस्व सृजन किया है और आगे और भी राजस्व अर्जित करने की संभावना है। इससे पहले पिछले गुरुवार को श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि अमेरिका ने चीन के साथ एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए और संकेत दिया कि भारत के साथ एक बड़ा समझौता जल्द ही हो सकता है। उल्लेखनीय है कि गत 02 अप्रैल को ● शेष पेज 11 पर

# कोरोना वैक्सीन और हार्ट अटैक से हो रही मौतों के बीच कोई संबंध नहीं : स्वास्थ्य मंत्रालय

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में हाल के दिनों में हार्ट अटैक से अचानक मौत के कई मामले देखने को मिले हैं। इसके बाद ये सवाल उठने लगे कि इसका कहीं कोरोना वैक्सीन से कनेक्शन तो नहीं है। ऐसे में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड-19 वैक्सीन को लेकर चल रही इन तमाम अफवाहों को खारिज करते स्पष्ट किया कि देश में कई एजेंसियों के माध्यम से अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के मामले की जांच की गई है। इन अध्ययनों ने निर्णायक रूप से स्थापित किया है कि कोरोना टीकाकरण और देश में अचानक मौतों की रिपोर्ट के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत में कोरोना टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं, जिनमें गंभीर



दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि अचानक हृदय संबंधी मौतें कई तरह के कारकों के कारण हो सकती हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। आईसीएमआर और एनसीडीसी अचानक अस्पष्टीकृत मौतों के पीछे के कारणों को समझने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। खासकर 18 से 45 वर्ष की आयु के युवाओं में इसका पता लगाने के लिए, अलग-अलग शोध दृष्टिकोणों का उपयोग करके दो पूरक अध्ययन किए गए। एक पिछले डेटा पर आधारित और दूसरा वास्तविक समय की जांच से जुड़ा हुआ है। आईसीएमआर के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान (एनआईई) द्वारा किए गए पहले अध्ययन का शीर्षक था ''भारत में 18-45 वर्ष की आयु के वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों से जुड़े कारक - एक बहुकेंद्रित मिलान केस-कंट्रोल अध्ययन। यह अध्ययन मई से अगस्त 2023 तक 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 47 तृतीयक देखभाल अस्पतालों में किया गया था। इसमें ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया गया जो स्वस्थ दिखते थे, लेकिन अक्टूबर 2021 और मार्च 2023 के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों ने निर्णायक रूप से दिखाया है कि कोविड-19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों का जोखिम नहीं बढ़ता है। मंत्रालय ने आगे बताया कि इस संबंध में दूसरा अध्ययन किया गया जिसका शीर्षक युवाओं में अचानक होने वाली अस्पष्टीकृत मौतों के कारणों का पता लगाना, वर्तमान में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली द्वारा वित्त ● शेष पेज 11 पर

# किराना स्टोर से 1.20 करोड़ का ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। खाद्य एंव औषधि प्रशासन (एफएसडीए) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने बुधवार को ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन के अवैध कारोबार का भंडाफोड़ किया है। किराने की दुकान में इंजेक्शन का अवैध धंधा चल रहा था। छापेमारी के दौरान 1.20 करोड़ रुपए कीमत का प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन बरामद किए हैं। बुद्धेश्वर चौराहा, मोहान रोड स्थित हनुमंत किराना एवं जनरल स्टोर पर छापेमारी की गई। एफएसडीए के सहायक आयुक्त बृजेश कुमार ने बताया कि मोहान रोड पर प्रतिबंधित इंजेक्शन के कारोबार की सूचना मिली थी। एसटीएफ में अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार नागर से संपर्क किया। संयुक्त टीम का गठन किया गया।

बुधवार को पुलिस बल के साथ मोहान रोड स्थित हनुमंत किराना एवं जनरल स्टोर पर छापेमारी की कार्रवाई हुई। छापे में भारी मात्रा में प्रतिबंधित ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन



❑ एफएसडीए व एसटीएफ की टीम ने छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया

और पैकिंग संबंधित सामग्री बरामद हुई। इसकी अनुमानित कीमत करीब 1.20 करोड़ रुपए है। तीन लोग गिरफ्तार अवैध कारोबार चला रहे तीन लोगों को मौके से दबोचा गया है। इसमें सीतापुर के बिसवां थाना निवासी खगेश्वर, बुद्धेश्वर मॉडल सिटी मोहान रोड के अवधेश पाल और बुद्धेश्वर मायापुरम के अनमोल पाल को गिरफ्तार किया गया। तीनों के खिलाफ काकोरी थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एक लाख से ज्यादा शीशियां जब्त सहायक आयुक्त बृजेश ने बताया कि ● शेष पेज 11 पर

## कोई पात्र महिला छूटे नहीं, पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान, ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा सीधा लाभ

# जहां टूटे सहारे, वहां योगी सरकार बनी परिवार

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

❑ पेंशन योजना से मिल रहा संबल और सम्मान, 35.78 लाख निराश्रित महिलाओं के खाते में पहुंची पहली तिमाही की पेंशन

❑ तीन माह की 3000 पेंशन खातों में ट्रांसफर, आवेदन, सत्यापन, स्वीकृति और भुगतान में योगी सरकार की पारदर्शी व तय समय में पूरी हुई प्रक्रिया

लखनऊ। योगी सरकार ने एक बार फिर संवेदनशील और जनकल्याणकारी प्रशासन का परिचय देते हुए प्रदेश की लाखों निराश्रित महिलाओं के जीवन में उम्मीद का उजाला फैलाया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में राज्य सरकार ने 35,78,000 निराश्रित महिलाओं के खातों में ?3000 की पेंशन राशि (1000 प्रति माह) ट्रांसफर कर दी है। यह धनराशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों को भेजी गई है। इस तिमाही में 47,800 नई लाभार्थियों को भी पहली बार योजना से जोड़ते हुए राज्य सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी पात्र महिला लाभ से वंचित न रहे।

इससे पहले वित्तीय वर्ष 2024-25 की अंतिम तिमाही में 35,30,311 महिलाओं को यह लाभ मिला था, यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि योगी सरकार की योजना विस्तार और समावेशन की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही यह योजना पति की मृत्यु के बाद आर्थिक संकट झेल रही महिलाओं को न सिर्फ आर्थिक सहारा देती है, बल्कि उन्हें समाज में सम्मान के साथ जीवन जीने की शक्ति भी प्रदान करती है। यह योजना राज्य की उन महिलाओं के लिए है, जिनका जीवनसाथी अब इस दुनिया में नहीं रहा और जो स्वयं की आजीविका के लिए संघर्ष कर रही हैं। योगी सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि केवल वास्तविक जरूरतमंद महिलाएं ही इस योजना से लाभान्वित हों। इसके लिए सत्यापन की एक सशक्त और पारदर्शी प्रक्रिया तैयार की गई है। वर्तमान तिमाही के आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में 28,56,821 महिलाओं को योजना का लाभ मिला है, जबकि शहरी क्षेत्रों में 7,21,290 महिलाएं लाभान्वित हुई हैं।



### ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं पर फोकस

महिला कल्याण विभाग के उपनिदेशक व पेंशन योजना के नोडल अधिकारी बीएस निरंजन ने बताया कि योगी सरकार की इस योजना का विशेष फोकस ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं पर है। इन क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि पात्र महिलाएं योजना से वंचित न रहें। हर ब्लॉक और तहसील स्तर पर नोडल अधिकारियों की तैनाती कर आवेदन प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाया गया है। यही वजह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में 28,56,821 लाभार्थियों की पहचान सुनिश्चित हुई।

निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत किसी भी महिला को लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ बुनियादी शर्तें निर्धारित की गई हैं। लाभार्थी महिला उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी होनी चाहिए, उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उसके पति की मृत्यु हो चुकी हो। साथ ही, परिवार की वार्षिक आय 2 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए और वह किसी अन्य केंद्र या राज्य सरकार की पेंशन योजना से लाभ नहीं ले रही हो। आवेदन प्रक्रिया को भी सुनियोजित रूप से विभाजित किया गया है। आवेदन मिलने के बाद संबंधित विभाग 45 दिनों में दस्तावेजों की जांच करता है। उसके बाद खंड विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी या नगर मजिस्ट्रेट स्तर पर 15 दिनों के भीतर अनुमोदन किया जाता है। इसके बाद जनपद स्तरीय अनुश्रवण व स्वीकृति समिति एक माह के भीतर अंतिम स्वीकृति देती है। अंतिम रूप से, NIC और PFMS के सहयोग से पेंशन की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है, जिससे योजना में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई बार इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं कि उनकी सरकार ● शेष पेज 11 पर

# सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ आप का जोरदार प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । योगी सरकार द्वारा 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मेरठ, आगरा, आजमगढ़, गोंडा, सिद्धार्थनगर, सुल्तानपुर, मिर्ज़ापुर, गाजियाबाद, अमरोहा, बागपत, अलीगढ़, बलिया, सहारनपुर, जौनपुर सहित प्रदेशव्यापी जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आप सांसद संजय सिंह के आवाहन पर, राजधानी लखनऊ में भी अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल और जिला अध्यक्ष इरम रिजवी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वास्थ्य भवन चौराहा कैसरबाग में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इस बीच कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी भी हुई। विनय पटेल ने विरोध प्रदर्शन के दौरान कहा कि योगी सरकार 27000 शराब की दुकानें खोलकर 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करने जा रही है, जबकि सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 4 सालों में 42 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा छोड़ी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 1 साल में यूपी में 8 लाख बच्चों ने सरकारी स्कूलों की शिक्षा छोड़ दी, अकेले अलीगढ़ में ही 58000 बच्चों ने सरकारी स्कूल की शिक्षा छोड़ दी। उन्होंने कहा कि 26000 स्कूल पहले ही बंद हो चुके हैं और अब 27000 स्कूल बंद हो रहे हैं, इस फैसले से लगभग 1 लाख 35000 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति, 27000 प्रधानाध्यापको की नियुक्ति और हजारों की संख्या में शिक्षामित्र की नियुक्ति भी प्रभावित होगी। जिला अध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि जनता सरकार को इसीलिए चुनती है कि सरकार जनता की बेहतरी के लिए काम करें, उनकी समस्याओं को सुलझाएं। लेकिन योगी आदित्यनाथ की सरकार समस्याओं को सुलझाने की बजाय बच्चों के स्कूलों को ही ख़त्म करने में लगी है। सरकार तर्क दे रही है कि बच्चे कम आ रहे हैं, सवाल यह है कि बच्चों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी किसकी है? आरटीई एक्ट में लिखा है कि 1 किलोमीटर के दायरे में स्कूल होना चाहिए और अगर आबादी को देखते हुए वहां स्कूल खोला गया है, तो उसे बंद करने का क्या कारण है? उन्होंने कहा कि आरटीई एक्ट के अनुसार 6 से 14 साल तक की उम्र के बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है, इसके उलट 27000 सरकारी स्कूलों को बंद करके प्रदेश की सरकार शिक्षा के अधिकार का खुला उल्लंघन कर रही है। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से प्रिंस सोनी, महेंद्र सिंह, दिनेश पटेल, नीलम यादव,प्रीतपाल सिंह सलूजा, तुषार श्रीवास्तव, ललित वाल्मीकि, माजिद, प्रियंका श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, जसमीत कौर, अनिल जैन, अंकित परिहार, इस्मा जहीर, पंकज यादव सहित तमाम लोग शामिल हुए।

# ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली का वीडियो वायरल

**टोल प्लाजा संचालक और आरटीओ पर मिलीभगत के आरोप**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। हरी टोल प्लाजा पर ओवरलोड ट्रकों से अवैध वसूली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि प्राइवेट व्यक्तियों के माध्यम से ट्रकों से खुलेआम पैसे वसूले जा रहे हैं। इस मामले में टोल प्लाजा संचालक और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के अधिकारियों की मिलीभगत की भी बात सामने आ रही है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, टोल प्लाजा पर लंबे समय से इस तरह की अवैध वसूली का खेल चल रहा है। ओवरलोडिंग रोकने के नाम पर ट्रक चालकों से मोटी रकम ली जाती है, जबकि ऐसे मामलों में प्रशासन की सख्ती अपेक्षित होती है।हरी टोल प्लाजा पहले भी वसूली को लेकर विवादों में रहा है, लेकिन अब ताजा वीडियो के सामने आने के बाद प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। फिलहाल जिला प्रशासन और परिवहन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।पूरा मामला बारा थाना क्षेत्र का है।स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## काकोरी में 18 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त



**लखनऊ।** एलडीए ने राजधानी में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को काकोरी क्षेत्र के ग्राम-समदा में बड़ी कार्रवाई की है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-3 की टीम ने लगभग 18 बीघा क्षेत्रफल में फैली दो अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि पहली अवैध कॉलोनी लखन कुमार, वीरू व अन्य द्वारा लगभग 8 बीघा क्षेत्र में विकसित की जा रही थी जबकि दूसरी कॉलोनी मनोज रावत व अन्य द्वारा 10 बीघा क्षेत्र में बसाई जा रही थी। दोनों स्थानों पर प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। एलडीए ने इन मामलों में पहले ही विहित न्यायालय में वाद योजित कर ध्वस्तीकरण आदेश प्राप्त कर लिए थे। इन आदेशों के चलते बुधवार को प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने प्राधिकरण पुलिस बल के सहयोग से दोनों अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चलवाया। कार्रवाई के दौरान निजी विकासकर्ताओं द्वारा बनाई गई सड़कें, नालियाँ, बाउंड्रीवॉल और अन्य निर्माण पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए गए।

## दयालपुर में करंट की चपेट में आकर किसान की दुधारू गाय की मौत



**निगोहां, लखनऊ।** निगोहां थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव में मंगलवार को करंट की चपेट में आकर एक किसान की दुधारू गाय की मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब किसान श्यामलाल रावत की गाय खेत की ओर जा रही थी और रास्ते में ट्रांसफॉर्मर से जुड़े स्टे वायर को छू बैठी, जिसमें करंट दौड़ रहा था।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रांसफॉर्मर के पास लगा स्टे वायर काफी समय से क्षतिग्रस्त था और उसमें करंट उतर रहा था, जिसकी जानकारी कई बार बिजली विभाग को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार की सुबह लगभग 8 बजे श्यामलाल रावत की गाय उस तार के संपर्क में आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गाय की मौके पर ही मौत हो जाने से किसान श्यामलाल और उनके परिवार में दुख का माहौल है, क्योंकि वह गाय उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख साधन थी। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।गांव के लोगों ने बिजली विभाग से मांग की है कि गांव में जर्जर तारों और ट्रांसफॉर्मर के आसपास सुरक्षा उपायों को तुरंत प्रभाव से लागू किया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं स्थानीय प्रशासन और बिजली विभाग की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पीड़ित किसान को जल्द मुआवजा नहीं मिला और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## एलडीए नहीं बढ़ाएगा सम्पत्तियों का सेक्टर रेट

**लखनऊ।** एलडीए ने शहरवासियों को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की है कि वह अपनी सम्पत्तियों का सेक्टर रेट नहीं बढ़ाएगा। इससे उन लोगों को सीधा लाभ मिलेगा जो एलडीए की संपत्तियों या फ्लैटों की खरीद की योजना बना रहे हैं। गौरतलब है कि लखनऊ जिला प्रशासन द्वारा वर्ष 2015 के बाद अब डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिसके लागू होने पर शहर की कई कालोनियों में सम्पत्तियों के मूल्य में बढ़ोतरी होगी। लेकिन एलडीए ने स्पष्ट किया है कि इस बढ़ोतरी का कोई असर एलडीए की सम्पत्तियों पर नहीं पड़ेगा, क्योंकि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण द्वारा तय आरक्षित सेक्टर रेट के आधार पर ही किया जाता है। एलडीए की विभिन्न योजनाओं में निर्मित अपार्टमेंट्स की कीमतें भी स्थिर रहेंगी। प्राधिकरण बोर्ड के निर्णय के अनुसार, 'पहले आओ-पहले पाओ' योजना के अंतर्गत विक्रय किए जा रहे फ्लैटों की दरें एक वर्ष के लिए फ्रीज की गई हैं। ऐसे में डीएम सर्किल रेट में संशोधन होने के बावजूद इन फ्लैटों की कीमतों में कोई इजाफा नहीं होगा। एलडीए की नवसृजित अनंत नगर आवासीय योजना के भूखंडों की कीमतें भी पूर्व निर्धारित सेक्टर रेट के अनुसार ही रहेंगी। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इन भूखंडों के आवंटन में भी डीएम सर्किल रेट में प्रस्तावित बढ़ोत्तरी का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। एलडीए के इस निर्णय से उन लोगों को बड़ी राहत मिली है जो घर या भूखंड खरीदने की योजना बना रहे हैं। इससे बाजार में मूल्य स्थिरता बनी रहेगी और लोग बिना अतिरिक्त आर्थिक बोझ के संपत्ति खरीद सकेंगे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का मनाया गया जन्मदिन



**लखनऊ।** उत्तर विधानसभा के भाजपा उत्तर मंडल 4 के अध्यक्ष श्रीमान शैलेन्द्र मौर्य एवं मंडल उपाध्यक्ष श्रीमान दिनेश पाल का जन्मदिन कार्यकर्ताओ द्वारा बहुत धूमधाम से मनाया गया, कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष एवं मंडल उपाध्यक्ष को अंग वस्त्र पहनाकर एवं उपहार देकर सम्मानित किया इस शुभ अवसर पर मंडल महामन्त्री नम्रता सिंह श्रीनेत, मंडल मंत्री राहुल मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष विनोद अवस्थी, विशंभर प्रधान, श्रेया निगम, सुनीत तिवारी, गौरव अवस्थी, आदित्य गौड़, मूलचन्द्र मिश्रा, नैमिष पांडेय सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शुभकामनाएं देने के लिए उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष श्रीमान शैलेन्द्र मौर्य एवं मण्डल उपाध्यक्ष श्रीमान दिनेश पाल ने सभी शुभकामनाएँ देने वालो का आभार प्रकट किया.

## राज्यपाल ने राजभवन में की शैक्षिक योजनाओं एवं नवाचार संबंधी समीक्षा बैठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन, लखनऊ में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ के सहयुक्त राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, गोण्डा, मिर्ज़ापुर तथा प्रतापगढ़ की कार्यप्रगति, निर्माण, पठन-पाठन, शैक्षिक योजनाओं एवं नवाचार संबंधी समीक्षा बैठक संपन्न हुई।राज्यपाल ने समीक्षा बैठक के दौरान नवगठित राजकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के निर्माण कार्यों में विद्यार्थियों की मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा कि इन महाविद्यालयों में रसोईघर (किचन) बड़ा एवं व्यवस्थित होना चाहिए, जहाँ राशन भंडारण, बेसिन, वॉशिंग एरिया आदि की समुचित व्यवस्था हो। उन्होंने कक्षाओं में ऐसे प्लेटफार्म बनाए जाने पर बल दिया, जिन पर खड़े होकर शिक्षक सुविधा से अध्यापन कार्य कर सकें।राज्यपाल ने वृक्षारोपण को अनिवार्य बताते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक महाविद्यालय परिसर में नीम एवं पीपल जैसे पौधों का रोपण किया जाए।

# तहसीलदार की मनमानी से वादकारी फरियादी परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव, प्रयागराज। तहसीलदार कोरांव विनय कुमार बरनवाल के कार्यकाल में वादकारियों और फरियादियों में असंतोष देखा जा रहा है। आरोप है कि वे धारा 34, 35, 67 और 222 बी के मामलों की पत्रावलियों का निस्तारण समय से नहीं कर रहे हैं और बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं कर रहे - तहसीलदार विनय कुमार बरनवाल पर सामाजिक कार्यकर्ता पंडित महेंद्र प्रसाद शुक्ला का आरोप है कि वे अपने कार्यालय में नहीं बैठते और ज्यादातर अपने आवास पर बुलाकर सौदेबाजी करते हैं क्षेत्र में भ्रमण नहीं करने और वादकारियों के साथ असहयोगात्मक व्यवहार करते है इससे पहले वाले तहसीलदार की कार्यशैली की तुलना में वर्तमान तहसीलदार की कार्यशैली को ठीक नहीं माना जा रहा है।वादकारी और फरियादी तहसीलदार के व्यवहार और कार्यशैली से असंतुष्ट हैं और चाहते हैं कि वे अपने कार्यालय में नियमित रूप से बैठें और मामलों का निस्तारण समय से करें। साथ ही, वे तहसीलदार से क्षेत्र में भ्रमण करने और वादकारियों के साथ सहयोगात्मक व्यवहार करने की भी मांग कर रहे हैं।

# लोहिया संस्थान के 26 विभागों को मिले 166 नये चिकित्सक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । राजधानी लखनऊ स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के 26 विभागों में 166 नये चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है। नये चिकित्सकों की तैनाती से लोहिया संस्थान में आने वाले मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। नव नियुक्त फैकल्टी सदस्यों में 06 प्रोफ़ेसर,31 एसोसिएट प्रोफ़ेसर और 129 असिस्टेंट प्रोफ़ेसर की नियुक्तियां की गई हैं।लोहिया संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. सी. एम. सिंह ने कहा कि ये नियुक्तियाँ न केवल चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करेंगी बल्कि अनुसंधान की गुणवत्ता को बढ़ावा देने और संपूर्ण रोगी देखभाल को बेहतर बनाने में भी सहायक सिद्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों के साथ, हमने संस्थान में फैकल्टी की संख्या को दोगुने से अधिक कर लिया है, जो उत्तर प्रदेश सरकार की उस दूरदृष्टि के अनुरूप है जिसके तहत प्रदेश की जनता को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएं। फैकल्टी का यह विस्तार संस्थान के शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के साथ-साथ रोगी केंद्रित तृतीयक देखभाल के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी सशक्त करता है।इन विभागों में की गई हैं नियुक्तियांएनेस्थीसिया, एनाटॉमी, बायोकैमिस्ट्री, कार्डियोवैस्कुलर एंड थोरासिक सर्जरी (एठ्ठद्ब्ह्), कार्डियोलॉजी, क्लिनिकल हीमैटोलॉजी, कम्युनिटी मेडिसिन, डेंटिस्ट्री, डर्मेटोलॉजी, इमरजेंसी मेडिसिन, एंडोक्राइन सर्जरी, एंडोक्रिनोलॉजी, फॉरेंसिक मेडिसिन, जनरल मेडिसिन, जनरल सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, गैस्ट्रोसर्जरी, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, मेडिकल ऑन्कोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, न्यूक्लियर मेडिसिन, प्रसूति एवं स्त्री रोग तथा नेत्र रोग।

# लखनऊ को मिलेगा पहला बायो-डाइवर्सिटी पार्क

**लखनऊ के पर्यावरण संरक्षण और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के पर्यावरण संरक्षण और ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा गोमती नगर में शहर का पहला बायो-डाइवर्सिटी पार्क विकसित किया जा रहा है। यह पार्क सहारा ग्रुप से वापस ली गई 75 एकड़ ग्रीन बेल्ट भूमि पर बनाया जाएगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने सहारा ग्रुप को लीज पर दी गई 75 एकड़ भूमि को वापस ले लिया है। इस जमीन पर कुछ स्थानों पर अवैध अतिक्रमण व कूड़ा डंप मिला था, जिसे हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां दिल्ली के यमुना बायो-डाइवर्सिटी पार्क की तर्ज पर 'गोमती बायो-डाइवर्सिटी पार्क' विकसित किया जाएगा। पार्क के विकास का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाएगा। पहले चरण में दयाल पैराडाइज चौराहे से जनेश्वर मिश्र पार्क (गेट नंबर-5) के बीच लगभग 25 एकड़ क्षेत्र को विकसित किया जाएगा, जिस पर लगभग 14 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके तहत पार्क में बाउंड्रीवॉल, प्रवेश द्वार, पार्किंग, कार्यालय भवन, पाथ-वे, किड्स प्ले-एरिया और वॉच टॉवर का निर्माण किया जाएगा। बायो-डाइवर्सिटी पार्क को इस तरह विकसित किया जाएगा कि यह देसी और प्रवासी पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास बन सके। इसके लिए पार्क में वॉटर बॉडी, घास व झाड़ियाँ, और छायादार पेड़ लगाए जाएंगे, ताकि पक्षियों को हर मौसम में पर्याप्त भोजन और सुरक्षित वातावरण मिल सके। इसके अलावा, एक फलदार बाग, मेडिसिनल गार्डन और बटरफ्लाई गार्डन भी तैयार किए जाएंगे, जिससे जैविक विविधता को बढ़ावा मिलेगा और छोटे जीवों का भी प्राकृतिक विकास हो सके। एलडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि गोमती नदी के बेसिन क्षेत्र में पाई जाने वाली पौधों की विलुप्तप्राय प्रजातियों को चिन्हित कर इस पार्क में संरक्षित किया जाएगा। यह पहल शहर के पारंपरिक वनस्पति वैभव को संरक्षित रखने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। पार्क के भीतर एक नेचुरल इंटरप्रिटेशन सेंटर (गत्रप्) भी बनाया जाएगा। इस सेंटर में फील्ड बायोलॉजिस्ट की तैनाती की जाएगी जो स्कूल-कॉलेज के छात्रों को पौधों, पक्षियों, कीट-पतंगों और जीव-जंतुओं की जानकारी देंगे। इससे यह पार्क न केवल ईको-टूरिज्म का केंद्र बनेगा, बल्कि शैक्षिक दृष्टिकोण से भी उपयोगी साबित होगा। एलडीए द्वारा पार्क के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और कार्यदायी संस्था का चयन भी कर लिया गया है। जुलाई माह के भीतर विकास कार्यों की शुरुआत कर दी जाएगी। यह बायो-डाइवर्सिटी पार्क लखनऊ वासियों को न केवल एक हराभरा प्राकृतिक स्थल प्रदान करेगा, बल्कि जैव विविधता, पर्यावरणीय संतुलन और शिक्षा के क्षेत्र में भी एक नई दिशा देगा। यह परियोजना लखनऊ के शहरी विकास के साथ-साथ प्रकृति के संरक्षण की एक मिसाल बनकर उभरेगी।

# जिंदा बुजुर्ग को मृत दिखाकर पेंशन बंद करने का मामला

**डीएम के हस्तक्षेप से मिला न्याय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज जनपद के सोरांव तहसील क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में प्रशासनिक लापरवाही का चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां 70 वर्षीय बुजुर्ग बृजलाल को सरकारी अभिलेखों में मृत घोषित कर उनकी वृद्धावस्था पेंशन रोक दी गई थी। पीड़ित बुजुर्ग बीते पांच वर्षों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन कहीं से सुनवाई नहीं हो रही थी।सोशल मीडिया के जरिए लगाई गुहारहिम्मत न हारते हुए पीड़ित बृजलाल ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक वीडियो पोस्ट कर प्रयागराज जिलाधिकारी से न्याय की गुहार लगाई। सोशल मीडिया के जरिए मामला वायरल हुआ तो प्रशासन हरकत में आया।डीएम के आदेश पर चार साल की पेंशन स्वीकृतमामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल जांच के आदेश दिए। जांच में बृजलाल को जीवित पाया गया। इसके बाद डीएम के निर्देश पर पीड़ित को चार वर्षों से बंद वृद्धावस्था पेंशन का भुगतान स्वीकृत किया गया। साथ ही बुजुर्ग की पेंशन पुनः बहाल कर दी गई है।स्थानीय प्रशासन की लापरवाही उजागरइस प्रकरण ने एक बार फिर से स्थानीय प्रशासनिक स्तर पर हो रही अनियमितताओं और लापरवाही को उजागर कर दिया है। पांच वर्षों तक जीवित व्यक्ति को मृत बताकर न केवल उसका हक छीना गया, बल्कि उसे कई सामाजिक और आर्थिक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ा।जिलाधिकारी प्रयागराज ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की गलतियों को रोकने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। दोषी कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# प्रयागराज में संभावित बाढ़ को लेकर प्रशासन हाई अलर्ट, सभी तहसीलों को दिए गए निर्देश

**जलस्तर बढ़ने की आशंका, बाढ़ शरणालयों की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने और समय से सूचना देने का आदेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । शहर में गंगा और यमुना नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि की संभावना के चलते प्रशासन ने संभावित बाढ़ को लेकर सभी तहसीलों को अलर्ट कर दिया है। गंगा नदी फाफामऊ गेज पर 76.80 मीटर और यमुना नदी नैनी गेज पर 75.58 मीटर जलस्तर दर्ज किया गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीता सिंह ने सभी उप जिलाधिकारी और तहसीलदारों को निर्देश दिया है कि अपनी-अपनी तहसीलों में बाढ़ से निपटने की सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर लें। बाढ़ शरणालयों में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग रहने, शौचालय, स्नानागार, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, जनरेटर, मेडिकल सुविधा, कम्युनिटी किचन, सुरक्षा तथा पशुओं के लिए अलग स्थान की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।तहसील अधिकारियों को जलस्तर की नियमित निगरानी करने, प्रतिदिन निरीक्षण कर रिपोर्ट जिला आपदा कार्यालय व व्हाट्सएप नंबर 7524921390 पर भेजने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि विलंब से सूचना भेजने वाले अधिकारियों के खिलाफ सीधे कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ शरणालयों में तैनात कर्मचारियों की सूची तत्काल भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 'सचेत' ऐप सभी अधिकारियों, लेखपालों, ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों के मोबाइल में इंस्टॉल कराने का आदेश भी जारी किया गया है।अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी तैयारियों की सूचना जिला आपदा विशेषज्ञ दीपक चौधरी के मोबाइल नंबर 7524921390 पर भी तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# समाज में महिला सशक्तिकरण को लेकर शक्ति समान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवादाता



लखनऊ। के सहकारिता भवन में स्त्रीत्व फाउंडेशन द्वारा ''शक्ति सम्मान'' कार्यक्रम का सफल आयोजन कबीर जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ इस प्रेरणादायक मंच का उद्देश्य था - समाज में महिला सशक्तिकरण , युवाओं में तकनीकी जागरूकता और सामाजिक नवाचार को नई दिशा देना।कार्यक्रम की संयोजिका एवं आयोजित का प्रिया मिश्रा जी संस्थापक - स्त्रीत्व फाउंडेशन, ने संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन अत्यंत कुशलता एवं संवेदनशीलता से किया। कार्यक्रम के प्रमुख प्रायोजक रहे एजेंट ऑन डिमांड जो कि आगामी ए आई एजेट एक मार्केट के रूप में तकनीकी भविष्य का प्रतिनिधित्व करता है। एजेंट ऑन डिमांड ने इस मंच के माध्यम से यह संकल्प लिया है कि वे युवाओं और समाज के विविध वर्गों को आने वाला तकनीकी परिवर्तनों के लिए जागरूक करेंगे।कार्यक्रम के सह-प्रायोजक केफ्रान ग्रुप ने भी इस पहल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, विशेषकर महिला उद्यमिता और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में प्रयासों को समर्थन देने के उद्देश्य से।कबीर जी महाराज के निर्देशन में चल रहे ''हमारा जनपद, हमारा उत्पाद'', ''युवा जागरण अभियान'', ''भूत शुद्धि केंद्रों की स्थापना'' जैसे सामाजिक अभियानों के क्रम में ''शक्ति सम्मान'' को विशेष स्थान प्राप्त है। उनके अनुसार यदि किसी सामाजिक प्रयोग को जड़ों तक पहुँचाना है, तो वह केवल नारी शक्ति के सहयोग से ही संभव है।'' प्रिया मिश्रा ने कबीर जी महाराज के मार्गदर्शन में इन सभी अभियानों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। उनका उद्देश्य है समाज में नारी शक्ति को बल देना, रोजगार सृजन के नए अवसरों को विकसित करना और युवाओं को जागरूक करना। सम्मान और सहभागिता कार्यक्रम में 100 से अधिक समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों को ''शक्ति सम्मान'' से सम्मानित किया गया। मंच पर उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार साझा किए और कार्यक्रम को नई उचाइयों तक पहुँचाया। कार्यक्रम मे प्रमुख अतिथिगण के रूप मे आनंद द्विवेदी भाजपा महानगर अध्यक्ष, लखनऊ,राहुल राज रस्तोगी भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, अवध प्रांत,पवन सिंह चौहान टी वी एमएलसी, सीतापुर,धीरेंद्र पांडे जिला अध्यक्ष, भारतीय युवा मोर्चा, लखनऊ,संतोष श्रीवास्तव डायरेक्टर, निलांश ग्रुप,ऋषि मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# लखनऊ की ज़मीनी हकीकत: रक्षा मंत्री के संसदीय क्षेत्र में बदहाली

कैनविज टाइम्स संवाददाता





दुबग्गा लखनऊ। जब पूरा देश आधुनिकता और तकनीकी प्रगति की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। तब उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का एक बड़ा हिस्सा आज भी सड़क, नाली और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। यह स्थिति और भी शर्मनाक तब हो जाती है जब यह इलाका देश के रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह के संसदीय क्षेत्र में आता हो।

लखनऊ पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत कन्हैया माधोपुर द्वितीय वार्ड (नगर निगम जोन-6)—जिसमें बरौरा, फरीदीपुर, दुबग्गा, पक्का बाग,बेगरिया, शाहपुर बरौली जैसे मोहल्ले आते हैं—विकास से कोसों दूर हैं। सड़कें जर्जर हैं, नालियां ठप हैं, और बारिश से पहले ही जलभराव शुरू हो जाता है।

**जनप्रतिनिधि नहीं, सिर्फ नाम के लिए मौजूद**

स्थानीय पार्षद गायब हैं, विधायक लापता हैं, और सांसद तक को इस क्षेत्र की सुध लेने की फुर्सत नहीं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि शिकायतें करने पर सिर्फ आश्वासन मिलते हैं, समाधान कभी नहीं।

नगर निगम और महापौर की दोहरी नीति उजागर

नगर निगम लखनऊ की भूमिका इस दुर्दशा में सबसे ज़्यादा सवालों के घेरे में है। नगर आयुक्त का रवैया पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण प्रतीत होता है। उनका ध्यान सिर्फ उन क्षेत्रों पर होता है जहां पहले से विकास हो चुका है या जो वीआईपी इलाकों में आते हैं।

इसी तरह लखनऊ की महापौर सुषमा खड़कवाल की कार्यप्रणाली को लेकर भी जनता में भारी असंतोष है। उनका ध्यान मीडिया या आयोजनों में भाषण देने तक सीमित है। ज़मीनी स्तर पर काम करवाने की दिशा में

## नगर निगम भी बेपरवाह

कोई ठोस पहल नहीं दिखती।

स्थानीय निवासी कहते हैं—

हमारे इलाके को जैसे जानबूझकर विकास की सूची से बाहर रखा गया है। महापौर और नगर निगम का व्यवहार क्षेत्र के साथ सौतेला है।

**'स्वच्छ भारत मिशन' का सच: कीचड़ और बदबू में लिपटी हकीकत**

उत्तर प्रदेश सरकार और नगर निगम मंचों पर 'स्वच्छ भारत मिशन', 'स्मार्ट सिटी', और विकास की योजनाओं का ढोल पीटती है, मगर यहां की सच्चाई इससे कोसों दूर है। कीचड़ और गंदगी के बीच बच्चे स्कूल नहीं जा पाते, बुजुर्ग अस्पताल जाने से डरते हैं, और हर आम नागरिक को हर दिन संघर्ष करना पड़ता है।

**पलायन की कगार पर इलाका**

स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि कई परिवार अब घर बेचकर इस क्षेत्र से पलायन करने की सोच रहे हैं। उनके मुताबिक यह समझने में उन्हें अब देर नहीं लगी कि जिन जनप्रतिनिधियों पर उन्होंने विश्वास किया था, वे सिर्फ चुनाव तक ही उनके साथ थे।

'भगवान भरोसे' है लखनऊ का यह हिस्सा

**जनता का कहना है—**

हमने वोट देकर जिन्हें कुर्सी पर बैठाया, उन्होंने हमारी तरफ़ देखना तक ज़रूरी नहीं समझा। अब विकास की उम्मीद भगवान से ही है।

यह खबर सिर्फ एक क्षेत्र की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की असफलता की कहानी है, जो चुनिंदा इलाकों में विकास दिखाकर पूरे शहर की तस्वीर सुंदर बताने का प्रयास करती है।

## गौरा स्थित बेसिक विद्यालय के शिक्षकों ने स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। परिषदीय विद्यालयों की चहल पहल लौट आई है। गर्मी के अवकाश के बाद नए शिक्षण सत्र की शुरुआत पर पहले दिन विद्यालय पहुंचने वाले बच्चों को रोली चंदन एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही शिक्षकों ने बच्चों पर फूल बरसाए , वहीं दूसरे दिन बुधवार को स्कूल चलो अभियान के तहत शिक्षकों ने आसपास के गांवों में रैली निकाली। मोहनलाल गंज के गौरा स्थित बेसिक विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक रुचि श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी के अवकाश के बाद पहले दिन बच्चों का स्वागत किया गया वहीं दूसरे दिन बच्चों को विद्यालय तक लाने के लिए स्कूल चलो अभियान के तहत आसपास के गांव मे बैनर पोस्टर लेकर भ्रमण किया। इस दौरान शिक्षकों द्वारा अभिभावकों से संपर्क कर विद्यालय में बच्चों को भेजने व नवीन नामांकन पर जोर देते हुए मिलने वाले लाभ से अवगत कराया । इस मौके पर इंचार्ज अध्यापक रुचि श्रीवास्तव , शोभना शुक्ला, रजनी दीक्षित , हेमलता तिवारी , सर्वेश कुमार, अरमाचंद, गीता पटवा , पुष्पलता , कुमुद मिश्रा , नीता वर्मा , दुर्गेश , नंदिनी समेत आरती मौजूद रहीं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार मजदूर की हालत गंभीर, कार खाई में गिरी

**डॉक्टर की तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, पुलिस ने कार सहित चालक को हिरासत में लिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ । निगोहां थाना क्षेत्र के रामपुर गढ़ी जमुनी गांव के पास बुधवार सुबह तेज रफ्तार कार ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार सड़क किनारे खाई में जा गिरी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची निगोहां पुलिस ने घायल को तत्काल सीएचसी भेजा और कार व उसके चालक को कब्जे में लेकर थाने ले गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामपुर गांव निवासी राजू (40) पेशे से मजदूर है। वह बुधवार सुबह अपनी बाइक से निगोहां कस्बा जा रहा था , जैसे ही वह खड़ंजे से होते हुए निगोहां-नगराम मुख्य मार्ग पर पहुँचा, तभी सामने से नगराम की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी , कार लखनऊ के डॉक्टर पंकज वर्मा चला रहे थे, जो अपनी क्लिनिक जा रहे थे। टक्कर लगते ही बाइक सवार राजू सड़क पर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में जा गिरी। इस दुर्घटना में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की जानकारी मिलते ही निगोहां थाना पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई आनंद ने बताया कि घायल मजदूर को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भिजवाया गया है। निगोहां थाना प्रभारी अनुज तिवारी ने बताया कि कार और उसके चालक को थाने लाया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का चलना आम बात है और दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक नियंत्रण की मांग की है।

### नगराम थाना में पदस्थ दरोगा पर हमला करने वाले फरार दो आरोपी गिरफ्तार



नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के बरकत नगर चौराहे के पास बीते सोमवार को पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में बड़ी कार्रवाई नगराम पुलिस ने की है। घटना के दिन उपनिरीक्षक अनुज भाटी हमराह पुलिसकर्मी के साथ नगराम क्षेत्र से लौट रहे थे। रास्ते में करोरा की ओर एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल खड़ी दिखी। संदेह होने पर जब दरोगा ने जानकारी व कागजात मांगे, तो वहां मौजूद युवक उलझने लगे और पुलिस टीम पर फौजदारी पर उतारू हो गए। हमले के बाद एक आरोपी मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया था और दो आरोपी मौके से फरार हो गए थे पूरे मामले की नगराम पुलिस ने तत्काल सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी और फरार दोनों आरोपी राहुल पुत्र राकेश , नरेंद्र पुत्र जयकरण निवासी साहन खेड़ा गांव के रहने वाले है। इनको बुधवार की सुबह करोरा बाजार के पास से गिरफ्तार कर लिया। दोनों को भी न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### नागेन्द्र सिंह चौहान दोबारा जिला सचिव, जिला कांग्रेस कमेटी,लखनऊ नियुक्त



बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के कठवारा गांव निवासी अधिवक्ता नागेंद्र सिंह चौहान को कांग्रेस कमेटी लखनऊ का दोबारा ज़िला सचिव नियुक्त किया गया।इस मौक़े पर अधिवक्ता नागेंद्र सिंह चौहान ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को इतना बड़ा दायित्व देने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व सोनिया गांधी,सांसद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, सांसद प्रियंका गांधी और हम सब के मार्गदर्शक प्रदेश अध्यक्ष अजय राय,अविनाश पाण्डेय एवं पूर्व जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी,जिला अध्यक्ष रुद्रदमन सिंह चौहान सहित कांग्रेस नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी हमे सौंपी है इस जिम्मेदारी को मैं पूरी निष्ठा पूर्वक निर्वाहन करने का पूरा प्रयास करूंगा तथा ज़िला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हू।

### बस की टक्कर से युवक घायल, पिता ने दर्ज कराया मुकदमा

सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में बीते दिनों बस की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक के मामले में घायल के पिता ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। काकोरी के मौंदा निवासी रामखेलावन के मुताबिक उसका बेटा मोहित और भतीजा जय सिंह वर्मा बीती 27 जून को बाइक से बंथरा जा रहे थे। तभी दरोगा खेड़ा के पास तेज रफ्तार बस (यूपी 78 केटी 7098) के चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में सामने से ठोकर मार दी। जिससे बाइक पर पीछे बैठा मोहित बस में टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि जय सिंह को हल्की चोट आई है। वहीं गंभीर हालत में मोहित को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस ने रामखेलावन की तहरीर पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

### मार्ग प्रकाश विभाग की लापरवाही से अंधेरे में डूबे मोहल्ले

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । राजधानी लखनऊ में मार्ग प्रकाश विभाग की लापरवाही के चलते स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की दुर्दशा एक बार फिर उजागर हो गई है। नगर निगम के अधीन कार्यरत ईईएसएल कंपनी की लापरवाही के चलते शहर के कई मोहल्ले अंधेरे में डूबे हुए हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। सरोजिनी नगर वार्ड–द्वितीय से सामने आए ताजा मामले में गणेश नगर, मानस नगर, रुस्तम बिहार, राम नगर, बेहतवा गांव, बदाली खेड़ा, आजाद नगर, श्याम विहार, अवध बिहार, हरिओम नगर, सुनहरा गांव जैसे इलाकों में या तो स्ट्रीट लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं या कई जगह पोल से लाइटें ही गायब हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, महीनों से लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन ईईएसएल कंपनी के कर्मचारी मरम्मत के लिए मौके पर नहीं पहुंचे। इस कारण रात्रिकालीन आवागमन बाधित है और असामाजिक गतिविधियों का खतरा भी बढ़ गया है। वहीं जब इस संबंध में स्थानीय पार्षद राम नरेश रावत से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं कई बार नगर निगम स्थित ईईएसएल कार्यालय पर और साथ ही महापौर व नगर आयुक्त से भी समस्या की शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। पार्षद रावत ने मांग की है कि नगर निगम इस गंभीर समस्या पर तत्काल संज्ञान ले और लापरवाह एजेंसी ईईएसएल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके।

## जलकल विभाग में जनजागरण अभियान शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । बुधवार को उत्तर प्रदेश जलकल कर्मचारी समन्वय समिति के बैनर तले जलकल विभाग लखनऊ में कर्मचारी हितों और भ्रष्टाचार के खिलाफ जनजागरण अभियान की शुरुआत हुई। अभियान का पहला चरण जोन-8 के जलकल विभाग कार्यालय के सामने गेट मीटिंग व कर्मचारी संबोधन के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने विभाग में बढ़ती कर्मचारियों की समस्याओं, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर प्रशासन को घेरा। समन्वय समिति द्वारा पहले ही जलकल महाप्रबंधक को 25 सूत्री मांग पत्र सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। समन्वय समिति ने चेतावनी दी है कि यदि अगले 7 दिनों के भीतर मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो 8 जुलाई 2025 को एक बड़े आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि इस संभावित आंदोलन की पूर्ण जिम्मेदारी जलकल महाप्रबंधक की होगी। इस जनजागरण अभियान में प्रमुख रूप से तूफानी, संतराम, सैयद मुख्तार, नितिन त्रिवेदी, शानू आलम, सोनू धानुक, शैलेश धानुक, हरेश कुमार, संदीप अवस्थी, आकाश कुमार गुप्ता, रुदल राजभर, शिवशंकर भारती, ऋषि कुमार, कल्पना धानुक, आशीष कुमार, दीपक पाल, रणजीत सिंह और मनोज नायक समेत कई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समिति की ओर से बताया गया कि यह जनजागरण अभियान प्रतिदिन लखनऊ के विभिन्न जलकल जोनों में आयोजित किया जाएगा, जब तक कि मांगों पर ठोस कदम नहीं उठाया जाता।

## भाजपा नेता अंशुल निगम ने अपने जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । गोसाईं गंज क्षेत्र के समाजसेवी एवं भाजपा नेता अंशुल निगम ने सुशांत गोल्फ सिटी स्थित श्री दक्षिण मुखी हनुमान जी एवं शिव राधाकृष्ण मंदिर में अपने जन्मदिन पर दर्शन कर समस्त क्षेत्र वासियों एवं अपने परिवार के कल्याणार्थ प्रार्थना की द्य दर्शन के उपरांत मंदिर परिसर में 5 फलदार पौधों का वृक्षारोपण किया द्य जिसमें आम अमरूद एवं शरीफा के पेड़ लगाये गये द्य कार्यक्रम में शिवम निगम, राकेश त्रिवेदी, अमित मिश्रा, रुद्र पांडे एवं मोहित मौर्या जी उपस्थित रहे द्य अंशुल निगम जी ने बताया कि वृक्षारोपण का उद्देश्य ये है कि जो भी श्रद्धालू मंदिर में दर्शन को आए उनको फल के साथ पेड़ों की छाया भी पर्याप्त मिले ।

## बीकेटी तहसील परिसर में ऐक्टू कार्यकर्ताओं ने मांगो को लेकर की नारेबाजी, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी, लखनऊ । 27000 विद्यालयों की बन्दी(कथित मर्जर)के खिलाफ ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स( ऐक्टू) के राज्य व्यापी आवाह्न पर बुधवार को बीकेटी तहसील परिसर में ऐक्टू कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और राज्यपाल को सम्बोधित 04 सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी सतीश चन्द्र त्रिपाठी को सौंपा।जिला मंत्री कुमार मधुसूदन मगन और उत्तर प्रदेश मिड-डे -मील वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला गौतम के नेतृत्व में ऐक्टू कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे बाजी करते हुए तहसील परिसर में जोर प्रदर्शन किया।सभा को संबोधित करते हुए कुमार मधुसूदन मगन ने योगी सरकार की जनविरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि योगी सरकार प्रदेश को बर्बादी की ओर ढकेल रही है। उन्होंने कहा कि एक ओर योगी का बुलडोजर गरीबों , दलितों,मुसलमानों की बस्तियों को ध्वस्त कर रहा है,वहीं दूसरी ओर उनको रोजगार और शिक्षा से बंचित करने के लिए 27000स्कूलों को बन्द करने पर आमादा है जिसे किसी भी क़ीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।कमला गौतम ने कहा कि स्कूलों की बन्दी के चलते न सिर्फ अध्यापकों का रोजगार छिनेगा बल्कि हजारों की संख्या में मिड डे मील वर्कर्स रोजी-रोटी से बंचित हो जाएंगे।उन्होंने कहा कि रसोइया बेहद ही गरीब समाज से आते हैं,उन्हें कर्मचारी घोषित करने की बजाय यह सरकार उनके परिजनों तक को बर्बाद करने पर आमादा है।सरकार अगर लोगों का चैन छीनने का काम करेगी उसे जनता सत्ता से बाहर करने का काम करेगी।सभा को सम्बोधित करते हुए किसान महासभा के जिला संयोजक छोटे लाल रावत ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने की अपील की।कार्यक्रम में निर्माण मजदूर यूनियन के नेता रमेश शर्मा, रामसेवक रावत,सुशीला शर्मा, सावित्री, सपना, रानी, लज्जावती, मनसूरा, दुर्गा, प्रीति, सरोजिनी, राजू आदि लोग सामिल थे।ज्ञापन में विद्यालयों की बन्दी पर रोक लगाने तथा मिड डे मील वर्कर्स की सेवाओं में निरन्तरता रखने की मांग की गई।

## चर्च में मंदिर ने नाम पर भ्रामक प्रचार व धर्मांतरण की हुई पुलिस से शिकायत

**पुलिस ने हटवाया मंदिर के नाम का बोर्ड**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र में स्थित एक चर्च द्वारा मंदिर के नाम पर भ्रामक प्रचार कर हिंदू समाज को गुमराह करने एवं अवैध धर्मातरण कराने के प्रयास की शिकायत पुलिस से को गई है। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल, लखनऊ (ग्रामीण) के जिला सह संयोजक मोहित के अनुसार गोसाईगंज क्षेत्र के शिवलर गांव में स्थित चर्च द्वारा अपने बाहरी बोर्ड पर मंदिर शब्द का प्रयोग कर एवं यीशु मंत्र लिखकर हिंदू समाज को जानबूझकर भ्रमित किया जा रहा है।उनका आरोप है कि चर्च के लोगों के द्वारा भोले-भाले नागरिकों को अवैध रूप से धर्मांतरण की ओर ले जाना का प्रयास किया जा रहा है।जिससे धार्मिक भावनाएं आहत होने के साथ साथ सामाजिक समरसता भी खतरे में पड़ रही है।उन्होंने एक ज्ञापन के द्वारा चर्च स्थल की प्रशासनिक जांच किये जाने और यदि वह चर्च है तो मंदिर का नाम दर्शाकर लोगों को गुमराह करने वालों पर धोखाधड़ी व धार्मिक भावना भड़काने का मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाए।वहीं धर्मातरण की किसी भी प्रक्रिया पर रोक लगाते हुए उसके पीछे कार्यरत व्यक्तियों/संगठनों की जांच की कराए जाने की मांग की है।लगभग डेढ़ दर्जन लोगों के द्वारा हस्ताक्षर किया गया यह ज्ञापन उन्होंने गोसाईगंज पुलिस को देने साथ ही इसकी एक एक प्रति उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश जिलाधिकारी लखनऊ पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को भी भेजी है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि लोगो की शिकायत के बाद पुलिस भेजकर चर्च पर मंदिर के नाम से लगा बोर्ड हटवाया गया है। बाकी मामले की जाँच की जा रही है।

## 01 जुलाई से 15 जुलाई तक चलाया जा रहा स्कूली वाहनों का विशेष चेकिंग अभियान

# दो दिन में 82 स्कूली वाहनों की जॉच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय पहुँचे उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) लखनऊ राधेश्याम ने खुद स्कूली वाहनों की जॉच कर चालकों को दी यातायात नियमों की जानकारी**



परिवहन विभाग, सीतापुर द्वारा 01 से 15 जुलाई 2025 तक चलाये जा रहे स्कूली वाहनों के विशेष चेकिंग अभियान के प्रथम दो दिवस 82 स्कूली वाहनों की जॉच की गयी । बुधवार को खैराबाद स्थित परिवहन कार्यालय पहुँचे उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) लखनऊ राधेश्याम ने खुद स्कूली वाहनों की जॉच कर चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इससे पहले उन्होने परिवहन कार्यालय का निरीक्षण कर सभी आवेदनों को समय से निस्तारित करने के साथ साफ सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। उन्होने राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। आरटीओ (प्रवर्तन) श्री प्रभात पाण्डेय ने ओवरलोडिंग के विरूद्ध की गयी कार्यवाही की जानकारी ली। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर 01 से 15 जुलाई, 2025 तक स्कूली वाहनों की जॉच का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने बताया कि प्रथम दो दिवसों में 82 स्कूली वाहनों के प्रपत्रों की जॉच की गयी, जिनमें खामी मिलने पर 09 स्कूली वाहनों के चालान काटे गये । एआरटीओ (प्रशासन) ने बताया कि जनपद सीतापुर में कुल 678 वाहन विद्यालय वाहन के रूप में दर्ज हैं, जिसमें 619 वाहनों के पास वैध फिटनेस प्रमाण पत्र है जबकि 59 स्कूली वाहन अनफिट है जिन्हे पूर्व में ही परिवहन विभाग द्वारा नोटिस जारी की जा चुकी है। उन्होने कहा कि विद्यालय वाहन के लिये परिवहन विभाग की विशेष गाईड लाइन है जिसके अन्तर्गत ही स्कूली वाहनों का संचालन होगा।

गाइड लाइन के अनुसार स्कूली वाहन का रंग पीला होना चाहिए, वाहन पर विद्यालय का नाम, प्रबन्धक / प्रधानाचार्य का मोबाइल नम्बर, पुलिस द्वारा चालको का चरित्र सत्यापन, चालक के पास वैध लाइसेंस, परिचालक, वाहन का फिटनेस, बीमा, प्रदूषण आदि प्रपत्र वैध होने चाहिए साथ ही वाहन की खिड़कियों पर जाली अथवा रॉड लगी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त वाहन का 80 प्रतिशत भाग पर रेडियम टेप लगा होना चाहिए । उन्होने बताया कि बच्चे देश का भविष्य है इनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होने बताया कि अभियान के तहत विद्यालय वाहनों की जॉच जारी रहेगी। साथ ही चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया जायेगा । विशेष अभियान में यात्री / मालकर अधिकारी एम0 ए0 अहमद आदि शामिल रहे।

# शांति एवं सौहार्द के साथ मनाये जाएं मोहर्रम, कांवड़ यात्रा एवं अन्य त्यौहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । आगामी त्यौहारों/पर्वो पर साम्प्रदायिक सद्भाव, शांति व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस लाइन स्थित महर्षि दधीचि सभागार में बुधवार को जनपदीय पीस कमेटी/शान्ति एवं कानून व्यवस्था संबंधी बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान आगामी पर्वो एवं त्योहारों के संबंध में विभिन्न विभागों द्वारा अभी तक की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। उन्होंने अपेक्षा की कि किसी भी नई परम्परा की शुरुआत न की जाये। ताजिए की ऊंचाई निर्धारित ऊंचाई से अधिक न रखी जाये। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा उपयोगी सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन पर प्रशासन द्वारा गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। सभी उपस्थितजनों ने जनपद में शांति एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने हेतु प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन हेतु पूर्ण तैयारी सुनिश्चित की जाए। ताजिया की ऊंचाई निर्धारित सीमा से अधिक न हो, और डीजे पर केवल धार्मिक भजन/संगीत का ही प्रयोग हो। किसी भी धर्म की आस्था को ठेस पहुंचाने वाले संगीत को न बजाया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि संबंधित अधिकारी डीजे0 संचालकों के साथ बैठक कर नियमों से अवगत करा दें। अधिकारीगण अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। विभिन्न समुदायों के बीच समन्वय एवं संवाद बनाए रखने हेतु अधिकारी सक्रिय भूमिका निभाएं। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सम्बंधित मार्गों को गड्ढा मुक्त किया जाए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता एवं प्रकाश हेतु प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मंदिरों एवं कावड़ मार्गों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सी0सी0टी0वी0 की भी व्यवस्था करने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। घाटों पर चेतावनी बोर्ड के साथ प्रकाश की व्यवस्था, ट्रांसफार्मर के आस-पास सुरक्षात्मक उपाय किये जायें। पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित किये जाये। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि जिले में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। कोई भी कार्य गैर-पारंपरिक या विवादित तरीके से न किया जाए। आयोजकों को चेतावनी देते हुये कहा कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

# ग्राम पंचायत कोडरी में विकास कार्यों की आड़ में जमकर हुआ बंदरबांट

**ठेलिया मरम्मत के नाम पर हजारों का भुगतान, नहीं उठता सचिव का फोन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर/खैराबाद। विकासखंड खैराबाद की ग्राम पंचायत कोडरी में सरकारी योजनाओं जमकर प्रधान व सचिव द्वारा चूना लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत में ठेलिया मरम्मत, जन चौपाल , विभिन्न स्थानों पर मिट्टी पटाई , हैण्डपम्प मरम्मत , हैण्डपम्प रिबोर , तालाब भरवाई, दवा छिड़काव , प्राथमिक विद्यालय में टाइलीकरण , जूनियर विद्यालय में टाइलीकरण जैसे कार्य शामिल हैं। जब कि जमीनी हकीकत तो कुछ और ही बयां करती है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कोडरी में पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान द्वारा मिलीभगत कर भुगतान की प्रक्रिया अपनाई गई है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ठेलिया मरम्मत के नाम पर दिनांक 12 जून 2024 को लगभग 8500 रुपयों का भुगतान व ग्राम पंचायत में साफ सफाई हेतु ठेलिया मरम्मत के नाम पर दिनांक 13 सितम्बर 2014 को लगभग 8500 रुपयों का भुगतान कराया गया यही नही हैंडपम्प रिबोर के नाम पर दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को लगभग 29500 रुपयों का भुगतान कराया गया व पुनः हैंडपम्प रिबोर के नाम पर दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को लगभग 29500 रुपये व पुनः उसी मद में दिनांक 04 अक्टूबर 2024 को 29500 रुपयों का भुगतान कराया गया जिनमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है। यही नही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यो में जमकर फर्जी हाजरी लगाई जा रही ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मनरेगा के तहत लग रही फर्जी में प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक की मिलीभगत से आपस मे बंदरबाँट किया जाता है । ग्रामीणों का कहना है कि गांव की मूलभूत सुविधाएं आज भी अधूरी पड़ी हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यह सिर्फ सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं, बल्कि गांव के विकास के साथ किया गया छल है।

# खैराबाद के लाल ने प्रदेश का नाम किया रोशन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



खैराबाद। अवध की कमिश्नरी रहे ऐतिहासिक कस्बा खैराबाद का इतिहास भी काफी ऐतिहासिक है यहां पर डॉक्टर महेश मेहरे तथा डॉक्टर बी एन टंडन दोनों को पद्मश्री पुरस्कार उनके विशिष्ट कार्य के योगदान के उपलक्ष में मिला था वही यहां के सपूतों ने 1857 के गदर में पूरे देश में खैराबाद का नाम रोशन किया था खैराबाद के मोहल्ला हटौरा निवासी डाकखाने से सेवानिवृत कर्मी दिवंगत कृष्ण चंद्र शर्मा के पौत्र वैभव शर्मा को एमएससी नर्सिंग में गोल्ड मेडल 30जून 2025को गोरखपुर एम्स उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उन्हें गोल्ड मेडल देकर के सम्मानित किया इनके पिता डॉक्टर मृदुल शर्मा तथा माता किरण शर्मा है। वैभव शर्मा की नियुक्ति चार माह पूर्व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में आईएमएस नर्सिंग अधिकारी के पद पर हुई है उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा परिवार के लोगों को दिया है उनका कहना है कि उनके परिवार में अधिकांश लोग चिकित्सक है इसीलिए नर्सिंग के क्षेत्र में जाने का उनका फैसला रहा उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि नर्सिंग केवल महिलाओं के लिए नहीं है इसमें पुरुषों की संवेदनशीलता मरीज को एक नया जीवन देगी उन्होंने बताया कि उनकी इस सफलता में उनके दिवंगत बाबा एडवोकेट रामचंद्र शर्मा तथा नालंदा पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉक्टर विनीत शर्मा का विशेष योगदान है। तथा उन्हे जो कुछ भी हासिल हुआ है उनकी उम्मीद से काफी ज्यादा है। वैभव शर्मा को राष्ट्रपति के द्वारा गोल्ड मेडल मिलने पर पूरे खैराबाद में खुशी की लहर है पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त श्रीमती गुड्डी शर्मा डॉक्टर विनीत शर्मा अलका शर्मा अमित शर्मा राखी शर्मा योग्य शर्मा तथा अविका शर्मा, पूर्णिमा मिश्रा अर्जिता मिश्रा पुनीत सिंह प्रधानाचार्य संतराम आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करके डॉक्टर वैभव शर्मा को बधाई दी है।

## जिलाधिकारी ने बट्सगंज स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सीतापुर नगर क्षेत्र के मोहल्ला बट्सगंज स्थित कान्हा गोशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने गोशाला में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आदि के साथ गोवंश के लिए चारे की उपलब्धता को भी देखा। उन्होंने गर्मी से बचाव हेतु गोशाला में किए गए प्रबंध का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मानकों के अनुरूप समस्त व्यवस्थाएं उपलब्ध करायी जाये तथा पशुओं को समुचित पौष्टिक हरा चारा, स्वच्छ पेयजल तथा चिकित्सा आदि की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाये।

जिलाधिकारी ने गोशाला में नगर पालिका सीतापुर एवं वरिष्ठ समाजसेवी अनूप खेतान के सहयोग से पशुओं के लिए फल एवं सब्जी के भंडारे का विधिवत गौपूजन कर शुभारम्भ भी किया। उन्होंने पशुओं को हरी सब्जी, फल आदि भी खिलाया।

जिलाधिकारी ने कहा कि गौसेवा अत्यंत पुण्य का कार्य है और समाज के लोगों को इसमें आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने आज के आयोजन में सहयोग देने हेतु धन्यवाद देते हुए सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं भी दी तथा भविष्य में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा इसमें सहयोग से गौशालाओं में और अधिक बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु भी निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।

## अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही के निर्देश

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही/शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देश के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री आलोक सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह के नेतृत्व में थाना रामकोट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 182/25 धारा 103/5(2) बीएनएस की विवेचना व प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर नामजद अभियुक्तों 1. छोटे सिंह उर्फ बाबा पुत्र स्व0 गया सिंह निवासी ग्राम बरातपुर थाना महोली जनपद सीतापुर 2. शरीफ गद्दी उर्फ तेरहखाना पुत्र स्व0 शहजादे निवासी ग्राम अमीरपुर मजरा महेबा थाना महोली जनपद सीतापुर 3. नीरज भार्गव पुत्र स्व0 चिरंजू निवासी ग्राम अमीरपुर थाना महोली जनपद सीतापुर को ग्राम खैरेपारा मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। सुशीला सिंह पत्नी देशराज सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी इलसिया ग्रन्ट थाना रामकोट सीतापुर को 26.06.25 की रात्रि में 3-4 लोगों द्वारा मारा-पीटा था जिससे उनकी मृत्यु हो गयी थी । प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 182/25 103/5(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तगणों का अंतर्गत धारा 103/5(2) बीएनएस चालान माननीय न्यायालय किया जा रहा है। जनपद में अपराध एवम् अपराधियों के विरुद्ध निरंतर एवम् प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार चलती रहेगी।

## विद्यालय की बैरिकेडिंग से बच्ची का फूटा सर

**निघासन खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नए सत्र के शरुआत मे ही छात्रा की जान जाते जाते बची। प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन में स्कूल के छत का मलवा अचानक एक मासूम बच्ची पर गिर गया। जिससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। अध्यापकों ने परिजनों को अवगत कराया तो परिजन बच्ची को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। पूरा मामला प्राथमिक विद्यालय सिंगाही भेडौरा द्वितीय का है। जहां मासूम बच्ची रोज की तरह पढ़ाई करने के लिए स्कूल पहुंची थी। स्कूल में पढ़ाई चल रही थी लंच के समय अध्यापकों की लापरवाही के कारण बच्ची जर्जर भवन में खेलने के लिये गयीं, तभी स्कूल की छत से मलवा मासूम बच्ची देवांशी के ऊपर गिर गया। जिससे मासूम बच्ची का सर फूट गया। घटना के दौरान स्कूल के अन्य बच्चे व अध्यापक ने बच्ची को बाहर निकाल कर परिजनों को अवगत कराया। परिजनों ने बच्ची को अस्पताल पहुंचा कर उसका उपचार कराया।

## नकली सोने के सिक्के बेचने आए दो युवक, एक मौके से फरार, दूसरा पुलिस की गिरफ्त में

**मैगलगंज खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चौकी औरंगाबाद के बाजार में उस समय हड़कंप मच गया जब नकली सोने के सिक्के बेचने के इरादे से पहुंचे दो युवकों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया, जबकि दूसरा मौका पाकर फरार हो गया। घटना स्थानीय अंकुर सोनी ज्वैलर्स की दुकान की है, जहां दोनों युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे और दुकान स्वामी को सोने जैसे दिखने वाले सिक्के दिखाए। ज्वैलर्स की अनुभवी नजरों ने तुरंत अंदाजा लगा लिया कि सिक्के असली नहीं हैं। जब ज्वैलर्स ने पूछा कि और कितने सिक्के हैं, तो युवकों ने दावा किया कि उनके पास करीब दो किलो सिक्के हैं। संदेह होने पर ज्वैलर्स ने बताया कि ये सिक्के पीतल के हैं और नकली प्रतीत हो रहे हैं। इसी बीच बात बढ़ने लगी और दुकान पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गुलशेर बताया, लेकिन पता पूछने पर वह कभी मोहम्मदी, तो कभी पिहानी बताने लगा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर चौकी ले गई। ग्रामीणों ने बताया कि दूसरा युवक भी उसके साथ था जो भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि पकड़े गए युवक से पूछताछ की जा रही है और फरार आरोपी की तलाश जारी।

## गैर पंजीकृत क्लीनिक कर रहा मरीजों की जान से खिलवाड़, अवैध रूप से संचालित हो रहा सुफियान क्लीनिक

**लखीमपुर खीरी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले मे लगातार चल रहे अवैध क्लीनिक की भरमार से गरीबों की जिंदगी कितनी सस्ती हो गई है इसका सबसे बड़ा उदाहरण औरंगाबाद में संचालित सुफियान क्लीनिक है। यह गैर पंजीकृत क्लीनिक बरसों से न केवल स्वास्थ्य विभाग की आंखों में धूल झोंक रहा है, बल्कि दर्जनों गरीबों की जान के साथ खिलवाड़ करता है। दिखावे के लिए तो यह क्लीनिक है लेकिन यहां पर मरीज के ड्रिप भी चढ़ती हुई देखी जा सकती है,जबकि यह क्लीनिक पूर्व मे सीज भी हों चुका है। जिम्मेदारो झोलाछापों पर हंटर चल रहा है,फिर भी सुफियान क्लीनिक अभी तक अछूता रहा और जिम्मेदारों के सानिध्य मे खुद को बचा कर रखा है।

जिला प्रशाशन के निर्देश पर स्थानीय जिम्मेदारो द्वारा टीम बना कर झोलाछापो पर छापेमारी कि गयी,लेकिन सुफियान क्लिनिक का नाम आते ही जिम्मेदारो कि रीढ़ टूट जाती है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे इस अवैध क्लिनिक के दरवाजे पर जिम्मेदार अधिकारी भी घुटने टेक देते हैं। सूत्र बताते है कि सुफियान क्लिनिक का डॉक्टर अपने आप को किसी बड़े सफ़ेदपोस का जानकर बताता है। यही वजह है की इस अवैध क्लिनिक व डॉक्टर कि बिना डिग्री के ही क्लिनिक का संचालन हो रहा है। इस डॉ सुफियान के क्लिनिक पर पूर्व जिम्मेदारो द्वारा सीज कि कार्यवाही भी कि जा चुकी है,बाबजूद उसके पड़ोस कि दुकान मे संचालित हो गया डॉ. सुफियान का अवैध क्लिनिक। सबाल यह उठता है,जो डॉ. सुफियान क्लीनिक का नाम आते ही जिम्मेदार चुप क्यों बैठ जाते है।

# दो दिन में बच्चों तक पहुंचे सारी किताबें : सीडीओ

**सीडीओ ने किया कक्षा 1 से 3 तक की किताबों का सत्यापन, लापरवाही पर सख्ती के संकेत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी जिलेभर में संचालित परिषदीय विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक की कक्षाओं की पाठ्य पुस्तको का बुधवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने अफसरों की टीम संग सत्यापन किया। उन्होंने किताबों का भौतिक सत्यापन कर वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। सीडीओ ने स्पष्ट कहा कि अगले दो दिनों के भीतर सभी विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों का वितरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि बच्चों के पठन-पाठन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि अगर पुस्तकों की सप्लाई समयबद्ध रूप से नहीं हुई तो जवाबदेही तय की जाएगी। सीडीओ ने कहा कि शैक्षणिक सत्र की सुचारू शुरुआत के लिए किताबों की समय से आपूर्ति आवश्यक है। उन्होंने बीएसए को निर्देशित किया कि वितरण के उपरांत उसकी रिपोर्ट भी उपलब्ध कराई जाए। सत्यापन के दौरान उपायुक्त उद्योग उज्जवल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी और डीपीआरओ विशाल सिंह भी मौजूद रहे। अधिकारियों की टीम ने गोदाम से लेकर विद्यालय तक पुस्तक वितरण की प्रक्रिया का जायजा लिया।

# नगर निगम के जनता के किये वादे धरे के धरे रह गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले के पलिया नगर में सोमवार देर रात से जारी मूसलाधार बारिश ने नगर पालिका प्रशासन की तैयारियों की पूरी पोल खोलकर रख दी है। नगर के प्रमुख मोहल्ले – इकराम नगर, महिगिरान, रंगरेजान समेत अनेक क्षेत्रों में जलभराव और नालियों के ओवरफ्लो होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सड़कों से लेकर गलियों और लोगों के घरों-दुकानों तक नालियों का गंदा पानी भर गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी आसिफ हुसैन, रहमान, मोहम्मद अली और कई दुकानदारों ने बताया कि बारिश शुरू होते ही नगर के कई हिस्सों में पानी भर गया। उन्होंने नगर पालिका के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया। नगर वासियों का कहना है कि नई सड़कों का निर्माण ऊंचाई पर किया गया है, जिससे पुराने मकान सड़क स्तर से नीचे हो गए हैं और पानी सीधे घरों में भर रहा है। वहीं, नगर में जल निकासी के लिए पूर्व में बनाए गए तालाबों और खंतियों पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिए गए हैं, जिन पर अब तक प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने पूर्व में ही सभी नगरीय क्षेत्रों के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया था कि बारिश से पूर्व नालों की सफाई और जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके बावजूद पलिया नगर पालिका प्रशासन इन निर्देशों पर अमल करने में विफल रहा, जिससे पहली ही बारिश में नगर जलमग्न हो गया है। नगर वासियों ने प्रशासन से तत्काल प्रभाव से सफाई अभियान तेज करने, जल निकासी की व्यवस्था बहाल करने और अतिक्रमण हटाने की मांग की।

# खाद की कमी बनी गंभीर समस्या, किसान परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी। निघासन तहसील क्षेत्र में खाद की कमी एक गंभीर समस्या बन गई है, जिससे किसानों को धान और गन्ने जैसी फसलों में खाद डालाने में देरी हो रही है। इस समस्या के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान का डर है, और उनकी फसलों की गुणवत्ता और उपज पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

निघासन तहसील क्षेत्र में किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे फसलों में धान व गन्ने की फसलों में खाद डालनें को लेकर देरी हो रही है,कई किसान खाद की तलाश में सरकारी समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। कुछ स्थानों पर, किसानों को खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है, और कुछ मामलों में, खाद की कालाबाजारी की भी खबरें हैं। तहसील क्षेत्र के आसपास क्षेत्रों में, किसान डीएपी और यूरिया जैसे आवश्यक उर्वरकों की कमी से जूझ रहे हैं। इस कमी के कारण, धान गन्ने की फसलों में खाद डालाने में देरी हो रही है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान का डर है। कुछ किसानों का कहना है कि उन्हें खाद की एक बोरी के लिए घंटों लाइन में लगना पड़ता है, और फिर भी खाली हाथ लौटना पड़ता है,कुछ सहकारी समितियों के सचिवों पर खाद वितरण में अनियमितता बरतने का आरोप भी लगाया जा रहा है, जिसमें कुछ किसानों को एक से अधिक बोरियां दी जा रही हैं, जबकि अन्य को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि कुछ जगहों पर, खाद की कालाबाजारी भी हो रही है, जिससे किसानों को अधिक कीमतों पर खाद खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।।

जसपाल सिंह पल्ला किसान नेता, बख्शीश सिंह, बाके लाल चौहान,नरेंद्र सिंह भदौरिया सहित ने कहा कि उच्च अधिकारियों से खाद की किल्लत को लेकर बात की है लेकिन अधिकारियों के द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है, सरकारी समिति में जिन किसानों ने कर्ज से खाद ली है उन्हें कुछ खाद मिली हैं शेष किसान खाद के लिए दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हैं सरकार का फ़ेलियर है,किसानों को खाद भी सरकार उपलब्ध नहीं करा पा रही हैं ,अगर ऐसे ही रहा तो जल्द ही किसान बड़ा आंदोलन करेंगे।।

# स्काउट-गाइड बनेंगे स्वच्छता व प्लास्टिक मुक्ति अभियान के एंबेसडर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। प्रादेशिक मुख्य आयुक्त डॉ. प्रभात कुमार के निर्देशन में भारत स्काउट एंड गाइड की जिला परिषद की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीएम एवं परिषद की अध्यक्ष दुर्गा शक्ति नागपाल ने की। बैठक की शुरुआत स्काउट प्रार्थना के साथ हुई और सभी सदस्यों व स्काउट-गाइड पदाधिकारियों का परिचय कराया गया। इस दौरान उन्होंने वार्षिक कार्यक्रम पत्रिका का विमोचन भी किया। डीएम ने कहा कि भारत स्काउट एंड गाइड केवल एक संगठन नहीं, बल्कि यह बच्चों में नैतिक मूल्यों, सेवा, नेतृत्व और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की नींव रखता है। विद्यालयों में सक्रिय स्काउट गाइड बच्चों के माध्यम से हम जनहित के मुद्दों को सीधे समुदाय तक पहुंचा सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और स्वच्छता जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाने में स्काउट गाइड की भूमिका निर्णायक होगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि स्काउट-गाइड के छात्र अनुशासन, सेवा और नेतृत्व के प्रतीक हैं। उनकी भागीदारी से समाज में जनजागरूकता के अभियान प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकते हैं। बैठक में वर्ष 2024-25 के आय-व्यय अनुमोदन, वार्षिक आयव्यय प्रस्तुतीकरण, वर्ष 2025-26 के प्रशिक्षण व कार्यक्रमों के अनुमोदन समेत कुल 11 एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा और अनुमोदन किया गया। जिला कार्यकारिणी द्वारा पारित प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक का संचालन जिला सचिव डॉ केसी मिश्रा एवं पर्यवेक्षण सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त लखनऊ मंडल पूनम संधू ने किया। पूनम संधू ने बैठक की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त लखनऊ मंडल पूनम संधू, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, स्काउट सचिव केसी मिश्र सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# आनलाइन हाजिरी के विरोध में ग्राम विकास अधिकारियों ने किया धरना-प्रदर्शन

**ग्राम विकास अधिकारियों ने मांग की है कि आनलाइन हाजरी के आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए। क्योकि एक ग्राम विकास अधिकारी के पास सात से 8 ग्राम पंचायत है जिससे उसका कार्य करना काफी मुश्किल हो जाता है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता







रायबरेली। स्थानीय विकासखंड में कार्यरत ग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम विकास अधिकारियों ने सरकार की ऑनलाइन हाजिरी वाली नीति के विरोध में धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। इन कर्मचारियों का कहना था कि वह एक ऐसी सेवा से संबंध है यहां समय की कोई सीमा बंधी हुई नहीं है, आवश्यकता पड़ने पर ग्राम सभाओं में रात्रि कालीन चौपाल का भी आयोजन करना पड़ता है अगर कहीं निर्माण कार्य चल रहा है तो वहां देर तक रुकना पड़ता है ।

एक-एक ग्राम पंचायत अधिकारी व ग्राम विकास अधिकारी के पास चार से लेकर आठ तक ग्राम सभाएं हैं और सभी ग्राम सभाओं में सामजस्य बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी बनती है, कार्य स्थल से ऑनलाइन हाजिरी उन कर्मचारियों के लिए संभव है, जो किसी एक स्थान पर बैठकर नौकरी करते हैं, लेकिन जिन कर्मचारियों की कोई जगह ही स्थापित नहीं है। कितनी टाइम किस ग्राम सभा में उनकी आवश्यकता है यह समय तय करता है इन स्थितियों में यह कर्मचारी ऑनलाइन हाजिरी कैसे दे पाएंगे। कर्मचारियों का यह भी कहना था कि अगर उन पर यह आदेश लादा जाता है तो उन्हें भी यह छूट दी जाए की अन्य कर्मचारियों की भांति वह भी प्रात 10 से लेकर सायं 5 बजे तक ही ड्यूटी करने के लिएबाध्य किया जाए और यदि इस टाइम के अतिरिक्त उनसे सेवाएं ली जाती हैं तो ओवरटाइम अन्य विभागों की भांति इन कर्मचारियों को भी किया जाए। कर्मचारियों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से यह आदेश वापस लिया जाए। इस संदर्भ में खंड विकास अधिकारी शिव बहादुर सिंह से जब वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि सरकारी आदेश है उसका पालन करना ही पड़ेगा परंतु यह निर्विवाद सत्य है की सरकार के इस आदेश के बाद कार्य प्रभावित होगा क्योंकि इस आदेश के परिपालन के पश्चात यह कर्मचारी भी जैसा कि उन्होंने चेतावनी दी है कि वह भी एक निर्धारित समय सीमा के अंदर ही कार्य करेंगे। इससे ग्राम सभाओं का कार्य बाधित होगा और विकास अवरुद्ध होगा। धरने के दौरान भारी संख्या में ग्राम विकास अधिकारी मौजूद थे।

## बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर



रायबरेली। महराजगंज बीती रात हुई मूसलाधार बारिश के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दिखाई दे रही है। बारिश के बाद बुधवार की सुबह से ही पहरेमऊ, चंदापुर, खैरहना, मोहब्बत नगर, बलीपुर, बहादुर नगर आदि गांवों में धान की पौध की रोपाई शुरू हो गई है।किसान सुदामा व सूरज ने बताया कि धान की पौध खेतों में पहले से तैयार हो गई थी। खेत भी जुताई गुडाई के बाद तैयार थे। तेल मंहगा होने के चलते पंप ट्राली से पानी भरना मंहगा पड़ रहा था। इसके चलते कई दिनों किसान आसमान की ओर टकटकी लगाकर देख रहा था। कब इंद्रदेव प्रसन्न हो और बारिश हो इंद्रदेव ने किसानों की भावनाओं को समझा और सुना जिसके चलते मंगलवार की रात क्षेत्र में जमकर बारिश हुई। बुधवार की सुबह से ही खेतों में किसान अपने परिजनों व मजदूरों के साथ धान की रोपाई करते हुए दिखाई दे रहे है। धान की रोपाई करने वाले राजकरन व राकेश ने बताया है कि इन दिनों वह हाथ पर हाथ रखे बैठे थे ऐसे में अब उन्हें पूरे जुलाई के महीने रोजगार मिल जायेगा और गर्मी से भी राहत होगी जिससे खेतों में काम करने में मदद मिलेगी।

## तम्बाकू जांच में बाधा डालने पर 12 पर मुकदमा, सात नामजद



**मीरजापुर** । मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर परिसर में मंगलवार को तंबाकू नियंत्रण विभाग की जांच टीम और पुरोहित समाज के बीच विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मंदिर परिक्रमा पथ पर चेकिंग अभियान के दौरान जांच टीम का विरोध किए जाने व वायरल वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई तेज कर दी गई है।तंबाकू नियंत्रण विभाग के डॉ. राजेश कुमार की तहरीर पर विंध्याचल पुलिस ने सात नामजद सहित कुल 12 लोगों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।आरोप है कि जांच के दौरान पंडा समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष समेत अन्य लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डाली, टीम से अभद्रता की और धक्का-मुक्की की। पुलिस ने इस आधार पर जांच शुरू कर दी है और संबंधित साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंदिर परिसर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

## भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी को तत्काल रिहा किया जाए : राजीव यादव

**लखनऊ।** रिहाई मंच महासचिव राजीव यादव ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे आजाद समाज पार्टी के प्रयागराज जिलाध्यक्ष दिनेश चौधरी की पत्नी कुमुद ने फोन पर बताया कि आज सुबह 5 बजे के करीब खरकौनी नैनी, प्रयागराज से एसटीएफ ने उनके पति को उठा लिया, अब तक उनका कोई अता-पता नहीं चल रहा है। उन्होंने बताया कि देर रात में दिनेश से उनकी बात हुई थी। दिनेश की पत्नी कुमुद ने डीजीपी उत्तर प्रदेश से अपने पति दिनेश चौधरी की सुरक्षा व सकुशल घर वापसी की गुहार लगाई है। डीजीपी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि 29 जून को आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष होने के नाते वह चन्द्रशेखर आजाद के स्वागत में जुटे थे, उनको एयरपोर्ट लेने गए थे। जिसके बाद वह चंद्रशेखर आजाद के साथ पूरे दिन सर्किट हाउस में रहे।

## स्कूल चलो अभियान: पानी में डूबे कंपोजिट विद्यालय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। सरकार जहां विद्यालयों की बेहतरी तथा शिक्षा की गुणवत्ता के लिए लगातार प्रयास कर रही है। छात्रों को पर्याप्त मात्रा में अध्यापक प्राप्त हो सके। इसके लिए कम छात्रों के विद्यालयों को बंद कर उनके अध्यापकों को अधिक छात्र संख्या वाले विद्यालयों में भेजने का प्रयास किया जा रहा है।

वही विकासखंड क्षेत्र की खैरहनी ग्राम सभा में लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित कंपोजिट विद्यालय खैरहनी सरकार के इस अभियान को मुंह चिढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। मौजूदा समय में सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़ी तेजी के साथ वायरल हो रहा है, जिसमें विद्यालय के गेट तक भयंकर जलभराव की स्थिति नजर आ रही है। 1 जुलाई से विद्यालय खुल चुके हैं, अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने का मन भी बना चुके हैं। परंतु खैरहनी स्थित इस विद्यालय की हालत देखकर कौन अभिभावक अपने मासूम बच्चों को विद्यालय भेजने की हिम्मत कर पाएगा। मौजूदा ग्राम प्रधान द्वारा ग्राम सभा के उन कार्यों को लगातार तरजीब दी जा रही है, जिनमें कमीशन बाजी की गुंजाइश रहती है । सरकार द्वारा मनरेगा योजना चलाई जा रही है जिसमें मिट्टी का कार्य ही होता है अगर ग्राम प्रधान द्वारा समय रहते विद्यालय के आसपास स्थित मैदान में मिट्टी डलवा दी गई होती तो विद्यालय की यह दशा ना होती। जब इस वायरल वीडियो के विषय में पड़ताल की गई तो पता चला यह वायरल वीडियो बीते मंगलवार का है। इस संबंध में जब कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता जायसवाल से दूरभाष के माध्यम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बच्चों के विद्यालय आने के प्रथम दिन ही ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। बच्चे जल भराव मे ईटे रखकर विद्यालय तक पहुंचे है, अधिकारियों को इस विषय में जानकारी दे दी गई है, जल्द ही इस समस्या का समाधान होगा। फिलहाल शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी क्या इस समस्या पर नजर डालने का कष्ट करेंगे यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

## कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी आई सामने

**कहा विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य द्वार को बंद रखा जाता है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। महराजगंज विकास क्षेत्र के कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की मनमानी सामने आई है। विद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य द्वार को बंद रखा जाता है और बच्चों को कीचड़ भरे रास्ते से आना-जाना पड़ता है। दर्जनों ग्रामीणों ने स्कूल के भरा बैठकर धारण प्रदर्शन शुरू कर दिया,खंड शिक्षा अधिकारी के आश्वाशन के बाद धरना खत्म हुआ बताते चले कि विकास क्षेत्र के कोटवा मदनिया स्थित कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बाहर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। कोटवा मदनिया गांव के निवासी अनुपम जायसवाल ने बताया कि विद्यालय का मुख्य द्वार वर्षों से बंद है। शिक्षक छात्रों से खेती का काम भी करवाते हैं। इतना ही नहीं, स्कूल की टंकी से दूषित पानी बच्चों को पीना पड़ता है।वही स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इन समस्याओं को लेकर वे कई बार स्कूल गए, लेकिन शिक्षकों का रवैया उचित नहीं रहा। धरने की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव तक पहुंची। मौके पर पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी ने मुख्य द्वार खोलने और कीचड़ वाले रास्ते का गेट बंद करने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल की साफ-सफाई के आदेश भी दिए। अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का मार्ग विस्तार**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी सं. 22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी का मार्ग विस्तार **वाराणसी** तक करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण एवं समय-सारणी निम्नानुसार है:-

**22490/22489 मेरठ सिटी-लखनऊ-मेरठ सिटी वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का वाराणसी तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं. 22490 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 22489 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:35 | मेरठ सिटी | 21:05 | ---- |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद | 18:50 | 18:55 |
| 10:04 | 10:06 | बरेली | 17:13 | 17:15 |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ जं. | 13:40 | 13:50 |
| 15:53 | 15:55 | अयोध्या धाम जं. | 11:40 | 11:42 |
| 18:25 | --- | वाराणसी जं. | --- | 09:10 |

चलने के दिन: 22490 मेरठ सिटी से और 22489 वाराणसी जं. से दिनांक 27.08.2025 से

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

1999/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## मेडिकल कॉलेज : हॉस्टल की बालकनी से गिरकर एमबीबीएस छात्र की मौत

**लखनऊ के चिकित्सक का इकलौता बेटा था सार्थक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



झांसी । नवाबाद थाना क्षेत्र स्थित मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की हॉस्टल की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह लखनऊ का रहने वाला था। उसके पिता रवि खन्ना डॉक्टर हैं, जबकि मां निधि खन्ना स्कूल चलाती हैं। मंगलवार रात वह लखनऊ से झांसी आया था। कमरे में लाइट न होने के कारण वह हॉस्टल में अपने दोस्त के रूम में सोया था।बुधवार सुबह 7.45 बजे छात्र सार्थक खन्ना (22) बालकनी में रेलिंग की तरफ गया, जहां संदिग्ध अवस्था में बालकनी से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सार्थक को मृत घोषित कर दिया। सार्थक खन्ना लखनऊ के निराला नगर का रहने वाला था। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। सार्थक 2022 बैच का स्टूडेंट था। वो पैरामेडिकल कॉलेज में सरदार वल्लभभाई पटेल हॉस्टल के रूम नंबर 58 में रहता था। दोस्तों ने बताया कि सार्थक खन्ना पढ़ने में बहुत इंटेलिजेंट था। उसने पहली बार में ही नीट एग्जाम क्वालीफाई कर लिया था। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने मौका मुआयना किया और उसके दोस्तों से पूरे मामले की जानकारी ली।मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मयंक सिंह ने बताया- ये बहुत ही दुःखद घटना है। छात्र सार्थक पैरामेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रह रहा था। वह रूम नंबर 60 की बालकनी से नीचे गिर गया। सुबह करीब 7.45 बजे छात्रों ने देखा तो वो नीचे गिरा हुआ था। तुरंत इमरजेंसी लाया गया। काफी प्रयास के बाद हम लोग उसे बचा नहीं पाए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## औद्योगिक विकास में ई-गवर्नेंस की मिसाल बना यूपी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार औद्योगिक विकास के क्षेत्र में लगातार नए मानक स्थापित कर रही है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा ई-गवर्नेंस के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में नागरिक सुविधाओं का डिजिटल क्रियान्वयन प्रदेश को 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की दिशा में अग्रणी बना रहा है। निवेश मित्र पोर्टल के जरिये उद्यमियों को अब 37 प्रकार की सेवाएं ऑनलाइन मिल रही हैं। बीते पांच वर्षों में ऑनलाइन आवेदनों की संख्या और उनके त्वरित निस्तारण में लगातार बढ़ोतरी देखी गई है। 2024-25 में कुल 9719 आवेदन निस्तारित किए गए, जो 2020-21 के 6094 आवेदनों की तुलना में लगभग 60 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है।

राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि उद्यमियों की संतुष्टि भी योगी सरकार की नीतियों की सफलता का प्रमाण है। 2024-25 में 'निवेश मित्र' पर प्राप्त फीडबैक के स्तर पर 96.63 प्रतिशत रहा, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय उन्नति है। सरकार ने भूमि आवंटन की प्रक्रिया को भी अधिक पारदर्शी और समयबद्ध बनाया है। अब मेगा इकाइयों को केवल 15 दिनों में भूमि आवंटन किया जा रहा है। वहीं सामान्य ई-नीलामी प्रक्रिया में भी समय सीमा को 30 दिन से घटाकर 15 दिन कर दिया गया है। इसके साथ ही वित्तीय संस्थानों ने दोहरे स्टांप शुल्क से छूट दी है, जिससे निवेशकों का विश्वास और बढ़ा है।

योगी सरकार की मंशा साफ है कि निवेशकों को सरल, पारदर्शी और तकनीक-सक्षम वातावरण देना, ताकि उत्तर प्रदेश जल्द ही भारत का औद्योगिक इंजन बन सके। इसके तहत यूपीसीडा ने तकनीक को पूरी तरह से अपनाते हुए जीआईएस वन मैप पोर्टल के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों का ड्रोन सर्वेक्षण और अतिक्रमित प्लॉट्स की पहचान की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**प्रथम शुद्धि पत्र**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

**निविदा सूचना संख्या 06702025 दिनांक: 17.06.2025**

निविदा सूचना संख्या 06702025 दिनांक 17.06.2025 जो दिनॉक 01.07.2025 को निम्नलिखित कार्य हेतु हिन्दी समाचार पत्र में प्रकाशित हुयी थी। जिसमें निविदा बन्द होने की तिथि 09.07.2025 को 15:00 बजे है, में निविदा बन्द होने की तिथि में संशोधन किया गया है जो निम्नलिखित है:-

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | कार्य का नाम | प्रकाशित निविदा बंद होने की तिथि | संशोधित निविदा बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/Sr. DEN-I/ LKO/ 2025-26 | सहायक मण्डल इंजीनियर/ वर्कशॉप/ आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/ वर्कशॉप/ आलमबाग के खण्ड में पहुंच मार्ग के साथ जीएसडी/ आलमबाग/ लखनऊ के परिसर में स्मार्ट वार्ड और स्वचालित भंडारण और पुनर्प्राप्ति प्रणाली (एएसआरएस) का प्रावधान । | 09.07.2025 | 22.07.2025 |
| 2 | 10/Sr. DEN-I/ LKO/ 2025-26 | सहायक मण्डल इंजीनियर/ वर्कशॉप/ आलमबाग/लखनऊ के अधीन वरि. खण्ड अभियन्ता/कार्य/ वर्कशॉप/ आलमबाग के खण्ड में एसटीसी, बीटीसी, एसटीसी छात्रावास में दीवार प्लास्टर, फर्श, ईटवर्क, छत, पेंटिंग, ओबीडी पुट्टी, सड़क कार्य, नाली कार्य, एल्यूमीनियम कार्य और निराकरण कार्य की भारी मरम्मत । | 09.07.2025 | 22.07.2025 |

अन्य सभी नियम एवं शर्तें प्रकाशित के तदानुसार होगी।

सं.: प्रथम शुद्धिपत्र/06702025/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 दिनांक 01.07.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1992/25


### सभी 75 जिलों में होगा ग्रोथ प्रमोटर व ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का इस्तेमाल, 20% तक बढ़ेगा उत्पादन

# यूपी में गो-आधारित प्राकृतिक खेती को मिलेगी तवज्जो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- **स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को मिलेगा दायित्व**
- **राज्यव्यापी निरीक्षण के आधार पर बनी रणनीति**



लखनऊ। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने और जैविक कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने एक दूरगामी योजना तैयार की है। राज्य के सभी 75 जिलों में जल्द ही ग्रोथ प्रमोटर और ऑर्गेनिक पेस्टिसाइड का उपयोग शुरू किया जाएगा। पंचगव्य आधारित नवाचार को केंद्र में रखते हुए यह अभियान रोजगार, पर्यावरण संरक्षण और कृषि सुधार इन तीनों मोर्चों पर ठोस प्रभाव डालेगा।विशेषज्ञों के अनुसार, इससे फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और उत्पादन में लगभग 20% तक की वृद्धि सम्भावित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गोबर, गोमूत्र, दूध, दही और घी से बने पंचगव्य उत्पादों के उत्पादन और विपणन को लेकर व्यापक योजना तैयार की गई है, जिसका कार्यान्वयन जल्द प्रारम्भ किया जाएगा। इस योजना से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और स्थानीय युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

योजना के अंतर्गत प्रत्येक जिले में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पंचगव्य आधारित उत्पादों के निर्माण, विपणन और प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, किसानों को विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से गो-कृषि से जोड़ा जाएगा, जिससे खेती को रसायन मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि हाल ही में आयोग की ओर से राज्यव्यापी निरीक्षण कर पशुधन घनत्व, उपलब्ध भूमि, जल स्रोतों और गोशालाओं का अध्ययन किया गया। इन तथ्यों के आधार पर पंचगव्य इकाइयों और जैव ऊर्जा सम्भावनाओं का मूल्यांकन करते हुए एक ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसका शीघ्र ही क्रियान्वयन आरम्भ होगा। गो-कृषि प्रशिक्षण के साथ-साथ ग्रोथ प्रमोटर और जैविक खाद के विपणन में स्थानीय युवाओं को जोड़ने की कार्ययोजना बनाई गई है। इससे जहां एक ओर जैविक खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में स्थानीय रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। यह योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि सतत ग्रामीण विकास के लिए भी एक अभिनव मॉडल सिद्ध होगी।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), **उत्तर रेलवे, लखनऊ** द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **22.07.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। **इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें** यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सुचना संख्या | 07802025 दिनांक 30.06.2025 | | |
| निविदा संख्या | 10-Sr.DEN-II-LKO/2025-26 | | |
| कार्य का नाम | सीनियर डीईएन-II/लखनऊ के अधीन एडीईएन/प्रतापगढ़ अनुभाग में स्थित स्टाफ क्वार्टरों, सेवा भवनों, लेवल क्रॉसिंग सड़कों, जलापूर्ति प्रतिष्ठानों एवं पुलों की विविध मरम्मत कार्य हेतु। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 4,49,57,205.02 | धरोहर राशि | ₹ 3,74,800.00 |
| कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 8 माह | निविदा डालने का प्रारम्भ | 08.07.2025 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 22.07.2025 को 15:00 बजे | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

नोट: 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1978/2025

# डंके की चोट पर लूट रहे निजी स्कूल , अभिभावक परेशान, बेपरवाह जिला प्रशासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। निजी स्कूलों को शासन-प्रशासन की तर फ से मिली मनमानी छूट के चलते पढ़ाई का खर्च आसमान छू रहा है।हालत यह है कि क्ला स दो तक के एक बच्चे की पढ़ाई के लिए अभि भावक को जितना एक साल में खर्च करना पड़ रहा है,उतने में केंद्रीय विद्यालय या मॉडल स्कू ल में 12 वीं तक की पढ़ाई पूरी हो जाती है।ले किन गोंडा जिले के कई ऐसे प्राइवेट स्कूल है जिसमे बच्चे की फीस एवं अन्य खर्च जोड़ लिया जाए,तो साल भर का खर्चा करीब साठ से अस्सी हजार रुपए बैठ रहा है।ऐसे स्कूलों प र लगाम लगाने के लिए न तो कोई ठोस पहल की गई न नियम-कानून बनाए गए।

## पाल गारमेंट्स पर जीएसटी में होती है गड़बड़ी

रही है और अपने मनमर्जी से फीस बढ़ाई जा रही है।ना किसी अभिभावक को फीस बढ़ाने की सूचना दी जाती है।जब को ई अभिभावक फीस जमा करने पहुंचता है तब उसे पता चलता है कि विद्यालय की फीस बढ़ गई है।अब अभिभावक बीच सत्र में करे तो क्या करे क्योंकि कॉपी और किताब तो उसने स्कूल में या फिर सेटिंग गेटिंग वाली दुकान से पंद्रह हजार रूपये में खरीद लिया है मरता क्या नहीं करता अब तो उसे मजबूरी में उसी विद्याल य में बच्चों को पढ़ाना है चाहे जितनी भी फीस क्यो न वसूली जाए।




### प्रवेश शुल्क हजारों में

स्कूलों में प्रवेश को लेकर कोई मापदंड नहीं है। स्कूलों ने अपनी मर्जी से प्रवेश शुल्क का निर्धा रण किया है।कक्षा एक में एडमिशन के नाम प र दस हजार रुपए से लेकर पंद्रह हजार रुपए त क फीस ली जा

### दाम-दुकान फिक्स

गोडा जिले में प्राइवेट स्कूलों ने हर चीज के दा म और दुकानें फिक्स कर दी हैं।कॉपी-किताब, तो स्कूल में ही काउंटर लगाकर बिक्री होती है। वह तो वही से मिल जाता है अगर स्कूल में नहीं मिला तो सेटिंग की दुकान पर मनमर्जी रेट पर बेच रहे हैं स्कूल प्रशासन,ड्रेस मटेरियल, जूते-मोजे, बेल्ट से लेकर बैग के लिए पाल गारमेंट्स की दुकान तय हैं। दुकानों में रेट भी तय हैं।अभि भावक शिकायत करें,तो कहा करे मनमानी के स्कूलों पर अंकुश लगाने में जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी नाकाम साबित हो रहे है। गोण्डा जिले में शिक्षा एक व्यापार का एक सब्जी मंडी बन गई है।जैसे सब्जी मंडी में कब भाव कम हो जाए और कब ज्यादा हो जा ए सब्जी मंडी तो ठीक है लेकिन गोंडा का प्राइ वेट स्कूल सब्जी मंडी से भी बदत्तर हो गया है। वही गोण्डा जिला प्रशासन की भी स्कूलों के साथ कहीं न कहीं मिलीभगत उजागर हो रही है।गोंडा जिले क़ेनिजी स्कूल में अगर बच्चे की फीस एडमिशन में अस्सी हजार रुपए देने पड़ेंगे वार्षिक।दूसरे अन्य खर्चों के लिए बैंक में जमा रकम निकालनी पड़ रही है।

### निजी स्कूल में एक बच्चे की पढ़ाई का खर्च

एडमिशन फीस दस हजार से पंद्रह हजार कॉ पी किताब सेट दस हजार से बीस हजार,स्कूल फीस चार हजार से पांच हजार (मासिक) स्कूल यूनिफॉर्म का दाम सुनकर आप हैरान हो जाएंगे छोटे बच्चे का पैंट सात सौ रुपए में,टीशर्ट पांच सौ रूपये में शर्ट पांच सौ रूपये में, बेल्ट तीन सौ बस-ऑटो खर्च दो हजार से 25 सौ रूपये (मासिक),स्टेशनरी खर्च एक हजार से पंद्रह सौ स्कूल बैग एक हजार से दो हजार तक टाई-बेल्ट तीन सौ से छःसौ जूते-मोजे एक हजार से 25 सौ रूपये तक पानी बॉटल चाऱ सौ से छः सौ रूपये तक मिलता है।

### क्या कहना है अभिभावक का

अभिभावकों को स्कूलों की मनमानी से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन को पहल करनी चाहिए।यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं होती है।तो इस की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में होगी।कि ऐसे प्राइवेट स्कूलों पर लगा म लगाई जाए।और अभिभावकों का शोषण ना हो।गोंडा जिले में निजी स्कूल की मनमानी पर अंकुश लगाने में जिला प्रशासन एवं शिक्षा वि भाग के अधिकारी नाकाम हैं।इनकी भी स्कूलों के साथ कहीं न कहीं मिलीभगत उजागर हो र ही है।अगर कोई अभिभावक शिकायत भी कर ता है तो उसकी खानापूर्ति करके उसको भी ठं डे बस्ते में डाल दी जाती है।वही इस प्रकरण की जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक से दूर भाष पर ली गई तो उन्होंने बताया कि जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश से तिल की फसल को हो सकता है नुकसान

हमीरपुर। लगातार बारिश होने से शुरुआत में ही तिल की फसल को झटका लगने की संभावना बलवती हो उठी है। किसानों का मानना है कि लगातार बारिश तिल को नुकसान पहुंचा सकती हैं।पिछले कई दिनों से तकरीबन प्रतिदिन बारिश हो रही है। कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश होने से खेतों में पानी भरने लगा है। इससे तिल की फसल में शुरुआती दौर में ही झटका लगने की संभावना बलवती होने लगी है। बता दे कि जून के आखिरी सप्ताह में किसानों ने अस्सी फ़ीसदी तिल बो दी है। इसकी बुवाई होने के बाद बारिश का क्रम जारी है। प्रतिदिन बारिश होने से किसानों की चिंता बढ़ गई। किसान मानसिंह, प्रदीप कुमार, सुरेश कुमार, उदयभान, इंद्रपाल, नवीन यादव, चंद्रपाल, रामकिशोर आदि ने बताया कि तिल की बुवाई होने के बाद बारिश का क्रम जारी रहने से इस फसल में संकट के बदले मंडराने लगे हैं। लगातार बारिश होने से यह फसल अभी तक ढंग से उगी भी नहीं है। अगर और बारिश होती है तो इसके उगाने की संभावना क्षीण हो जाएगी। बुधवार को कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला ने कहा कि तिल की बुवाई के बाद कम से कम एक सप्ताह बारिश नहीं होनी चाहिए।

# पथराई नदी में डूबने से चाचा-भतीजे की मौत,एक किशोर की सूझबूझ से बची तीसरी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**झांसी।** थाना व कस्बा टोड़ी फतेहपुर नगर के मध्य बहने वाली पथराई नदी में बुधवार दोपहर को एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक ही परिवार के चाचा और भतीजे की नदी में डूबने से मौत हो गई। हालांकि एक किशोर की सूझबूझ से नदी में डूब रहे तीसरे व्यक्ति को बचाया जा सका।यह हादसा नगर के नजरगंज मुहल्ला निवासी घासीराम पाल (45) और उनके भतीजे अर्जुन (15) के साथ हुआ, जो खेत पर भेड़ चराने गए थे। उनके साथ अर्जुन का बड़ा भाई राहुल (17) भी मौजूद था। घटना उस वक्त हुई जब दोपहर करीब 1 बजे भेड़ों के साथ गई एक भैंस नदी पार चली गई। भैंस को वापस लाने के लिए अर्जुन नदी में उतरा, लेकिन गहरे पानी में बने गड्ढे में फंसकर डूबने लगा। अर्जुन को डूबता देख उसके चाचा घासीराम और भाई राहुल भी उसे बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। मगर नदी में जलस्तर अधिक होने और गहराई का अंदाज़ा न होने के कारण घासीराम और अर्जुन दोनों पानी में समा गए। इसी दौरान वहीं पास में खेत पर मौजूद भोला कुशवाहा (14) ने शोर सुनकर स्थिति को भांपा और बिना समय गंवाए नदी में कूद गया। उसने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए राहुल को डूबने से बचा लिया, लेकिन घासीराम और अर्जुन को नहीं खोज सका।मृतक घासीराम की शादी नही हुई थी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े।सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अतुल कुमार राजपूत मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे और तत्काल गोताखोरों को बुलवाया। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने दोनों शवों को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी टहरौली गौरव आर्या, नायब तहसीलदार रूवी वर्मा, व राजस्व निरीक्षक अरविंद सिंह भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए दुख जताया और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की अपील की। उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नदी किनारे बसे लोगों एवं चरवाहों को जलभराव और नदी के खतरों के प्रति जागरूक किए जाने हेतु एक बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाए। मृतकों के घर में कोहराम मचा हुआ है और क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं किशोर भोला कुशवाहा की बहादुरी की हर ओर सराहना हो रही है, जिसने एक जान बचाकर साहस की मिसाल पेश की।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ यांत्रिक कारखाना मंडल के मंडल अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के सेवानिवृत पर दी गयी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ यांत्रिक कारखाना मंडल के मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर और उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी को दिनांक 30 जून को सेवानिवृत होने पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष/ जोनल सेक्रेटरी एन एफ आई आर नई दिल्ली श्री रमेश मिश्रा के द्वारा और महामंत्री, सहायक महामंत्री एन एफ आई आर नई दिल्ली विनोद राय के द्वारा क्रमशः माला और अंग वस्त्र (साल ) पहना कर जोरदार और भव्य स्वागत किया गया तदुपरांत पूरे पदाधिकारी और कर्मचारी मंडल अध्यक्ष ईश्वर चंद्र विद्यासागर के आवास पर जाकर पहुंचाने का कार्य किया और तदउपरान्त पूरे पदाधिकारी के साथ उपाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी के आवास पर पहुंचाने का कार्य किया और उन दोनों पदाधिकारीयो के उज्जवल भविष्य की कामना किया इस अवसर पर मंडल मंत्री यांत्रिक कारखाना कुलदीप मणि त्रिपाठी, दीपक चौधरी, फिरोज़ उल हक,जयप्रकाश सिंह, लक्ष्मी नारायण श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव,शमशाद अहमद, अंशुमाल पाठक, अनिल गौतम, अजय गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अनिल गौतम इज्जत नगर, राजकुमार गुप्ता,अखिलेश तिवारी,नूर ए आलम, शुभम, एसके खरे, दीपक प्रजापति, अजय त्रिपाठी, वीरेंद्र शर्मा, इसरार अली, अशोक शर्मा, कृष्णवान शर्मा, विनेश राय, विवेक श्रीवास्तव, कैलाश राजभर, फरहान खान, अरविंद सिंह, मनोज शुक्ला, राजकुमार सिंह, रमेश श्रीवास्तव, नवनीत शर्मा, राजू रावत, संदीप मिश्रा, सौमित्र शेखर सिंह,अरविंद,अखिलेश, गणेश अभिषेक शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव, शेख मोहम्मद शब्बीर, विशाल मौर्य, अनुराग मिश्रा, अविनाश राय, इत्यादि लोग उपस्थित थे ।



# पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, दो महीने बाद मिला खोया हुआ मोबाइल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। कोतवाली मनकापुर प्रभारी निरीक्षक व सीसीटीएनएस अनुज कुमार यादव के निरंतर पर्यवेक्षक के चलते करीब दो महीने पूर्व खोई मोबाइल पीड़ित को वापस मिली है।जिसके बाद पीड़ित ने खुशी जाहिर करते हुए तहे दिल से मनकापुर पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।मिली जानकारी अनुसार विगत आठ अप्रैल 2025 को पीड़ित सुशांत तिवारी की मोबाइल बाजार से घर आते समय अंधियारी-जिगना मा र्ग पर रास्ते में कहीं गुम हो गई थी।जिसको ले कर सुशांत ने मनकापुर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर मोबाइल से खुजवाने के साथ उचित कार्यवाही करने की गुहार लगाई थी।मामले मेंकोतवाली मनकापुर प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाठक ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए स ख्त कार्यवाही के क्रम में थाने के सीसी टीएन एस पद पर कार्यरत अनुज यादव को मोबाइल खोजने का दायित्व सौंपते हुए सॉफ्टवेयर,टेक्नि कल प्रयासों के तहत शीघ्र बरामद करने का नि र्देश दिया था।जिसके क्रम में अनुज यादव के निरंतर प्रयास व अभ्यस्त कार्यशैली की वजह से पीड़ित की वीवो मोबाइल इलेक्ट्रॉनिक साब क्ष्य के माध्यम से पता चला कि धुसवा गांव के विजय राज पुरवा में लोकेशन ट्रेस हो रहा है। जिसके बात तुरंत मोबाइल को बरामद करते हुए पीड़ित के सुपुर्द कर दिया गया।वहीं अपनी खोई हुई मोबाइल पाकर सुशांत के चेहरे पर मुस्कान चमक उठी तथा मनकापुर पुलिस समेत सीसी टी एन एस कर्मी अनुज के कार्य शैली से प्रभावित होकर धन्यवाद व्यापित कि या है।इसके साथ ही प्रभारी निरीक्षक ने पुष्टि करते हुए बताया कि विभाग द्वारा व्यवस्थित इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से हम लोग पुलिस अधी क्षक तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में हर एक पीड़ित के मोबाइल को खोजने में शीघ्र कार्यवाही करते हुए सुपुर्द करने का प्रयास कर ते हैं,जिसके क्रम में मनकापुर में खोई मोबाइल बरामद करके सुपुर्द किया गया है।

## एकीकृत बागवानी मिशन के तहत किसान कर सकते है विभिन्न प्रकार की खेतीः उद्यान अधिकारी


कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि कृषकों को औद्यानिक विकास की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु प्रदेश सरकार उद्यान विभाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के स्थान पर एकीकृत बागवानी मिशन (एमआईडीएच) का संचालन किया जायेगा। एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत फल, शाकभाजी, पुष्प, मसाला क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम, मशरूम उत्पादन, औषधीय एवं सगन्ध पौध रोपण कार्यक्रम, एकीकृत कीट प्रबन्धन एवं जैविक खेती कार्यक्रम, फसल तुड़ाई उपरान्त प्रबन्धन कार्यक्रम, बागवानी में मशीनीकरण कार्यक्रम के साथ-साथ अन्य प्रोजेक्ट आधारित कार्यक्रम सम्मिलित किये गये हैं। पंजीकरण हेतु किसान भाई, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी, पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नम्बर की सहायता से उद्यान विभाग के पोर्टल डीबीटी डाट यूपीहर्टीकल्चर डाट काम पर पंजीकरण स्वयं, जनसेवा केन्द्र व कार्यालय से कर सकते है।

# बेलसर खंड विकास अधिकारी की मेहरबानी से मरगूबपुर, व पूरेडाल में मनरेगा में भ्रष्टाचार

### थड़क्की पट्टी, निहालपुर, और जबरनगर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मनरेगा योजना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिले के बेलसर विकास खंड में जिम्मे दारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि एक ही फोटो अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।इतना बड़ा खेल होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और बीडीओ,प्रधान व एपीओ समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं कर्मचारी मनरेगा योजना को चूना लगाने में लगे हुए हैं।केन्द्र व प्रदेश सरकार मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके, परन्तु जिले के बेलसर विकास खंड की ग्राम पंचायत मरगूबपुर, पूरेडाल, थड़क्की पट्टी, निहालपुर, जबरनगर के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मज दूर कार्य करते दिखाई दिए।इतना ही नहीं, हद तो यह है कि एक ही फोटो को बार-बार कई मस्टर रोल में अपलोड किया गया है।फर्जी म स्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है,बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं, बाकी मजदूर कागजों में दिखाई देते हैं। ग्रामी णों के अनुसार, प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डलवा दिया गया है और उनके नाम पर भुग तान भी होता रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के कार्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी। ग्राम पंचायत पूरेडाल में 65, थड़की पट्टी में 47 निहालपुर में 42,मरगूबपुर में 150,जबर नगर में 99,और सिसई ग्राम पंचायत में 36 श्रमिकों का मस्टर रोल कागजों पर दौड़ रहा है जबकि सच्चाई पैरों तले से जमीन खिसकाने वाली है।

## सेवानिवृत्त होने पर गन्ना पर्वेक्षक को दी विदाई



जरवल, बहराइच। सेवानिवृत्त गन्ना पर्वेक्षक रिजवान अहमद को गन्ना विकास परिषद कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया।गन्ना विकास परिषद में तैनात गन्ना पर्वेक्षक रिजवान अहमद 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए।वहीं गन्ना पर्वेक्षक रामा?श्रय जैसल का स्थानांतरण जौनपुर जनपद के लिए हो गया है।गन्ना विकास परिषद कार्यालय में ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक राजेश विश्वकर्मा, सहकारी गन्ना विकास समिति जरवलरोड सचिव पी.एन.पाण्डेय समेत सहयोगी कर्मचारियों ने सेवाकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हुए गन्ना पर्वेक्षक रिजवान अहमद को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।अंगवस्त्र व उपहार भेंटकर शेष जीवन सुखमय होने की कामना की गई।

जौनपुर के लिए स्थानांतरित कर्मचारी रामाश्रय जैसल को भी फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार सिंह,सतीश वर्मा, सुजीत कुमार,प्रकाश पाण्डेय ,परमेश्वर यादव,राजेश सिह,राजेश पाण्डेय,अंकित, बाबा सिंह समेत मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम के जन्मदिन पर बाँटे फल किया वृक्षारोपण

### पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बच्चों को फल का वितरण कर बृक्षरोपण करते हुए सपा नेता प्रदीप यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कैसरगंज, बहराइच। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव प्रदीप यादव एडवोकेट द्वारा विधानसभा कैंसरगंज मे धूमधाम से मनाया जन्मदिन, सपा नेता प्रदीप यादव ने विधानसभा कैंसरगंज के ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर 3 में अपने तमाम समर्थको व समाजवादी कार्यकर्त्ताओं के साथ मिल पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण किया व अन्य कार्यकर्ताओं ने भी बृक्षरोपण किया।सपा नेता प्रदीप यादव के संरक्षकत्व वाली दया फाउंडेशन के द्वारा स्थानीय लोगों को फल एवं पौष्टिक आहार का भी वितरण किया। एक कार्यक्रम के माध्यम से सपा जिला महासचिव के द्वारा गांव में ही आम के पेड़ रोपड़ करके उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस कार्यक्रम मनाया गया। प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से भी एक एक पेंड़ लगाने की अपील की जिससे पर्यावरण हरा भरा बना रहे, इस अवसर पर गंगाराम यादव, रामनरेश यादव, विश्वपाल यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# नवागत औषधि औषधि निरीक्षक से मिला एबीपीए का प्रतिनिधिमंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिए शन के पदाधिकारी ने कमिश्नरी में नवागत औ षधि निरीक्षक सुमित वर्मा को पुष्प गुच्छ देकर शिष्टाचार मुलाकात की है।संगठन के जिला अ ध्यक्ष हरिओम सिंह के नेतृत्व में संगठन के अ न्य पदाधिकारीयों ने औषधि निरीक्षक से मुला कात कर फार्मासिस्ट के समस्याओं से अवगत कराया तथा फार्मासिस्ट के औषधि लाइसेंस प्रा प्त करने और नवीनीकरण में आ रही दिक्कतों के बारे में जानकारी दी है।गौरव पांडे ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि बिना पंजीकरण के चल रहे मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की जाएगी साथ ही दवा की गुणवत्ता की भी जांच की जाएगी ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कश्यप ने बताया की औषधि निरीक्षक ने फार्मासिस्टों की समस्त समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है इस क्रम में अनुपम कुमार पाठक,मुकेश कुमार, अभिषेक सोनी,अमित मिश्रा,हिमांशु तिवारी अर्जुन शर्मा,राहुल कुमार गुप्ता,राजकमल अन्य फार्मासिस्ट साथी मौजूद रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में महापौर ने किया वृक्षारोपण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चरगांवा,गोरखपुर। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चरगांवा परिसर में गोरखपुर के महापौर डॉ0मंगलेश श्रीवास्तव द्वारा वृक्षा रोपण कार्य किया गया । वृक्षा रोपण कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार चौधरी, स्वास्थ्यशिक्षा अधिकारी मनोज कुमार डॉ0 अमरनाथ तिवारी,खुशबू गुप्ता ,डॉक्टर मनोज कुमार मिश्रा आदि उपस्थित रहें।

# जनपद के बार्डर पर स्थित उर्वरक की दुकानों का निरीक्षण किया जाय : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसान बंधुओं को समय से उर्वरक उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी व ओवररेटिंग रोकने के उद्देश्य से सहकारिता, कृषि, पीसीएफ, इफको, नाबार्ड तथा जनपद के समस्त थोक, फुटकर उर्वरक विक्रेताओं के साथ जिला उर्वरक समिति की बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी संजय चौहान ने सर्वप्रथम एआर कोऑपरेटिव से उर्वरक वितरण के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी ली तथा किसानों को उर्वरकों का समय से वितरण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन जिन समितियों पर ज्यादा उर्वरक की बिक्री होती है उनको चिन्हित कर लें और वहां पर पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं, कहीं पर भी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा



निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर उर्वरक ना बेंचा जाए यदि किसी समिति पर खाद खत्म हो जाए तो तत्काल दूसरी समिति से खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाय जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही जनपद को जैसे ही उर्वरक की रैक प्राप्त हो उसे तत्काल समितियों पर भेजें। उन्होंने सहकारिता व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उर्वरक बिक्री केंद्रों का लगातार निरीक्षण करते रहे जहां पर भी उर्वरक की कमी सामने आए तो तत्काल दूसरी समिति के माध्यम से वहां पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं साथ ही समय से उर्वरक की डिमांड भेजें जिससे जनपद को उर्वरक की रैक समय से प्राप्त हो सके। उन्होंने एआर कोऑपरेटिव व जिला कृषि अधिकारी को जनपद के बॉर्डर की दुकानों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए पता कहा कि कहीं पर भी उर्वरकों की

**जिला उर्वरक समिति की बैठक में डीएम ने कालाबाजारी न होने का निर्देश दिया**

कालाबाजारी ना होने पाए और ना ही निर्धारित दर से अधिक दरों पर बिक्री की जाय। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी जोत के आधार पर उर्वरक दिया जाए जिससे सभी किसान बंधुओं को आसानी से उर्वरक मिल सके। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को उर्वरक देते समय अन्य किसी भी प्रकार का उर्वरक देने की बाध्यता ना रखी जाए किसान जो उर्वरक की मांग करें उसे वही उर्वरक दिया जाय। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, एआर कोऑपरेटिव अरविंद यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व थोक/फुटकर उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय का हुआ विलय भड़के प्रधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव मथना जप्ती में परिषदीय स्कूल के विलय के विरोध में बुधवार को अभिभावकों ने प्रदर्शन कर डीएम को शिकायती पत्र दिया है।उन्होंने अपने बच्चों को दूसरे स्कूल में न भेजने की चेतावनी दी प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती का विलय प्राथमिक विद्यालय रानीगंज में किया गया है। इस आदेश का विरोध दर्ज करते हुए। स्कूल सड़क के समीप स्थित है। पूरा क्षेत्र जंगल का है। जिससे जंगली जानवरों बाध का खतरा हर समय रहता है। प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती जंगल किनारे बसे गाँव पुरैनीदीप नगर से भी बच्चे पंजीकृत है। जो कि पहले ही दो किलोमीट पैदल चलकर आते हैं। उनके लिए तो प्राथमिक विद्यालय रानीगंज लगभग 4 किलोमीटर पड़ जायेगा 6 से 7 साल का बच्चा 4 किलोमीटर पैदल चलकर कैसे वहाँ तक पहुंचेगा। और इन सब बच्चों के लिए प्राथमिक विद्यालय मथना जप्ती सबसे सुलभ शिक्षा केन्द्र हैं।और इसके साथ ही लोक सभा एवं विधान सभा के तीनों पोलिंग बूथ भी मथना



**अभिभावक नेता डीएम ज्ञानेंद्र सिंह से मिलकर की शिकायत विलय के आदेश को वापस करने की करी मांग**

जप्ती मे ही है परिषदीय स्कूलों के विलय का विरोध शुरू हो गया है। अभिभावकों ने बच्चों की शिक्षा बंद कराने की बात कही मथना जप्ती में प्रधान व ग्रामवासियों ने सरकारी विद्यालयों के विलय के विरोध में आवाज उठाई है। बुद्धवार को उन्होंने जिलाधिकारी को एक पत्र सौंपा।और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश भर में बड़ी संख्या में सरकारी प्राथमिक विद्यालयों को एकतरफा तरीके से बंद किया जा रहा है। और कहा कि यह निर्णय न केवल शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है। बल्कि गरीब,दलित,पिछड़े और ग्रामीण तबकों के बच्चों के भविष्य के साथ भी खुला खिलवाड़ है। शिक्षा के अधिकार से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार से विलय नीति को तत्काल वापस लेने की मांग की है। डीएम से मिलने वालों में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान भारत लाल, पूर्व प्रधान बलविंदर सिंह,चोखेलाल, रोजगार सेवक ओमप्रकाश, विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष मीरा देवी, उपाध्यक्ष सुरेश बाबू,भारतीय किसान यूनियन से डॉक्टर बलजीत सिंह,गुरदीप सिंह गोगी सहित केसरी लाल, सुशील कुमार, करुणा देवी ,महेंद्र कौर सहित अन्य अभिभावक मौजूद रहे हैं।

# भाजपा नगर टीम का नगर पालिका में चेयरमैन ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की नवगठित टीम का नगर पालिका परिषद कार्यालय में अभिनंदन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट करके सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का अभिनंदन किया।नगर पालिका परिषद कार्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह में बोलते हुए पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने कहा कि भाजपा नगर मंडल की टीम में नवनियुक्त सभी पदाधिकारी पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता रहे हैं। सभी पदाधिकारी की सक्रियता से नगर में पार्टी के प्रचार प्रसार को और मजबूती मिलेगी। जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि सभी पदाधिकारी सेक्टर में संयोजक बनाए जाएंगे। अब सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जिससे कि बूथ लेवल और पन्ना प्रमुख तक पार्टी को



मजबूती मिलेगी।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश सिंह चौहान, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, नितिन सक्सेना, शोभित गुप्ता, अवतार सिंह मोनू, देव प्रकाश, मंडल महामंत्री पीयूष अग्रवाल, मंडल मंत्री जगन्नाथ लोधी, सुरेंद्र कुमार, अमन बाबू वाल्मीकि, दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आरती कश्यप, नगर सोशल मीडिया प्रभारी विवेक शुक्ला, भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी विपिन मिश्रा, सभासद साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, राशिद हुसैन, निर्मल सिंह टीटू, विकास बाबू , विपिन कुमार राजू फौजी, रईस अहमद, अवतार सिंह मोनू आदि मौजूद रहे।

# थाना जामों में स्थापित की गई जनपद की पहली महिला सहायता चौकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त करने एवं उनकी समस्याओं शिकायतों के निस्तारण तथा उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज शासन के निर्देश पर जनपद अमेठी के थाना जामों में जनपद की पहली महिला सहायता चौकी की स्थापना की गई। जिसका उदघाटन आज जिलाधिकारी संजय चौहान व पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि महिला सहायता चौकी की स्थापना से अब एक ही छत के नीचे महिलाओं/बालिकाओं की शिकायतों के निस्तारण के साथ ही उन्हें शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए महिला सहायता चौकी पर पुलिस के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों जो महिला कल्याण विभाग से जुड़े हैं उनकी उपस्थिति भी सप्ताह में एक दिन सुनिश्चित कराई जाएगी, जिससे



महिलाओं/बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उन्हें आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि इस चौकी की स्थापना से अब महिलाएं अपनी बात खुलकर कह सकेंगी, पुलिस चौकी पर सभी स्टाफ महिला होंगे, इससे महिलाओं को अपनी बात कहने में हिचकीचाहट नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आप अपने परिवार व समाज में किसी प्रकार का मतभेद हो तो सबसे पहले पुलिस की मदद लें, जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी महिलाओं से आवाह्न किया कि आप लोग इस महिला सहायता चौकी के बारे में अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं को जागरूक करें जिससे जो पीड़ित महिलाएं हैं वह अपनी समस्या इस चौकी पर दर्ज करा सके जिससे उनका निस्तारण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि यह पहल निश्चित ही महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी, आने वाले समय में इससे बहुत ही सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि गत दिनों जनपद में डीजीपी महोदय के भ्रमण के दौरान उनके द्वारा निर्देश दिए गए कि जनपद में एक ऐसी जगह बनाई जाए जहां पर महिलाएं अपनी बात खुलकर कह सके उसी के क्रम में आज थाना जामों में जनपद की पहली महिला सहायता चौकी की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी घर परिवार व समाज में महिलाओं में आपस में मनमुटाव हो जाता है इन छोटे-छोटे विवादों का निस्तारण इस महिला सहायता चौकी के माध्यम से किया जाएगा। इस महिला सहायता चौकी के माध्यम से महिलाओं को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें सोशल मीडिया से अपने आप को कैसे सुरक्षित रखें उसके बारे में भी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो महिलाएं घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य किसी मामले में प्रताड़ित हैं उनकी समस्या का भी समाधान इस महिला सहायता चौकी के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि महिला सहायता चौकी पर दूरभाष नंबर- 7839856505 के माध्यम से भी महिलाएं/बालिकाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं। पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि आपके क्षेत्र में कोई ऐसी महिला है जो पीड़ित है तो उसको इस महिला सहायता चौकी के बारे में जानकारी दें जिससे पीड़ित महिलाएं आकर अपनी शिकायत दर्ज करा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने बाढ़ से बचाव की तैयारियों के सम्बन्ध में बाढ़ खण्ड एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में बाढ़ के दृष्टिगत बाढ़ खण्ड एवं सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व जेई के साथ बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्यक्षेत्रों की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने कहा कि नहर के टूटने पर अथवा अन्य कोई घटना होने पर त्वरित कार्यवाही की जाये व आबादी वाले स्थानों के निकट बहने वाली नदी, नहरों के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाए जाए तथा खतरे वाले स्थानों पर लाल झण्डी लगाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि नहर में नहाने पर रोक लगाए जाने के सम्बन्ध में बोर्ड पर वैधानिक कार्यवाही सम्बन्धी सूचना अंकित की जाए। शहर में बाढ़ का पानी किसी भी दशा में न भरने पाए,ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए

**बाढ़ कंट्रोलरूम 24 घंटे क्रियाशील रखने के दिए निर्देश**

**शहर में बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए तैयार किया जाये प्रोजेक्ट : जिलाधिकारी**

प्रोजेक्ट तैयार किया जाए। उन्होंने कन्ट्रोलरूम 24 घन्टे क्रियाशील रखने के निर्देश दिए, कोई दुर्घटना होने पर कन्ट्रोलरूम को तुरन्त सूचना देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जेई, नायब तहसीलदार लगातार ड्यूटी स्थल पर रहें।कोई भी इमरजेंसी होने पर तुरन्त उच्चाधिकारियों को अवगत कराऐं। उन्होंने कहा कि ग्राम स्तर तक सूचनातंत्र को मजबूत रखे,समस्त अधिकारी सम्बन्धित ग्राम प्रधानों के सम्पर्क में रहे।बैठक में अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया, अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, एई, जेई सहित अन्य उपस्थित रहे है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक का किया आयोजन परिषदीय विद्यालयों के विलय का उठा मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। संविधान बचाओ बैठक का विधानसभा के अंतर्गत कलीनगर के रॉयल पैलेस में किया गया हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष कांग्रेस हरप्रीत सिंह चब्बा ने कहा कि आज हम सभी लोग सांसद राहुल गांधी द्वारा उनकी प्रेरणा से प्रेरित भारतीय संविधान को बचाने के लिए यहां इक्कठे हुए हैं। भाजपा सरकार देश में नफरत फैला रही है। इसके साथ हम सभी लोगों धर्म के नाम पर आपस में लड़ा कर देश में तानाशाही बनाकर इस देश को बेचने का काम कर रही है।प्रदेश की योगी सरकार द्वारा 5000 स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया। जिसमें हम गरीबों के बच्चों को शिक्षा ना मिल सके बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने संविधान बनाकर सभी पिछड़ो वंचितों गरीबों दलितों को जो अधिकार दिए



हैं।आज वह अधिकार हमसे भाजपा सरकार सभी शीनने जा रही है।इसलिए आज हम सभी लोग धर्म ऊच नीच के भेदभाव को मिटाकर एक साथ होकर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और अपने संविधान की रक्षा कर सके और देश में कांग्रेस की सरकार बनाकर हम सभी लोग खुशहाल हो सके इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष जाहिद खान,जिला सचिव क्यूम खान उर्फ गुड्डू , नरेश चंद्र शुक्ला,वासुदेव ठाकुर,करनजीत सिंह,मुनेंद्र पल सक्सेना,राजेश वर्मा , किरणपाल सिंह गुरमीत सिंह गीता , जुल्फिकार खान, यूसुफ मालिक, अय्याश खान ,अनवार खान ,बादशाह खान, मुन्ना खान ,शरीफ अहमद, मो पप्पू ,धर्मवीर वर्मा, रामशरण वर्मा, डालचंद वर्मा , रेहान खान , सुलेमान खान,ईश्वर दयाल ,पासवान त्यागीजीत सरोज, महारानी पाल ,शमशाद खान ,डॉ वाहिद खान, मोहम्मद कैफ , ताज मोहम्मद आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।

## मुसाफ़िरखाना पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने एक आपराधिक मामले में फरार चल रहे दो बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मुसाफिरखाना में वांछित मोटरसाइकिल सवार महेश लोनिया पुत्र झिंगुरी लोनिया निवासी सरैया तालुकदार दादरा थाना मुसाफिरखाना व दिलशाद उर्फ दिल्लू पुत्र सुल्तान उर्फ जहीर निवासी वार्ड संख्या दो दयानन्द गली कस्बा व थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया।मोटरसाइकिल के कागजात मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में महेश कुमार के कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में दोनों युवकों ने बताया कि हम दोनों लोग एक जुलाई को राज बैटरी के दुकानदार से अपने खर्च हेतु पैसा लेने गये थे। दुकान पर मौजूद शाह आलम द्वारा पैसा न देने पर हम लोगो द्वारा यही बरामद तमंचा दिखाकर डरा-धमकाकर पैसा मांगा गया था। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों को जेल भेज दिया गया है।

## भाजपा की मंडल कार्यकारिणी हुई गठित, मंत्री ने दी शुभकामनाएं

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। भाजपा की मण्डल कार्यकारिणी घोषित भाजपा प्रदेश संगठन की अनुमति पर मंडल अध्यक्ष अनीता कश्यप की संस्तुति पर कई पदाधिकारी घोषित किए गए हैं।नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में मृदुल कुमार,आकाश मौर्य, यशपाल,संजीव कश्यप, विकासशील, इंद्रपाल शर्मा को मंडल उपाध्यक्ष रवींद्र वर्मा,ऋषि मुनि त्यागी मंडल महामंत्री कुमारी लक्ष्मी श्रीवास्तव,नरेंद्र श्रीवास्तव, हरिओम वर्मा, दुर्गेश कश्यप, राम अवतार राना मंडल मंत्री मिथुन मिश्रा कोषाध्यक्ष मां चरण मौर्य कार्यालय मंत्री नरेंद्र वर्मा आईटी संयोजक सत्य प्रकाश तिवारी मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियो को उत्तर प्रदेश सरकार में गन्ना मंत्री संजय सिंह गंगवार ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि आपका समर्पण और सक्रिय सहभागिता संगठन को नई ऊर्ज़ा और दिशा प्रदान करेगी।

## इन्हौना पुलिस ने तीन शातिर अपराधियों को स्मैक के साथ भेजा जेल

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना इन्हौना पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत पचासी ग्राम स्मैक के साथ तीन शातिर अपराधियो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर आबिद अली पुत्र दोस्त मोहम्मद, जाबिर पुत्र रमजानी, मोहम्मद रईश पुत्र मोहम्मद सरवर निवासीगण ग्राम दिलावलगढ़ मजरे आजादपुर थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में आबिद अली के कब्जे से चालीस ग्राम स्मैक, जाबिर के कब्जे से तीस ग्राम स्मैक व मोहम्मद रईश के कब्जे से पन्द्रह ग्राम स्मैक बरामद हुई है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार तीनों युवक शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद अमेठी के थानों पर गोवध निवारण अधिनियम, यूपी गैंगेस्टर एक्ट व अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये तीनों शातिर अपराधियो के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## स्कूलों में बच्चों को रोली चंदन का टीका लगाकर किया स्वागत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद खुले परिषदीय विद्यालय मंगलवार को बच्चों की आमद से गुलजार नजर आये और परिषदीय विद्यालयों को आकर्षक रंगोली के साथ ही रंग बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया था।खण्ड शिक्षा अधिकारी एआरपी के साथ शिक्षकों द्वारा छात्र छात्राओं को रोली चंदन का टीका लगाकर स्वागत किया गया और नियमित विद्यालय आने का पाठ पढ़ाया गया।जिलाधिकारी के निर्देश पर एक जुलाई को विकास खण्ड तिलोई में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत स्वागत, प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कम्पोजिट विद्यालय सिंहपुर में प्रतिभाग किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों का रोली, चंदन से टीका लगाकर स्वागत किया और बच्चों को नियमित विद्यालय आने का पाठ पढ़ाया।

# राज्य स्वशासीय चिकित्सालय में धूमधाम से मनाया गया डाक्टर्स डे




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्वशासीय चिकित्सा महाविद्यालय में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सुल्तानपुर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सीएमओ सुल्तानपुर डॉ भारत भूषण ने सुल्तानपुर में चिकित्सकों को स्वास्थ्य प्रशासन के साथ सहयोग के लिए आवाहन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सलिल श्रीवास्तव ने स्वास्थ्य सेवाओं के बदलते परिवेश में ऑनलाइन पप्रिस्क्रिप्शन को अपनाने के बारे में जानकारी दी। आईएमए अध्यक्ष डॉ ए के सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और डॉ बी सी रॉय के महान और बहुमुखी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ आशीष ने चिकित्सकों के स्वास्थ को ठीक रखने के कुछ आसान नुस्खे बताए। डॉ जे पी सिंह ने चिकित्सक और चिकित्सकीय संगठनों में एकता के विषय पर उद्बोधन देते हुए कहा कि एकता से ही चिकित्सक अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

इस अवसर पर आईएमए के सचिव डॉ अंकुर सेठ ने सुल्तानपुर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ वी एम के सिन्हा, डॉ इंदिरा सिंहा और डॉ ए सिंह को उनकी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। जिला पुरुष चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ आर के मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। 1जुलाई सीए दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में सुल्तानपुर के चार्टर्ड अकाउंटेंट संतोष सिंह, अनुपम सिंह, सुनील शर्मा और पीयूष टंडन को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 250 चिकित्सक और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्ध जनों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ पवन ने किया।

# वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत वृक्षारोपण का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लंभुआ/सुल्तानपुर। बुधवार को वन महोत्सव के उपलक्ष्य में लंभुआ रेंज अंतर्गत पब्लिक इंटर कॉलेज चौकिया में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा के प्रतिनिधि प्रवीण सिंह मंडल अध्यक्ष द्वारा मालश्री का पौध रोपित किया गया। पब्लिक इंटर कॉलेज के प्राचार्य दिनेश प्रताप सिंह व प्रबंधक सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा मालश्री और अवल का पौधारोपण किया गया, विद्यालय बच्चें व अध्यापक गण मौजूद रहे। डिप्टी रेंजर डीके यादव ने बताया कि वन महोत्सव के अवसर पर 37 मालश्री, महोगनी, अमरुद, साबुन आदि के कुल विभिन्न वृक्ष लगाए गए। कार्यक्रम में लंभुआ रेंज के रेंजर गौरव सिंह, व समस्त स्टाफ मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम के बाद लंभुआ सीएचसी पर बुधवार को जन्में नवजात शिशु के पिता प्रियांशु तिवारी को डिप्टी रेंजर डीके यादव व सीएचसी अधीक्षक के द्वारा ग्रीनगोल्ड सर्टीफिकेट और महोगनी का पौधा भेंट किया।



## लोकतंत्र को मजबूत करने का रास्ता

साल 2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (संविधान का 106वां संशोधन) देश के लोकतांत्रिक ढांचे में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का ऐतिहासिक प्रयास है। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसद आरक्षण सुनिश्चित करता है। इसकी सफलता महज संविधान में दर्ज होने से नहीं होगी। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी होगी। वर्ष 2029 के आम चुनाव में यदि यह आरक्षण प्रभावी होता है, तो यह न केवल भारत के लोकतंत्र के लिए निर्णायक मोड़ होगा, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की दिशा भी तय करेगा। इसके लिए राजनीतिक दलों को अभी से व्यापक और दूरदर्शी कदम उठाने होंगे। भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6% हैं। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9% से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9% ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है समाज की पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। 'सरपंच पति' जैसी प्रथाएं इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं। राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमजोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6% उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी ऽ उन्होंने 13.6% सीटें जीतीं। महिलाओं के सामने आर्थिक संसाधनों की कमी भी एक बड़ी बाधा है। देश में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा है और अधिकांश महिलाएं-खासकर ग्रामीण व पिछड़े वर्गों से-स्वतंत्र रूप से इतने संसाधन नहीं जुटा सकतीं। इसके अलावा, राजनीति का वातावरण भी महिलाओं के लिए असुरक्षित और शत्रुतापूर्ण रहता है। उन्हें ट्रोलिंग, चरित्र हनन, और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका आत्मविश्वास डगमगाता है। राजनीतिक दलों में महिलाओं के लिए मार्गदर्शन, प्रशिक्षित नेतृत्व विकास, और निर्णय लेने वाली इकाइयों में शामिल करने जैसी संस्थागत व्यवस्था भी अकसर अनुपस्थित रहती है। महिला मोर्चा बनाकर उन्हें पार्टी के मुख्य ढांचे से अलग कर दिया जाता है, जिससे वे सत्ता के निर्णायक केंद्रों से दूर रह जाती हैं। 2029 के आरक्षण को सार्थक बनाने के लिए राजनीतिक दलों को अब से ही तैयारी करनी होगी। सबसे पहला कदम है-स्वैच्छिक आंतरिक कोटा। टिकट वितरण में 33% महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता देना केवल आरक्षण की तैयारी नहीं, बल्कि समावेशी लोकतंत्र की दिशा में पहल होगी। ऑस्ट्रेलिया की लेबर पार्टी जैसी मिसालें बताती हैं कि आंतरिक कोटा राजनीति की संस्कृति को सकारात्मक रूप से बदल सकते हैं। दूसरा आवश्यक कदम है-वित्तीय सहायता और संरचित प्रशिक्षण। राजनीतिक दलों को महिला उम्मीदवारों के लिए अलग चुनावी फंड बनाना चाहिए ताकि वे चुनावी खर्च का बोझ उठा सकें। कनाडा का जूडी लामार्श फंड इसका अच्छा उदाहरण है। साथ ही, पंचायतों और नगरपालिकाओं में सक्रिय महिला प्रतिनिधियों को विधानसभा और संसद स्तर के लिए तैयार करने का नेतृत्व कार्यक्रम भी चलाया जाना चाहिए। महिलाओं को पार्टी की कोर कमेटियों, नीति निर्माण इकाइयों और प्रवक्ता मंडल में भी सक्रिय भूमिका देनी चाहिए। केवल महिला मोर्चा या सांस्कृतिक आयोजनों तक सीमित रखकर नेतृत्व नहीं उभरेगा। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग पार्टी ने हाल ही में कोर नेतृत्व में महिलाओं को शामिल किया है।अन्य दलों को भी यही दिशा लेनी चाहिए। मेंटोरशिप भी एक सशक्त उपकरण हो सकता है। अनुभवी महिला नेता अगर नवोदित उम्मीदवारों को मार्गदर्शन दें।

# आतंकवाद पर वैश्विक मौन अस्वीकार्य

**भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इनकार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है।**

चीन के किंगदाओ में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की रक्षा मंत्रियों की बैठक इस बार भारत की आक्रामक और स्पष्ट कूटनीतिक रणनीति की स्पष्ट साक्षी बनी। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से जब यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसमें आतंकवाद जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया गया है तो यह भारत का केवल एक औपचारिक विरोध नहीं, बल्कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं और कूटनीतिक दृढ़ता का स्पष्ट संकेत था। इस विरोध के जरिये उन्होंने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि भारत अब केवल प्रतीकात्मक भाषणों और कूटनीतिक शिष्टाचारों से आगे बढ़ चुका है। भारत का संदेश दृढ़ है कि आतंकवाद को सामान्य नहीं माना जा सकता।

भारत के इस फैसले को चीन और पाकिस्तान के लिए बड़ा कूटनीतिक झटका माना जा रहा है। भारत का यह कदम एससीओ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर दोहरे मापदंडों के खिलाफ खासकर उन देशों के लिए एक चेतावनी है, जो आतंकवाद को अपने रणनीतिक हितों के लिए एक औजार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। भारत ने साफ कर दिया कि आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि उसके व्यवहार में भी प्रतिबिंबित होती है। भारत का यह कदम पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति का हिस्सा तो है ही, चीन को भी यह स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने सुरक्षा हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा।

एससीओ की बैठक में राजनाथ सिंह की टिप्पणी, ''आतंकवाद मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा है'' और ''जो देश आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं या उसे पनाह देते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए'', सीधे तौर पर पाकिस्तान की ओर संकेत था, हालांकि उन्होंने उसका नाम नहीं लिया। दक्षिण एशिया पाकिस्तान की आतंकवादी गतिविधियों के कारण ही दशकों से अस्थिरता और हिंसा से जूझ रहा है और अब भारत इस खतरे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर और मुखरता से उजागर कर रहा है। भारत की इस बार की विशेष आपत्ति पहलगाम हमले को लेकर थी। यह हमला लश्कर-ए-तैयबा की सहायक इकाई 'टीआरएफ' (द रेजिस्टेंस फ्रंट) द्वारा किया गया था, जिसमें 26 निर्दोष नागरिक मारे गए थे।

भारत ने एससीओ के मसौदा दस्तावेज में इस हमले का उल्लेख नहीं किए जाने को गंभीर चूक नहीं बल्कि एक सोची-समझी रणनीति माना, जिसके पीछे पाकिस्तान को बचाने की कोशिश साफ दिखती है। भारत का यह रुख अचानक नहीं बना बल्कि यह उस दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसमें भारत हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक सहयोग की बात करता रहा है और दोहरे मानदंडों को उजागर करता रहा है। इससे पहले भी भारत ने बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) में शामिल होने से इनकार कर दिया था क्योंकि उसमें चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) को शामिल किया गया था, जो भारत की संप्रभुता का उल्लंघन करता है।

एससीओ की स्थापना 2001 में चीन, रूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और कजाखस्तान के साथ हुई थी। हालांकि इसकी जड़ें 'शंघाई फाइव' से जुड़ी हैं, जो 1996 में चीन, रूस तथा तीन मध्य एशियाई गणराज्यों द्वारा सीमा सुरक्षा विश्वास को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया एक समूह है। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके सदस्य बने। इस संगठन का उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी अभियान, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक संवाद था परंतु बीते वर्षों में यह मंच धीरे-धीरे चीन और पाकिस्तान के राजनीतिक एजेंडे का उपकरण बनता गया है। आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर इस संगठन की चुप्पी उसकी प्रासंगिकता पर प्रश्नचिह्न लगा रही है। इस बार के संयुक्त घोषणापत्र में ब्लूचिस्तान में कथित आतंकी घटनाओं का उल्लेख तो किया गया लेकिन पहलगाम जैसे जघन्य हमले को अनदेखा किया गया।

भारत ने इसे पाकिस्तान के आरोपों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर वैधता देने की साजिश बताया। ब्लूचिस्तान में विद्रोही गतिविधियां वहां के लोगों की आत्मनिर्णय की मांग से जुड़ी हैं, जिन्हें पाकिस्तान भारत-प्रायोजित आतंकवाद



कहकर गुमराह करने की कोशिश करता है। चीन, जो सीपीईसी के माध्यम से ब्लूचिस्तान में भारी निवेश कर रहा है, पाकिस्तान के इन दावों का समर्थन करता रहा है। यही कारण है कि भारत को इस घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करने से स्पष्ट इनकार करना पड़ा।

यह पहली बार नहीं है, जब भारत ने एससीओ में ऐसा सख्त रुख अपनाया हो। बिश्केक (2019) और अस्ताना (2024) में भी भारत ने स्पष्ट शब्दों में कहा था कि आतंकवाद पर कोई समझौता नहीं हो सकता। हालांकि उस समय भारत ने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए थे। परंतु इस बार की परिस्थिति अलग थी। इस बार एक ऐसा हमला हुआ था, जिसमें निर्दोष नागरिकों की जान गई और उसे एससीओ की बैठक में पूरी तरह अनदेखा कर दिया गया। भारत का यह कड़ा रुख केवल एससीओ तक सीमित नहीं है। हाल ही में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी शिविरों को निशाना बनाते हुए हवाई हमले किए। भारत का यह स्पष्ट संदेश था कि अब वह आतंकवाद के केंद्रों को उनकी सीमा में घुसकर खत्म करने से भी नहीं हिचकिचाएगा। यह संदेश भी चीन और पाकिस्तान के लिए था कि भारत अब केवल शब्दों में नहीं बल्कि कार्यों में भी आक्रामक कूटनीति अपना रहा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने चीन के रक्षामंत्री एडमिरल डोंग जून के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान भी स्पष्ट किया कि विश्वास-निर्माण तभी संभव है, जब चीन एलएसी पर अतिक्रमण की अपनी नीतियों को छोड़े और भारत की सुरक्षा चिंताओं को गंभीरता से ले। दोनों पक्षों ने सैन्य हॉटलाइन बहाल करने पर विचार किया लेकिन भारत ने यह भी जता दिया कि यह केवल दिखावटी बातचीत नहीं होनी चाहिए। भारत के इस सख्त रुख का एक और आयाम है, बिना उलझाव के संरेखण की नीति। भारत न किसी गुट का हिस्सा बनना चाहता है, न किसी के हितों का औजार। वह केवल अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर बहुपक्षीय मंचों पर भाग लेता है और किसी भी ऐसे दस्तावेज पर हस्ताक्षर नहीं करता, जो उसकी संप्रभुता, सुरक्षा या वैचारिक सिद्धांतों से टकराव रखता हो। यह नीति भारत को एक स्वाभिमानी, आत्मनिर्भर और रणनीतिक रूप से परिपक्व राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करती है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत वैश्विक समर्थन जुटाने की दिशा में भी काम कर रहा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध समिति में भारत लगातार मांग करता रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और टीआरएफ जैसे संगठनों को ब्लैकलिस्ट किया जाए। चीन ने कई बार तकनीकी आपत्ति लगाकर इन प्रयासों को विफल किया है लेकिन भारत ने अपने प्रयासों को कभी धीमा नहीं किया। एससीओ की इस बार की बैठक का सबसे बड़ा संदेश यही है कि भारत अब 'सामूहिक सहमति' की कीमत पर अपने 'राष्ट्रीय हितों' की बलि नहीं चढ़ाएगा। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को नाम लेकर नहीं फटकारा जाएगा, तब तक कोई संयुक्त घोषणापत्र केवल कागज का एक टुकड़ा ही रहेगा। भारत के लिए यह रुख न केवल सम्मान का विषय है बल्कि वैश्विक मंचों पर उसकी विश्वसनीयता और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ाता है।

आज भारत को वैश्विक मंचों पर सुना जा रहा है क्योंकि वह केवल बातें नहीं करता बल्कि अपने रुख पर अडिग भी रहता है। बहरहाल, अंततः, भारत ने एससीओ के मंच से जो सख्त संदेश दिया है, वह केवल पाकिस्तान या चीन के लिए नहीं बल्कि उन सभी देशों के लिए भी है, जो आतंकवाद पर मौन साधे रहते हैं या अपने आर्थिक, कूटनीतिक हितों के कारण उसे नजरअंदाज करते हैं। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद अब केवल एक देश की समस्या नहीं है, यह वैश्विक मानवता के लिए खतरा है और इसके खिलाफ कूटनीतिक मंचों से लेकर वास्तविक जमीनी कार्रवाई तक निर्णायक लड़ाई लड़ी जानी चाहिए।

**योगेश कुमार गोयल**

# सैलानियों का हब बन रहा है उत्तर प्रदेश

**उमेश चतुर्वेदी**

देश का दिल है उत्तर प्रदेश। भगवान राम और कान्हा की जन्मस्थली इसी प्रदेश में हैं। बाबा भोलेनाथ की नगरी, तीन लोकों में न्यारी काशी नगरी भी इसी प्रदेश में है। नाथ संप्रदाय के प्रमुख गुरू गोरखनाथ की नगरी भी इसी प्रदेश में है। अट्ठासी हजार ऋषियों ने जिस नैमिषारण्य में बैठकर देवताओं में श्रेष्ठ कौन है, जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर विचार किया था, वह तीर्थस्थल भी इसी प्रदेश में है। और तो और, तीर्थों का तीर्थ प्रयागराज भी उत्तर प्रदेश में ही है। भगवान बुद्ध ने जिस सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था, वह भी यहीं है। जिस कुशीनगर में उन्होंने निर्वाण लिया, वह भी यहीं है। तीर्थ स्थलों की जहां भरमार हो, वहां सैलानी और तीर्थयात्री ना आएं, तो अचम्भा ही माना जाएगा। ऐसा अचम्भा यहां होता रहा है। लेकिन सात साल के योगी शासन में यहां की स्थिति ऐसी बदली कि अब यहां तीर्थयात्रियों की भरमार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से वाराणसी में विकसित काशी विश्वनाथ कोरीडोर के बाद तो वाराणसी भी पर्यटन और तीर्थ के मानचित्र में नए सिरे से उभर आया है। यही वजह है कि यहां सैलानियों की बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं, उसके अनुसार पिछले साल राज्य में 48 करोड़ पर्यटक आए थे। यह संख्या राज्य की कुल आबादी की दोगुनी से दो करोड़ ज्यादा है। दुनिया में जहां भी पर्यटन ज्यादा है, वहां सबसे ज्यादा सैलानी सैर-सपाटे के लिए आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश आने वाले ज्यादातर पर्यटक आध्यात्मिक पर्यटन के लिए आए थे। साल 2023 में अकेल काशी आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों की संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। जबकि मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से ज्यादा पर्यटक पिछले साल आए। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम के विराजमान होने के बाद यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। यहां प्रतिदिन करीब डेढ़ से दो लाख पर्यटक आ रहे हैं। इन तथ्यों से राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्साहित होना स्वाभाविक है। तीर्थयात्रियों और आम सैलानियों में एक अंतर होता है। आम सैलानियों की तुलना में तीर्थयात्री प्रकृति और ईश्वर के प्रति अलग तरह की आस्था रखते हैं। शायद यही वजह है कि अब योगी सरकार राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं में राज्य का भविष्य देखने लगी है। ऐसी संभावनाओं वाले तीर्थस्थलों में सबसे ज्यादा लखनऊ के नजदीक हैं। जिनमें नैमिषारण्य और चित्रकूट हैं। इसी तरह शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी आध्यात्मिक तीर्थाटन की संभावनाएं ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में मानव सृष्टि और जीव सृष्टि के उद्गम स्थल के भी प्रमाण मिलते हैं। सोनभद्र के फासिल्स पार्क की आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल यहां मिलेंगे। यहां का करीब 15 हजार वर्ग किमी का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र के बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर और पीलीभीत में वन सुरक्षित हैं। इन वनों में भी घूमने वालों का अब तांता लगा रहता है। इसी तरह चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले टूरिस्टों की भीड़ बढ़ रही है। इसे देखते हुए चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व को का विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ही के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाओं को देखते हुए उनके प्रति आकर्षण बढ़ाने की राज्य की ओर से कोशिश तेज की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों का मनोरंजन हो, उनका ज्ञान बढ़े, अतीत व इतिहास के साथ उन्हें जुड़ने का अवसर प्राप्त हो, इस दिशा में भी काम किए जा रहे हैं। इसे देखते हुए राज्य में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया जा चुका है। इस दिशा में काम को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बनाया जा रहा है। इसके पहले लगभग विलुप्त हो चुकी कुकरैल नदी को जीवित करने की तैयारी है। कभी कुकरैल गोमती की सहायक नदी थी। कुकरैल नदी को लोगों ने कब्जा करके नाला बनाकर रख दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इस पर हुए आठ हजार से अधिक अनधिकृत कब्जों को हटा जा चुका है। इसका असर दिख रहा है कि जब गर्मी में जल स्रोत सूख रहे थे, तब कुकरैल में जल के नए स्रोत बन रहे थे।

## सेहत मंत्र

## इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ-साथ स्किन का भी ख्याल रखती है लीची

लीची गर्मियों के सीजन में आने वाला ऐसा रसीला फल है, जो ज्यादातर लोगों को भाती है। लीची सेहत के लिहाज से बहुत फायदेमंद है। लीची में कार्बोहाइड्रेट, विटामिन सी, विटामिन ए और बी कॉम्प्लेक्स काफी मात्रा में पाए जाते हैं। इन सबके अलावा लीची में पोटेशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस और आयरन जैसे मिनरल्स पाये जाते हैं। लीची शरीर में ऊर्जा के लिए आवश्यक स्टेरॉयड हार्मोन और हीमोग्लोबिन का निर्माण करने का काम करती है। ये बॉडी को डिहाइड्रेशन से भी बचाती है। इस मौसम में लीची खाने के बेहद फायदे हैं। इम्यूनिटी बढ़ाती है लिची। द हेल्थ साइट की खबर के अनुसार, लीची में विटामिन-सी की प्रचुरता होती है। इसके कारण यह प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट्स का भी स्त्रोत है। ऐसे में यह तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर संक्रमण से बचाता है। साथ ही बढ़ती उम्र के प्रभाव को कम करता है। इससे स्किन चमकदार रहती है। लीची का प्रयोग अस्थमा से बचाव के लिए भी किया जाता है। लीची का फल एवं उसकी पत्तियां दोनों ही कैंसर से लड़ने में सहयोगी होते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता होने के कारण ये शरीर को रोगों से दूर रखने में सहयोगी होती है। त्वचा को सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणों से जो नुकसान पहुँचता है, उससे बचने में पका हुआ लीची का फल फायदेमंद होता है, क्योंकि उसमे शीत और रोपण के गुण पाए जाते हैं, जो कि स्किन से अल्ट्रावायलेट किरणों के प्रभाव को कम कर देते हैं। लीची में ऑलिगनॉल तत्व, फाइबर एवं जल तत्व होने के कारण ये शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद करती है, जिससे वजन नियंत्रित होता है। साथ ही इसमें रेचन यानि लैक्सटिव का भी गुण पाया जाता है, जो वजन को कम करने सहायक होता है। न्यूट्रीशन इंडेक्स 100 ग्राम लीची में 72मिलीग्राम विटामिन-सी होता है। साथ ही इसमें 66 कैलौरी ऊर्जा, 5 मिग्रा कैल्शियम, 10 मिग्रा मैग्नीशियम आदि विभिन्न तत्त्व होते हैं। इसमें कार्बोहाइड्रेट, विटामिन-ए, सी व बी कॉम्प्लेक्स, पोटैशियम, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, लौह जैसे खनिज लवण भी होते हैं।

## धर्म मंत्र

## शुक्र देते हैं आकर्षण, ऐश्वर्य सौभाग्य, धन, प्रेम और वैभव

शुक्र ग्रह आकर्षण, ऐश्वर्य, सौभाग्य, धन, प्रेम और वैभव के कारक हैं। शुक्र जिसके केंद्र में त्रिकोणगत हों वह अत्यंत आकर्षक होता है। बृहद पराशर होरा शास्त्र में कहा गया है कि- सुखीकान्त व पुः श्रेष्ठः सुलोचना भृगु सुतः। काव्यकर्ता कफाधिक्या निलात्मा वक्रमूर्धजः।। तात्पर्य यह है कि शुक्र बलवान होने पर सुंदर शरीर, मुख, नेत्र, पढ़ने-लिखने का शौकीन, कफ वायु प्रकृति प्रधान होता है। शुक्र का वैभवशाली स्वरूप - यह ग्रह सुंदरता देता है। मध्यम शरीर, सुंदर विशाल नेत्रों वाला, जल तत्व प्रधान, दक्षिण पूर्व दिशा का स्वामी, श्वेत वर्ण, युवा किशोर अवस्था का प्रतीक है। चर प्रकृति, रजोगुणी, विलासी भोगी, मधुरता वाले स्वभाव के साथ चालबाज, तेजस्वी स्वरूप, श्याम वर्ण केश और स्त्रीकारक ग्रह है। इसके देवता भगवान इंद्र हैं। इसका वाहन अश्व है। इंद्र की सभा में अप्सराओं के अधिकाधिक प्रसंग शुक्र की वजह से ही मिलते हैं। शुक्र मुख्यतः स्त्रीग्रह, कामेच्छा, वीर्य, प्रेम वासना, रूप सौंदर्य, आकर्षण, धन संपत्ति, व्यवसाय आदि सांसारिक सुखों के कारक है। गीत संगीत, ग्रहस्थ जीवन का सुख, आभूषण, नृत्य, श्वेत और रेशमी वस्त्र, सुगंधित और सौंदर्य सामग्री, चांदी, हीरा, शेयर, रति एवं संभोग सुख, इंद्रिय सुख, सिनेमा, मनोरंजन आदि से संबंधी विलासी कार्य, शैया सुख, काम कला, कामसुख, कामशक्ति, विवाह एवं प्रेमिका सुख, होटल मदिरा सेवन और भोग विलास के कारक ग्रह शुक्र माने जाते हैं। शुक्र की अशुभता - अगर शुक्र अशुभ हैं तो आर्थिक कष्ट, स्त्री सुख में कमी, प्रमेह, कुष्ठ, मधुमेह, मूत्राशय संबंधी रोग, गर्भाशय संबंधी रोग और गुप्त रोगों की संभावना बढ़ जाती है और सांसारिक सुखों में कमी आती है। शुक्र के साथ यदि कोई पाप स्वभाव का ग्रह हो तो व्यक्ति काम वासना के बारे में सोचता है।

**पर्यटन**



## हरिद्वार में हैं तो इन चीजों का जरूर करें एक्सपीरियंस

हरिद्वार को एक बेहद पवित्र नगरी माना जाता है। यह हिन्दुओं के सात पवित्र स्थलों में से एक है। अमूमन भारतीय एक बार हरिद्वार जरूर जाना चाहते हैं। हिन्दुओं के प्रमुख तीर्थ माना जाने वाले हरिद्वार में लोग गंगा नदी में स्नान करने की इच्छा रखते हैं और हर की पौड़ी पर अपना समय बिताना चाहते हैं। यहां पर आपको कई मंदिर भी देखने को मिलेंगे। यकीनन इस स्थान का अपना एक धार्मिक महत्व है। लेकिन इसके अलावा भी ऐसी कई चीजे हैं, जो आपको हरिद्वार में रहते हुए जरूर करनी चाहिए। राजाजी नेशनल पार्क में घूमनाः हरिद्वार के समीप वनाच्छादित तलहटी में 820 वर्ग किमी को कवर करने वाला यह नायाब पार्क अपने जंगली हाथियों के लिए जाना जाता है। यह नेशनल पार्क हरिद्वार से कुछ नौ किलोमीटर की दूरी पर है। राजाजी उत्तरी भारत के प्रमुख वन्यजीव अभ्यारण्यों में से एक है, और भूभाग के वनस्पतियों और जीवों को देखने के लिए सबसे अच्छे स्थानों में से एक है। पार्क का नाम दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी श्री सी राजगोपालाचारी के नाम पर रखा गया है, जिन्हें लोकप्रिय रूप से राजाजी कहा जाता था। यहां पर आपको 23 प्रजातियों की स्तनधारियों और 315 पक्षियों को देखने का मौका मिलेगा। आप यहां पर सुबह या शाम को हाथी की सवारी भी कर सकते हैं। अगर आप हरिद्वार जा रहे हैं तो वहां पर आपको हर की पौड़ी में संध्या आरती को जरूर देखना चाहिए। हर की पौड़ी में की जाने वाली संध्या आरती का एक अलौकिक अनुभव होता है। हर की पौड़ी हरिद्वार का सबसे पवित्र घाट माना जाता है। इस घाट को ब्रह्म कुंड के नाम से भी जाना जाता है, और इसका निर्माण राजा विक्रमादित्य ने अपने भाई ब्रितानी की याद में किया था, जो अक्सर गंगा नदी के तट पर ध्यान लगाते थे। प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाले कुंभ के दौरान गंगा में स्नान करने के लिए यह सबसे पवित्र और शुभ बिंदु माना जाता है।

# हैदरगढ़ टोल प्लाज़ा पर विधायक समर्थकों का तांडव, सीसीटीवी में कैद हुई गुंडई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी , लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर स्थित हैदरगढ़ टोल प्लाज़ा पर मंगलवार सुबह सत्ता के संरक्षण में खुलेआम गुंडागर्दी का नज़ारा देखने को मिला। अपना दल (एस) के विधायक के काफिले में शामिल समर्थकों ने टोल प्लाज़ा पर जमकर उत्पात मचाया। टोलकर्मियों से मारपीट की गई, और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाया गया।

जानकारी के अनुसार, विधायक जी एक राजनीतिक रैली में भाग लेने के लिए अपने काफिले के साथ निकले थे। नियमों के तहत उनकी गाड़ी को टोलमुक्त कर दिया गया, किंतु उन्होंने पूरे काफिले को बिना शुल्क गुजरने की मांग की। टोलकर्मियों द्वारा नियम का पालन

**मामला गरमाया , आधा घंटा तक चला हाई प्रोफाइल ड्रामा**

**विवाद देख 112 पुलिस की गाड़ी वापस लौटी**

करते हुए विरोध जताने पर काफिले में शामिल समर्थक हिंसक हो उठे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, डंडे, ईंट, पत्थर लेकर समर्थकों ने टोल परिसर पर हमला बोल दिया। घटना के दौरान वहां पहुंची डायल 112 की पुलिस वाहन स्थिति को बिगड़ता देख मौके से लौट गई, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं।

सीसीटीवी फुटेज व कर्मचारियों की रिपोर्ट के अनुसार, गाड़ियों की तस्दीक कर तहरीर दी गई, कार्रवाई अधर में टोल प्रबंधक जगभान सिंह



ने थाने में घटना की सूचना दी है । प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल ने पुष्टि की है कि सूचना प्राप्त हुई है विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

क्या विधायक कानून से ऊपर हैं?

यह घटना केवल एक स्थानीय टोल विवाद नहीं है, यह पूरे



लोकतांत्रिक तंत्र को झकझोर देने वाला मामला है। जब एक जनप्रतिनिधि के नाम पर समर्थक सरेआम कानून को लांघते हुए मारपीट करें, महिलाकर्मियों को अपमानित करें, और पुलिस मौन दर्शक बनी रहे – तब यह न केवल कानून-व्यवस्था की विफलता है, बल्कि लोकतंत्र पर खुला हमला भी है। यदि समय रहते कठोर और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो यह सन्देश जाएगा कि सत्ता का संरक्षण पाकर कोई भी कानून से ऊपर हो सकता है। क्या पुलिस, प्रशासन और सरकार इस शर्मनाक प्रकरण में दोषियों को संरक्षण देने की गलती करेगी, या कानून के शासन की मर्यादा बचाएगी – यह अगली बड़ी परीक्षा है। जनता जानना चाहती है: क्या ''विधायक'' होना अब ''छूट का परमिट'' बन चुका है? उधर प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल ने बताया कि सूचनार्थ हेतु टोल कर्मियों द्वारा जानकारी दी गई है ताकि आगे से ऐसी पुनरावृत्ति न हो ।

## जर्जर तपेसिपाह मार्ग बना ग्रामीणों की मुसीबत, जिम्मेदार अधिकारी मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर (बाराबंकी)। तहसील क्षेत्र में संजय सेतु से तपेसिपाह गांव को जोड़ने वाला करीब एक किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच चुका है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे और खतरनाक गड्ढों ने राहगीरों का चलना मुश्किल कर दिया है। खासकर बरसात के मौसम में यह गड्ढे पानी से भरकर दुर्घटनाओं को न्योता देते हैं। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को रोजाना इस रास्ते से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं।

**कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस मार्ग की मरम्मत के लिए कई बार लोक निर्माण विभाग से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों तक से शिकायत की है, लेकिन आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आरोप है कि अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टालते आ रहे हैं।

**बाढ़ के समय यही एक मात्र जीवनरेखा**

यह मार्ग सरयू नदी के निकटवर्ती गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ता है। नेपाल से सरयू नदी में लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो यही सड़क ग्रामीणों के लिए सुरक्षित निकलने का एकमात्र रास्ता बनती है। यदि यह मार्ग समय रहते दुरुस्त नहीं किया गया तो आपदा की स्थिति में जनहानि की गंभीर आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

**ग्रामीणों में गहरा रोष, आंदोलन की चेतावनी**

स्थानीय निवासी कमलेश यादव, अवधेश यादव, सुनील, सर्वेश, अखिलेश और दिनेश समेत दर्जनों ग्रामीणों ने मांग की है कि तत्काल इस मार्ग की मरम्मत कराकर इसे गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री कार्यालय तक अपनी बात पहुंचाने को बाध्य होंगे।लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता डी.के. चौधरी ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही निरीक्षण किया गया है। शीघ्र ही मरम्मत कार्य प्रारंभ कर मार्ग को गड्ढा मुक्त किया जाएगा ताकि आमजन को राहत मिल सके । बुनियादी ढांचे की ऐसी बदहाली कहीं न कहीं सरकारी उदासीनता का स्पष्ट संकेत है। ग्रामीण क्षेत्र के इन मार्गों की अनदेखी प्रशासन की प्राथमिकता में व्यावहारिक विकास की कमी को दर्शाती है। अगर इसी तरह हालात रहे तो शासन के 'गड्ढा मुक्त सड़क' के दावे भी खोखले साबित होंगे।

## हर जन्म पर एक पौधा, अस्पतालों में परिजनों को पौध वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फोटो 241

रामनगर बाराबंकी। यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर में हर जन्म एक पौधा योजना के तहत नवजात शिशुओं के परिजनों को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट और सागौन का पौधा भेंट किया गया।पर्यावरण



संरक्षण को बढ़ावा देने वाली इस पहल के अंतर्गत जन्म को प्रकृति से जोड़ने का संदेश दिया गया है।डॉ.प्रणव श्रीवास्तव की अगुवाई में हुए इस कार्यक्रम में चिकित्सकों स्वास्थ्यकर्मियों व पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।इसी दौरान अस्पताल में मौजूद मरीजों और तीमारदारों ने मुख्यमंत्री योगी जी की इस सोच की सराहना करते हुए इसे सभी अस्पतालों में लागू करने की मांग की।

### या हुसैन की सदाओं से वातावरण गूंजा, मोहर्रम जुलूस



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। बुधवार को मोहर्रम की छठी पर कस्बा किंतूर से अलम का जुलूस निकला । आदिल काजमी, निहाल काजमी, अफसर अब्बास, अजीमुद्दीन और वसी कुरेसी सहित सैकड़ों अलमदारों ने जुलूस में भाग लिया।जुलूस में या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं और ढोल-ताशे बजते रहे। जुलूस रसूलपुर और कस्बा बदोसरांय चौराहे से होकर गुजरा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पीएसी और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।रसूलपुर में नोमानी मार्केट अलमदारों को सबील पिलाया गया। आवेश की दुकान पर शीरीनी और बिरियानी का वितरण हुआ। कस्बा बदोसरांय में प्रधान निसार मेंहदी ने भी अलमदारों को सबील पिलाई।कानून व्यवस्था के लिए पुलिस उपाधीक्षक रामनगर गरिमा पंत, कोतवाल संतोष कुमार, उपनिरीक्षक सालिक राय, लक्ष्मी कांत तिवारी समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे। और जुलूस के साथ चल रहे थे। जुलूस बदोसरांय गांव से होते हुए हजरतपुर की ओर रवाना हुआ। देर रात यह जुलूस हजरतपुर और हस्तनापुर गांव से होकर वापस किंतूर पहुंचकर समाप्त हुआ।

## एक शिशु, एक वृक्ष: रामनगर में मातृत्व और पर्यावरण संरक्षण का अनोखा संगम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार प्रदेशभर में संचालित हो रहे बृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत रामनगर क्षेत्र में भी हरियाली के प्रति जनसहभागिता को बढ़ावा देने हेतु अनूठी पहल की गई है। 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में ''एक शिशु, एक वृक्ष'' संकल्प के तहत नवजात शिशुओं की माताओं को एक-एक पौधा सौंपकर उसे बच्चे की तरह पालने और संरक्षित करने का आह्वान किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रामनगर में आयोजित कार्यक्रम में स्टाफ नर्स सविता यादव, शर्मा देवी और आराधना को सागवान का पौधा (टिक वुड) और ''ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट'' प्रदान किया गया। यह सम्मान क्षेत्रीय वन अधिकारी अल्पना पांडेय एवं स्वास्थ्य



केंद्र के अधीक्षक डॉ. प्रणव श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य वृक्षों को भी परिवार का हिस्सा मानते हुए उनका लालन-पालन करना है, जिससे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, छाया, औषधीय लाभ और पर्यावरणीय संतुलन प्राप्त हो सके।इस अवसर पर

**पेड़ लगाने के साथ उनका संरक्षण करना अनिवार्य : अल्पना पाण्डेय**

क्षेत्रीय वन अधिकारी मोहित श्रीवास्तव, बीट इंचार्ज राम तिलक माली, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आशा बहुएं, मरीजों के परिजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करना है, बल्कि प्राकृतिक धरोहरों के प्रति जागरूकता और उत्तरदायित्व का बोध भी कराना है। अधिकारियों ने बताया कि ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट पाने वाली माताओं का पंजीकरण भी किया जाएगा और समय-समय पर पौधों की देखरेख की निगरानी की जाएगी। रामनगर में पर्यावरण सरंक्षण को लेकर की जा रही यह पहल अन्य ब्लॉकों और जिलों के लिए अनुकरणीय उदाहरण बन सकती है, जिसमें मातृत्व और प्रकृति को एक ही सूत्र में पिरोया गया है।

## उर्वरक के साथ कोई अतिरिक्त सामग्री किसानों पर न थोपी जाए : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। धान रोपाई के समय किसानों को समय से पर्याप्त मात्रा में खाद मिले, इसकी सुनिश्चितता के उद्देश्य से जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने आज जिला कृषि अधिकारी के साथ जनपद के विकास खंड देवा फतेहपुर व बंकी अंतर्गत स्थित विभिन्न उर्वरक वितरण केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत विकासखंड देवा अंतर्गत स्थित पावैयाबाद व अन्य इफको केंद्रों से हुई, जहाँ जिलाधिकारी ने केंद्रों पर उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा, वितरण प्रक्रिया,स्टॉक रजिस्टर,भंडारण स्थल आदि का जायज़ा लिया। उन्होंने केन्द्र प्रभारियों से खाद वितरण में पारदर्शिता और किसानों की संतुष्टि सुनिश्चित करने पर बल दिया। अगले चरण में उन्होंने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण



सहकारी समिति (बी-पैक्स), रजौली विकास खंड फतेहपुर का भी निरीक्षण कर समिति की कार्यप्रणाली, उर्वरक वितरण प्रणाली तथा भंडारण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने सहकारी समितियों को कृषि सेवा वितरण का प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि इन संस्थाओं का संचालन पूर्णतः पारदर्शी, समयबद्ध और किसान-हितैषी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने विभिन्न केंद्रों पर उपस्थित किसानों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने किसानों से उनकी समस्याएं, खेती की विधियां और उर्वरक आपूर्ति से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कुछ किसानों ने जानकारी दी कि कई बार उर्वरकों के साथ अतिरिक्त वस्तुएं भी दी जाती हैं। अंत मे जिलाधिकारी ने विकास खंड बंकी के चन्दौली गांव के एक प्राइवेट खाद विक्रय केंद्र तथा पीसीएफ के खाद गोदाम का निरीक्षण

**उर्वरक केन्द्रो खाद दुकानों का डीएम ने किया निरीक्षण**

कर स्टॉक रजिस्टर, वितरण लॉग भंडारण स्थल आदि का सघन अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान कै सीजन में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गोदामों में पर्याप्त स्टॉक पूर्व से उपलब्ध रहे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में किसानों को परेशानी न उठानी पड़े।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डीएपी, एनपीके, यूरिया सहित अन्य उर्वरकों के प्रकारों और उनके उपयोगिता की विस्तृत जानकारी भी जिला कृषि अधिकारी से प्राप्त की। इस अवसर पर जिला कृषि अधिकारी राजित राम सहित कृषि एवं सहकारिता विभाग के अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा का स्थलीय निरीक्षण किया

पीलीभीत।जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने औद्योगिक क्षेत्र भरा पचपेड़ा मैसर्स एवी मौरी प्रा0 लि0 अमरिया और पीलीभीत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मैसर्स ए0वी0 मौरी के प्रतिनिधि प्रो0 अंशुल खेड़ा द्वारा कम्पनी के संबंध में अवगत कराया गया कि कम्पनी शीघ्र ही वर्ष के अन्त तक उत्पादनरत हो जायेगी। कम्पनी को 33 के0वी0ए0 की विद्युत लाइन,पुलिस चौकी,बैंक शाखा खोलने की अत्यंत आवश्यकता है एवं यूनिट परिसर में कभी-कभार जंगली जानवर का आतंक हो जाने से कर्मचारियों को कार्य करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिलाधिकारी ने कम्पनी परिसर फलदार वृक्षारोपण का शुभारम्भ किया गया। जिसमें फल दार पोधे रोपित किये गये जैसे आम,लीची, आड़ू,नासपाती,तेजपत्ता, खूमायू आदि के पौधे जिलाधिकारी द्वारा रोपण किये गये।वृक्षारोपण के समय जिला वन संरक्षक अधिकारी डी0के0 भरत, उपायुक्त उद्योग संजय कुमार,मैसर्स कम्पनी के प्रतिनिधि तथा मझोला के चेयरमेन निशान्त प्रताप सिंह द्वारा भी खूमायू पौधे का रोपण किया गया। औद्योगिक क्षेत्र भरा-पचपेड़ा में कराये जा रहे यूपीसीडा द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यों का भी जिलाधिकारी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया एवं कम्पनी के परिसर में भी छायादार वृक्षारोपण किया गया ।

### एडीओ पंचायत संगठनात्मक चुनाव संपन्न

**आनंद अध्यक्ष, मंत्री बने नाथ**



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश सहायक विकास अधिकारी पंचायत के संठनात्मक चुनाव संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कमल किशोर शुक्ला एवं जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडले की मौजूदगी मे आयोजित हुआ। बैठक मे सर्वसम्मति पदाधिकारी चुने गये आनंद कुमार सिंह को जिला इकाई का अध्यक्ष, अनिल कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, शंभूनाथ पाठक को मंत्री, विजय कुमार को कोषाध्यक्ष, सम्प्रेक्षक के रूप मे शैलेन्द्र कुमार दुबे, मीडिया प्रभारी के लिए जानकीराम को चुना गया। नवनिर्वाचित संघ के पदाधिकारियों को अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे ने पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस ,सुनी जनसमस्याएं

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत जैदपुर के मेंहदी कटरा वार्ड स्थित हाजी दारोगा स्कूल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बुधवार करीब 3:30 बजे किया गया। जिसमें सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहें। इस दौरान विद्युत विभाग से संबंधित कई प्रकरण सामने आए जहां पर जेई मिर्ज़ा परवेज हुसैन ने जल्द ही निस्तारण करने का आश्वासन दिया। वही नगर पंचायत प्रशासन को लेकर कई प्रमुख समस्याएं आई। इसके साथ ही पुलिस विभाग से 1 शिकायत दर्ज नहीं की गई। जिसपर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने तत्काल निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ राजस्व विभाग से कानून गो और क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा भी समस्याएं सुनी गई। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी सभासद तफज्जुल हुसैन, सभासद गण मो आलम, मो सुफियान, निजामुद्दीन, प्रधान तव्वाब अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

### जैदपुर में नानक का भव्य स्वागत

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के नेता पूर्व राज्य मंत्री हिन्दुस्तान पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष नानकदीन भुर्जी का जैदपुर भाजपा कार्यालय पर मंडल उपाध्यक्ष अलीम राईन ने फूल माला व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। मौके पर पहुंचे भाजपा नेता अमरीश रावत व नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी को मंत्री ने आदेशित देते हुए पार्टी को आगामी 2027 चुनाव को लेकर सभी बूथ को मजबूत करने को कहा काफी देर चर्चा का समापन करते हुए त्वरित गढ़ी राजमऊ पहुंच कर चल रहे अभियान एक पेड़ मा के नाम पर वृक्ष लगाकर हिस्सा लिया इस मौके पर मौजूद।सुऐब राईन,इस्लाम अंसारी,सरताज चौधरी, अब्दुर्रहीम, जुनैद राईन आलम दर्जी,सईद दर्जी,रेहान आदि लोग उपस्थित रहे।

### बीज विक्रेता पर प्राण घातक हमला

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम निजामपुर निवासी चंद्रशेखर रावत उर्फ (कन्हैया) पुत्र श्री पाल की कस्बा त्रिलोकपुर मे बीज़ भंडार की दुकान है। मंगलवार कन्हैया अपनी दुकान बंद कर घर जा रहा था। तभी निजामपुर चुरुलिया मोड़ पर अवस्थी के खेत के पास अज्ञात लोगों द्वारा चाकू से सीने पर जानलेवा हमला कर लहुलुहान कर दिया।खून से लथपथ सड़क पर मिले कन्हैया को सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज विजय गुप्ता का कहना कि अज्ञात लोगों ने हमला किया है। परिजनों द्वारा चाकू से हमले की बात कही जा रही है। अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

## परिवहन विभाग का सख्त रुख : जयपुरिया स्कूल में छापा, दो वाहन सीज, आठ के चालान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी परिवहन विभाग द्वारा स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे विशेष सघन चेकिंग अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिले में स्कूल वाहनों के फिटनेस व दस्तावेजों की जांच की गई। यह अभियान 1 जुलाई से 15 जुलाई तक पूरे जनपद में संचालित किया जा रहा है, जिसमें अनफिट, मानकविहीन व बिना वैध दस्तावेजों के स्कूल वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।आज की कार्रवाई में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन श्रीमती अंकिता शुक्ला, यात्री/मालकर अधिकारी श्री रविचन्द्र त्यागी, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक श्री बलवन्त सिंह यादव तथा यातायात प्रभारी श्री रामयतन यादव की संयुक्त प्रवर्तन टीम द्वारा जयपुरिया स्कूल सहित विभिन्न



स्कूलों के वाहनों का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान दस्तावेजों की जांच में दो वाहनों को गंभीर अनियमितताओं के कारण सीज कर दिया गया, जबकि आठ अन्य वाहनों के चालान विभिन्न कारणों जैसे परमिट की कमी, ओवरलोडिंग, फिटनेस प्रमाणपत्र की अनुपस्थिति तथा प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र न होने के आधार पर किए गए। इसके उपरांत प्रवर्तन दल द्वारा जयपुरिया स्कूल परिसर में खड़े वाहनों की विशेष जांच की गई, जिसमें वाहनों की फिटनेस, ब्रेक, टायर, अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, वैध दस्तावेज एवं सुरक्षा उपायों का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात टीम ने विद्यालय प्रशासन को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मानकविहीन वाहनों को तत्काल प्रभाव से संचालन से हटाया जाए एवं सभी आवश्यक दस्तावेज अद्यतन कर रखे जाएं। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अंकिता शुक्ला ने स्पष्ट किया कि यदि विद्यालय प्रशासन या वाहन स्वामियों द्वारा नियमों की अनदेखी की गई तो आगे और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहें और अनफिट वाहनों की सूचना विभाग को दें। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जिले के सभी स्कूलों पर नजर रखी जा रही है। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इस दिशा में कोई भी कोताही स्वीकार्य नहीं होगी।

### राहुल नगर मजदूर बस्ती बाढ पीड़ितों की सहायता प्रशासन के कागजों तक सीमित


पूरनपुर।हजारा थाना क्षेत्र के गांव राहुल नगर मजदूर बस्ती के रहने वाले लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि शारदा नदी उनके घरों से कुछ ही दूरी पर है। नदी कटान को लेकर वह काफी परेशान है। आरोप है कि प्रधान चुनाव के बाद से न तो गांव में पहुंचे और न ही किसी तरह का कौई विकास कार्य हल्की सी बारिश से सभी रास्ते कीचड़ व पानी में तब्दील हो जाते हैं।

### सूचना

मैं मोहम्मद इरफान(49) पुत्र मोहम्मद सुलेमान कस्बा व थाना रामनगर बाराबंकी का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड पैन कार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम मोहम्मद इरफान दर्ज है। जबकि पासपोर्ट में इरफान अंकित है। सूच्य है कि यह दोनों नाम प्रार्थी के ही है। प्रार्थी को भविष्य में मोहम्मद इरफान के नाम से जाना पहचाना जाए।

# महिला क्रिकेट: भारतीय टीम ने इंग्लैंड को दूसरे टी20 में 24 रन से हराया

एजेंसी



ब्रिस्टल। भारत की महिला क्रिकेट टीम ने एक बार फिर इंग्लैंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार देर रात दूसरे टी20 मुकाबले में 24 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारत की जीत में जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने अर्धशतक जमाकर अहम भूमिका निभाई, जिसके बाद गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को लक्ष्य से दूर रखा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत मिश्रित रही। स्मृति मंधाना ने पहली ओवर में दो चौकों से शुरुआत की, लेकिन जल्दी ही भारत को झटके लगे। शैफाली वर्मा एक बार फिर फ्लॉप रहीं और कप्तान हरमनप्रीत कौर भी केवल 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। पावरप्ले तक भारत का स्कोर 35/3 था। इसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स और अमनजोत कौर ने पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर रनगति को तेज किया और 14वें ओवर से मैच का रुख बदल दिया। रोड्रिग्स ने लगातार चौकों और छक्कों की बरसात करते हुए अर्धशतक पूरा किया। वहीं अमनजोत कौर ने भी आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 63 रन बनाए। अंतिम ओवरों में ऋचा घोष (32* रन, 20 गेंद) ने तेजी से रन जोड़े और भारत ने 20 ओवरों में 181/4 का स्कोर खड़ा किया।

जवाब में इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। पहले ही ओवर में सोफिया डंकले रन आउट हो गईं और डैनी व्याट-हॉज पहली गेंद पर ही आउट हो गईं। नट

## पांच मैचों की सीरीज में बनाई 2-0 की बढ़त

साइवर-ब्रंट ने कुछ आक्रामक शॉट जरूर लगाए, लेकिन वह भी ज्यादा देर टिक नहीं पाईं। इसके बाद टैमी ब्यूमोंट (54 रन) और एमी जोन्स ने पारी को संभालने की कोशिश की। ब्यूमोंट ने चार साल बाद अपना पहला अर्धशतक पूरा किया, लेकिन एक बेहतरीन थ्रो पर वह रन आउट हो गईं। इसके बाद भारत की गेंदबाजों ने इंग्लैंड की रनों की रफ्तार पर लगाम लगाई। हालांकि सोफी एक्लेस्टन ने आखिरी ओवरों में कुछ अच्छे शॉट खेले, लेकिन वे इंग्लैंड को जीत तक नहीं पहुंचा सकीं। इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में 157/7 रन बनाए। संक्षिप्त स्कोरः भारतः 181/4 (20 ओवर) ऽ अमनजोत कौर 63, जेमिमा रोड्रिग्स 63 लॉरेन बेल 2/17 इंग्लैंडः 157/7 (20 ओवर) ऽ टैमी ब्यूमोंट 54, सोफी एक्लेस्टन 35; श्री चरणी 2/28 ।

# जूनियर बॉयज फुटबाल यूपी टीम का मेरठ में 4 और 5 जुलाई को होगा चयन

एजेंसी



मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के निर्देश पर जूनियर बॉयज फुटबाल यूपी टीम की चयन प्रक्रिया चार और पांच जुलाई को स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ के फिज़िकल एजुकेशन विभाग में प्रातः छह बजे से आरम्भ होगी। टीम में चयन के लिए ट्रायल तीन जुलाई को एमपीएस मुरादाबाद के मैदान में किया जाएगा। इस चयन प्रक्रिया में 1 जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2011 के मध्य के जन्म लेने वाले खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकते हैं। यह जानकारी बुधवार को ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के महासचिव मुहम्मद नासिर कमाल ने मीडिया को दी।

ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव ने आगे बताया कि इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल में भाग लेने के लिए गुरुवार को अपरान्ह तीन बजे एमपीएस मुरादाबाद के फुटबॉल मैदान पर सभी प्रपत्र, जिसमें नगर निगम की ओर से जारी आयु प्रमाण पत्र जन्म के एक वर्ष के भीतर जारी किया गया हो, आधार कार्ड, 4 रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटो, एआइएफएफ की पंजीयन शुल्क 118 रुपये एवं खेल किट व सभी मूल पत्रों के साथ उनकी छाया प्रति लेकर ज़िला फुटबॉल एसोसिएशन मुरादाबाद के सहायक सचिव आमिर मिर्ज़ा व सुरेंद्रपाल सिंह, महिला विंग की सचिव माधुरी देवी से सीआरएस पंजीयन के लिए संपर्क करें। चयन के लिए केवल उन्हीं खिलाड़ियों को अनुमति पत्र दिया जायेगा जो अपना पंजीयन करा लेंगे। चयन में जाने वाले खिलाड़ी अपना प्रयोग में आने वाला सभी सामान साथ लेकर जायेंगे ताकि चयनित होने पर कोई असुविधा ना हो। चार और पांच जुलाई को चयनित टीम का प्रशिक्षण छह जुलाई से 20 जुलाई तक स्वामी विवेकानंद सुभारती यूनिवर्सिटी मेरठ के फिज़िकल एजुकेशन विभाग में होगा।

# संक्षिप्त समाचार

## बनारस की बेटी ने अमेरिका में बढ़ाया मान, वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में जीता गोल्ड

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद के राजातालाब में बढ़ैनी खुर्द गांव की ममता पाल ने जिले का मान बढ़ाया है। ममता ने अमेरिका के अलबामा राज्य के बर्मिंघम शहर में आयोजित वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में इतिहास रच दिया है। ममता ने 5000 मीटर क्रॉस कंट्री रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है।

ममता इस समय उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर तैनात हैं। वे भारत की 260 सदस्यीय टीम का हिस्सा बनकर अमेरिका गई थीं, जहां एक जुलाई को हुए मुकाबले में उन्होंने दुनियाभर के धावकों को पीछे छोड़ते हुए स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि की खबर बुधवार को जैसे ही गांव पहुंची, पूरा गांव जश्न में डूब गया। डॉ आर. के. पाल, प्यारेलाल, दीनू पाल, एडवोकेट संतोष कुमार पाल, डॉ धर्मेंद्र कुमार पटेल, डॉ राजेश पाल, डॉ राकेश पाल, पप्पू पाल और ग्रामीणों ने ममता के घर पहुंचकर फोन पर बात कर उन्हें और परिजनों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ममता के माता-पिता की आंखों में जहां खुशी के आंसू दिखे वहीं, गांव के लोग भी ममता की सफलता पर गदगद दिखे।

ममता के पहले कोच डॉ. आर.के. पाल ने बताया कि ममता की शुरुआती ट्रेनिंग गांव के सरदार पटेल इंटर कॉलेज के मैदान में हुई थी। उन्होंने बताया कि ममता हमेशा से ही मेहनती और अनुशासित खिलाड़ी रही है। ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने जुनून और संघर्ष के बल पर यह मुकाम हासिल किया। ममता पाल की यह जीत उन युवाओं के लिए प्रेरणा भी है जो छोटे गांवों से निकलकर अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाने का सपना देखते हैं। ममता ने साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं।

## विंबलडन 2025: जोकोविच ने मूलर को हराकर अपने 25वें ग्रैंड स्लैम मुहिम की शानदार शुरुआत की

लंदन। सात बार के विंबलडन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को फ्रांस के गैर वरीय खिलाड़ी अलेक्जेंडर मूलर को 6-1, 6-7(7), 6-2, 6-2 से हराकर विंबलडन 2025 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। इस जीत के साथ ही जोकोविच ने अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ा दिए हैं। छठे वरीय जोकोविच का सामना अब अगले दौर में ब्रिटिश वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी डैन इवांस से होगा। जोकोविच विंबलडन में रोजर फ़ेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी करने और ऑल-टाइम ग्रैंड स्लैम चैंपियन की सूची में मार्गरेट कोर्ट को पीछे छोड़ने के इरादे से मैदान में उतरे हैं। मैच के बाद जोकोविच ने कहा, ''अगर मुझे लगता कि मेरे पास मौका नहीं है, तो मैं यहां होता ही नहीं। मुझे लगता है कि मेरे पास हमेशा मौका होता है, और मैंने उस अधिकार को अर्जित किया है कि मैं खुद को खिताब जीतने का दावेदार मान सकूं। पिछले एक दशक में मेरे लिए यह ग्रैंड स्लैम सबसे सफल रहा है। मैच की शुरुआत में जोकोविच ने जबरदस्त खेल दिखाते हुए पहला सेट 6-1 से अपने नाम किया। हालांकि दूसरे सेट में मूलर ने जोरदार वापसी करते हुए कई ब्रेक प्वाइंट बचाए और टाईब्रेक में 2-5 से पिछड़ने के बाद सेट जीतकर मैच को बराबरी पर ला दिया। तीसरे सेट की शुरुआत में सेंटर कोर्ट की छत बंद होने के बाद जोकोविच ने पेट दर्द की शिकायत के चलते मेडिकल टाइमआउट लिया। हालांकि इसके बाद उन्होंने मूलर की छठी डबल फॉल्ट का फायदा उठाकर 3-2 की बढ़त बनाई और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। तीसरा सेट 6-2 से जीतने के बाद जोकोविच ने चौथे सेट में एक शानदार बैकहैंड विनर के जरिए 4-2 की बढ़त ली और अंततः सेट और मैच को 6-2 से जीतकर दूसरे दौर का टिकट कटा लिया। जोकोविच का अगला मुकाबला घरेलू खिलाड़ी डैन इवांस से होगा, जिसे लेकर उन्होंने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण रहेगा लेकिन वह इस मुकाबले के लिए तैयार हैं।

## मुरादाबाद के आशीष सिंह 6वीं कैडेट एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित

मुरादाबाद। जिले के ताइक्वांडो खिलाड़ी आशीष सिंह का चयन 6वीं कैडेट एशियन ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए भारतीय ताइक्वांडो टीम में हो गया है। यह प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक मलेशिया के कुचिंग शहर में आयोजित होगी।

जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव व कोच शाहवेज़ अली ने बुधवार को बताया कि आशीष सिंह ने राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था। जिसके आधार पर 22 जून से 24 जून तक जालंधर कैंट में स्थित लवली प्रोविजनल यूनिवर्सिटी में 6वीं कैडेट एशियन ताइक्वांडो सिलेक्शन ट्रायल कराए गए। जिसके स्वर्ण विजेता को भारतीय टीम में चयनित किया गया। आशीष सिंह पिछले 5 वर्षों से आरएसडी एकेडमी में संचालित साईं ताइक्वांडो एकेडमी में अभ्यास कर रहा है और कोच शाहवेज़ अली के नेतृत्व में प्रशिक्षण ले रहा है। शाहवेज अली स्वयं एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने दो बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग किया है। आशीष सिंह का चयन होने पर जिला ताइक्वांडो परिवार में खुशी का माहौल बन गया। उसके परिजनों ने कोच शाहवेज़ अली का आभार जताते हुए शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर जिला ताइक्वांडो संघ के पदाधिकारी सहित डॉ जी कुमार, डॉ विनोद कुमार, डॉ अजय शर्मा, डॉ गरिमा शर्मा, केशव थापा, सुमित शर्मा, शोभित भारद्वाज, अरविंद सिंह, संदीप कुमार, अर्जुन थापा आदि मौजूद रहे।

## नेशनल शूटिंग ट्रायल्स: अंजुम,सौरभ और मेहुली ने टीम इंडिया में एंट्री की रेस को बनाया रोमांचक

नई दिल्ली। देहरादून स्थित त्रिशूल शूटिंग रेंज में हुए नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 और 4 के बाद युवा निशानेबाज़ एक बार फिर टीम इंडिया में जगह बनाने की दौड़ में लौट आए हैं। ओलंपियन अंजुम मौदगिल, सौरभ चौधरी और मेहुली घोष ने जबरदस्त प्रदर्शन कर भारतीय टीम के दरवाजे पर फिर से दस्तक दी है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने सोमवार (30 जून) को ट्रायल्स समाप्त होने के बाद ग्रुप ए (भारतीय चयन के लिए पात्र) खिलाड़ियों की घरेलू रैंकिंग जारी की। 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) में दो बार की ओलंपियन अंजुम मौदगिल, जिन्होंने इस साल तीनों विश्व कप नहीं खेले थे, शानदार वापसी करते हुए टॉप तीन में जगह बना ली है। सिफ्त कौर समरा (औसत स्कोर: 593.38) शीर्ष पर हैं। आशी चौकसी (592.25) दूसरे और अंजुम (591.68) तीसरे स्थान पर हैं। श्रीयंका सदांगी टॉप तीन से बाहर होकर चौथे (589.90), मेहुली घोष पांचवें (588.58), और सुरभी भारद्वाज रापोले छठे स्थान (588.08) पर रहीं।

# विंबलडन 2025: फ्रेंच ओपन चैंपियन कोको गॉफ पहले ही दौर में बाहर

एजेंसी



लंदन। फ्रेंच ओपन 2025 की चैंपियन कोको गॉफ विंबलडन के पहले ही राउंड में चौंकाने वाली हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। अमेरिका की नंबर 2 वरीयता प्राप्त गॉफ को यूक्रेन की गैरवरीय डयाना यास्त्रेम्स्का ने सीधे सेटों में 7-6(3), 6-1 से हरा दिया। यह मुकाबला मंगलवार देर रात को प्रतिष्ठित नंबर 1 कोर्ट पर खेला गया।

21 वर्षीय गॉफ इस हार के साथ ओपन एरा में केवल तीसरी महिला बन गई हैं, जो फ्रेंच ओपन जीतने के बाद अगले ही ग्रैंड स्लैम यानी विंबलडन के पहले दौर में हार गईं। इससे पहले यह दुर्भाग्य जस्टिन हेनेन (2005) और फ्रांसेस्का स्कियावोने (2010) को झेलना पड़ा था। गॉफ के लिए यह मुकाबला बेहद निराशाजनक रहा। उन्होंने केवल छह विनर लगाए, जबकि 29 अनफोर्स्ड एरर किए, जिनमें नौ डबल फॉल्ट शामिल थे। वहीं यास्त्रेम्स्का ने 16 विनर लगाते हुए दबदबे के साथ मुकाबला अपने नाम किया। रोनाल्ड गैरोस की लाल मिट्टी पर कुछ हफ्ते पहले ही गॉफ ने नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराकर अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इससे पहले उन्होंने 2023 यूएस ओपन में भी खिताब अपने नाम किया था। लेकिन विंबलडन, जहां उन्होंने 2019 में 15 साल की उम्र में वीनस विलियम्स को हराकर सनसनी मचाई थी, उनके लिए अब तक सबसे कमजोर ग्रैंड स्लैम साबित हुआ है। वह यहां अभी तक सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सकी हैं और पिछले तीन वर्षों में यह दूसरी बार है जब वह पहले ही राउंड में बाहर हुई हैं। गॉफ के खिलाफ यह यास्त्रेम्स्का की पहली जीत थी। इससे पहले तीन मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 42वीं रैंक की यास्त्रेम्स्का ने कहा, ‍मैं आज काफी लय में थी। कोको के खिलाफ खेलना अपने आप में खास होता है। यास्त्रेम्स्का ने हाल ही में नॉटिंघम में एक ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट के फाइनल तक का सफर तय किया था, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिला।

उन्होंने कहा, मुझे घास पर खेलना बहुत पसंद है। इस बार ऐसा लग रहा है जैसे घास से मेरी दोस्ती हो गई है। इस जीत के साथ यास्त्रेम्स्का ने न केवल एक बड़ी उलटफ़ेर को अंजाम दिया, बल्कि टूर्नामेंट में अपने अभियान को भी नई उड़ान दी है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि वह यहां से कितनी दूर तक जा पाती हैं।

## एएफसी महिला एशियन कप 2026 क्वालिफायर: भारतीय टीम ने इराक को 5-0 से हराया

चियांग माई (थाईलैंड)। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी महिला एशियन कप 2026 क्वालिफायर में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को इराक को 5-0 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला चियांग माई के 700वें एनिवर्सरी स्टेडियम में खेला गया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने ग्रुप बी में अपने शीर्ष स्थान को और मज़बूती से कायम रखा है। तीन मुकाबलों में तीन जीत के साथ भारत के अब नौ अंक हो गए हैं। इस परिणाम के बाद इराक, मंगोलिया और तिमोर-लेस्ते की टीमें टूर्नामेंट की दौड़ से बाहर हो गई हैं। भारत की ओर से संगीता बसफोर, मनीषा कल्याण, कार्तिका अंगमुथु, निर्मला देवी और रतनबाला देवी ने एक-एक गोल दागा। पूरे मैच में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और इराक की टीम को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया। अब भारत अपने अंतिम क्वालिफायर मुकाबले में मेज़बान थाईलैंड से भिड़ेगा।

# संभव स्टील की स्टॉक मार्केट में मजबूत एंट्री, फायदे में आईपीओ निवेशक

एजेंसी




नई दिल्ली। ईआरडब्ल्यू पाइप और स्टील ट्यूब बनाने वाली कंपनी संभव स्टील ट्यूब्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 82 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 110.10 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी एंट्री 110 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 34 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया।

लिस्टिंग के बाद के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर कुछ उछल कर 111 रुपये के स्तर तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण ये शेयर टूट कर 96.25 रुपये के स्तर तक गिर भी गया। बाजार में दिनभर हुई खरीद बिक्री के बाद संभव स्टील ट्यूब्स के शेयर 15.59 रुपये की तेजी के साथ 97.59 रुपये के स्तर पर बंद हुए। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही करीब 19.01 प्रतिशत का फायदा हो गया।

संभव स्टील ट्यूब्स का 540 करोड़ रुपये का आईपीओ 25 से 27 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ के तहत बोली लगाने के लिए 77 रुपये से 82 रुपये का प्राइस बैंड तय किया गया था। आईपीओ के जरिए 440 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 100 करोड़ रुपये के शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए बेचे गए हैं।

# फीफा क्लब विश्व कप 2025: रियल मैड्रिड ने जुवेंटस को 1-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी



मियामी। गोंजालो गार्सिया के 54वें मिनट में किए गए शानदार हेडर की बदौलत रियल मैड्रिड ने मंगलवार देर रात हार्ड रॉक स्टेडियम में जुवेंटस एफसी को 1-0 से हराकर फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। कोच ज़ाबी अलोंसो की अगुआई वाली मैड्रिड टीम ने पूरे मैच में प्रभावशाली खेल दिखाया। मैच की एक और बड़ी खबर रही स्टार फॉरवर्ड किलियन एम्बाप्पे की वापसी, जो बीमारी के चलते पहले मुकाबले से बाहर थे। एम्बाप्पे ने 68वें मिनट में बतौर सब्स्टीट्यूट मैदान में कदम रखा और यह टूर्नामेंट में उनका पहला प्रदर्शन था। पहले हाफ में मुकाबला बराबरी का रहा। इगोर ट्यूडर की कोचिंग में जुवेंटस ने आक्रामक शुरुआत की, लेकिन आधे समय से पहले रियल ने लय पकड़ ली थी। शुरुआती मिनटों में जुवेंटस के रैंडल कोलो मुआनी को केनन यिल्डिज़ के शानदार पास पर गोल करने का मौका मिला, लेकिन उन्होंने थिबो कर्टोआ को चिप करने की कोशिश की और गेंद बार के ऊपर से निकल गई। यिल्डिज़ ने फिर मिडफील्ड से तेज़ दौड़ लगाकर एक जोरदार शॉट मारा, जो ऑरेलियन चूआमेनी से डिफ्लेक्ट होकर बाहर चला गया। जुवेंटस एफसी की टीम गेंद पर अच्छी पकड़ बना रही थी, लेकिन रियल ने धीरे-धीरे खेल पर नियंत्रण करना शुरू किया। जुड बेलिंघम ने क्लोज रेंज से डि ग्रेगोरियो को बचाव के लिए मजबूर किया, वहीं फ़ेडेरिको वालवर्डे ने भी लंबी दूरी से गोलकीपर की परीक्षा ली। ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड का लो क्रॉस भी खतरनाक रहा, हालांकि हाफ टाइम तक स्कोर 0-0 रहा।

# उतार-चढ़ाव के बाद गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

एजेंसी



नई दिल्ली। पूरे दिन उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार आज गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों में तेजी भी आई, लेकिन थोड़ी देर बाद ही मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई। पूरे दिन का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.34 प्रतिशत और निफ्टी 0.35 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली होती रही। इसी तरह कैपिटल गुड्स, एफएमसीजी और ऑयल एंड गैस इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, मेटल और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह आईटी, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर बिकवाली का दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.20 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 50 हजार करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 460.76 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 461.26 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 50 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,171 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,809 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,205 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 157 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,649 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,052 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,597 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 14 शेयर बढ़त के साथ और 16 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 23 शेयर हरे निशान में और 27 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 237.72 अंक उछल कर 83,935.01 अंक तक पहुंच गया। इस तेजी के थोड़ी देर बाद ही बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण शाम 3 बजे के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 546.52 अंक की कमजोरी के साथ 83,150.77 अंक तक गिर गया। हालांकि आखिरी आधे घंटे के कारोबार में हुई खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स निचले स्तर से ढाई सौ अंक से अधिक की रिकवरी करके 287.60 अंक की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 46.50 अंक उछल कर 25,588.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक 66.30 अंक की तेजी के साथ 25,608.10 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से निफ्टी की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण शाम 3 बजे के करीब ये सूचकांक 163.05 अंक टूट कर 25,378.75 अंक तक गिर गया। हालांकि आखिरी आधे घंटे के कारोबार में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई खरीदारी के कारण निफ्टी निचले स्तर से करीब 75 अंक की रिकवरी करके 88.40 अंक की कमजोरी के साथ 25,453.40 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# राजद और कांग्रेस ने बिहार को पिछड़ा बनाया : राजनाथ

एजेंसी



पटना। केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने आज आरोप लगाया कि बिहार कभी पिछड़ा राज्य नहीं था बल्कि इसे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कंाग्रेस ने पिछड़ा बनाया।

श्री सिंह ने बुधवार को यहां बिहार विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार कभी पिछड़ा राज्य नहीं था बल्कि इसे कांग्रेस और राजद के शासनकाल में पिछड़ा बनाया गया। उन्होंने कहा कि अस्सी के दशक तक कांग्रेस के शासनकाल में बिहार के मुख्यमंत्रियों को बदला जाता रहा लेकिन यहां के लोगों की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया। नब्बे के दशक में राजद के सत्ता में आने के बाद बिहार की स्थिति बद से बदतर हो गयी।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्राचीन समय में नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के रूप में जाना जाता था। उन्होंने कहा कि बाद में नालंदा विश्वविद्यालय को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और कालांतर में यह एक खंडहर के रूप में तब्दील हो गया। कांग्रेस और राजद के शासनकाल में नालंदा विश्वविद्यालय को खंडहर के रूप में ही छोड़ दिया गया और इसे पुर्नस्थापित करने का कोई प्रयास नहीं हुआ। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सत्ता में आने के बाद नालंदा विश्वविद्यालय को पुर्नजीवित किया गया और एक शिक्षण संस्थान के रूप में इसके गौरव को फिर से बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है।

भाजपा नेता ने कहा कि राजद के शासनकाल में 'लालटेन' से रोशनी नहीं फैलायी गयी बल्कि इससे समाज में आग लगाया गया था। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गो और जातियों के बीच में नफरत की भावना फैलायी गयी। लोगों के जानमाल की सुरक्षा का कोई ध्यान नहीं रखा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने बिहार के लोगों को चिंता करने की बजाये सिर्फ अपने परिवार की चिंता की। उन्होंने कहा कि श्री यादव के मन में संविधान निर्माता बाबा भीम राव अंबेडकर और जननायक कर्पूरी ठाकुर के लिये कोई सम्मान नहीं है और वह इन दोनों महान हस्तियों का नाम अपनी जुबान से राजनीतिक फायदे के लिये हीं करते रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि हाल ही में श्री यादव के पैरों के करीब रखे बाबा भीम राव अंबेडकर की तस्वीर वाला वीडियो वायरल हुआ था। उन्होंने कहा कि लोगों ने श्री यादव से इसके लिये माफी की मांग की थी, लेकिन अब तक उन्होंने माफी नहीं मांगी है। उन्होंने कहा कि श्री यादव से भीम राव अंबेडकर के अपमान के लिये माफी मांगने की उम्मीद करना बेकार है, क्योंकि उनके मन अंबेडकर के लिये कोई सम्मान नहीं है। इसी तरह जननायक कर्पूरी ठाकुर के लिये भी श्री यादव के मन में कोई सम्मान नहीं है और वह निजी तौर पर उनके लिये अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते रहे हैं, जो सर्वविदित है। भाजपा नेता ने कहा कि राजद के शासनकाल में बिहार के विकास का पहिया न सिर्फ रूक गया, बल्कि पीछे की ओर घूमने लगा। उन्होंने कहा कि श्री यादव का यह दावा बिल्कुल निराधार है कि उन्होंने बिहार के लोगों को स्वर दिया। राजद शासनकाल में बिहार में प्रति व्यक्ति आय काफी कम हो गयी थी, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राजग सरकार के प्रयास से इसमें वृद्धि हुयी है। राजद शासनकाल में जहां बिहार बजट का आकार मात्र 23 हजार 800 करोड़ था, जो वर्तमान में तीन लाख 17 हजार करोड़ हो गया है। बजट आकार बढ़ने से बिहार में आधारभूत संरचना समेत हर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है। नरेन्द्र मोदी की सरकार के प्रयास से बिहार में खेती होने वाला मखाना को वैश्विक पहचान मिली है।

# विपक्ष के नेता के रूप में एक साल में शिद्दत से उठाए हैं जनता के मुद्दे : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अपने एक साल के कार्यकाल को यादगार बताते हुए कहा है कि इस दौरान उन्होंने संसद में जनता के मुद्दे शिद्दत के साथ उठाए और लोगों को निडर होकर हक की बात करने के लिए उत्साहित करने के साथ ही संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई को मजबूती से लड़ा है। श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा ल्लोकसभा में नेता विपक्ष के रूप में एक वर्ष पूरा करने पर, मैं पूरे साल की यादों, अनुभवों और संविधान की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई को आपके साथ साझा कर रहा हूं। संसदीय भाषणों में, भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए मेरे विज़न और 2024 लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत के पीछे के कारकों, मणिपुर वासियों से लेकर किसानों तक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से दलित युवाओं तक -देशभर के लोगों के साथ मेरी मुलाकातों का विवरण साझा कर रहा हूं। मोहब्बत और सच्चाई के रास्ते पर आपके साथ हूं। विपक्ष के नेता के रूप में अपने सालभर के कार्यक्रमों का विवरण देते हुए कहा कि इस अवधि में 115 से ज्यादा जनसंवाद कर संसद में 16 भाषण दिये और 35 से ज्यादा आधिकारिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

उन्होंने 60 से ज्यादा जनसभाएं की और 16 बार प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया है। संसद से सड़क तक जनता की आवाज को बुलंद किया है और विशेष रूप से देश की 90 प्रतिशत आवादी को प्रभावित करने वाले मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस पार्टी ने श्री गांधी के किये कार्यों को एक न्यूजलेटर के जरिए प्रेस से साझा करते हुए कहा कि इस दौरान देश की अर्थव्यवस्था और भागीदारी के लिए उन्होंने एक नया विजन पेश किया है। पार्टी ने कहा कि उन्होंने उत्पादन और टेक्नालॉजी पर देश की अर्थव्यवस्था के विकास के लिए अपने विजन को सामने रखा है और विकास के मॉडल को समृद्धि और भागीदारी पर केंद्रित कर उत्पादन प्रणाली में वंचित समुदाय की भूमिका बढ़ाने पर जोर दिया है।

## पद्म पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक होंगे नामांकन

**नयी दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार की ओर से आज जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं। जाति, व्यवसाय, पद या लिंग के भेदभाव के बिना सभी व्यक्ति इन पुरस्कारों के लिए पात्र हैं। चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को छोड़कर अन्य सरकारी सेवक, जिनमें सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में काम करने वाले सरकारी सेवक भी शामिल है, पद्म पुरस्कारों के पात्र नहीं हैं।

सरकार पद्म पुरस्कारों को पीपल्स पद्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे नामांकन/सिफारिशें करें। नागरिक स्वयं को भी नामित कर सकते हैं। महिलाओं, समाज के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों, दिव्यांग व्यक्तियों और समाज के लिए निस्वार्थ सेवा कर रहे लोगों में से ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों की पहचान करने के ठोस प्रयास किए जा सकते हैं जिनकी उत्कृष्टता और उपलब्धियां वास्तव में पहचाने जाने योग्य हैं। उल्लेखनीय है कि पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित, इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है। इन पुरस्कारों के अंतर्गत 'उत्कृष्ट कार्य' के लिए सम्मानित किया जाता है।

## अमित शाह ने एनसीबी और अन्य एजेंसियों को ग्लोबल ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करने पर बधाई दी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को नॉरकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो(एनसीबी) और अन्य एजेंसियों को ग्लोबल ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करने पर बधाई दी। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हर ड्रग गिरोह, चाहे वह कहीं से भी चल रहा हो, को खत्म करने और देश के युवाओं की रक्षा करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। श्री शाह ने प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा ल्ल एनसीबी और अन्य एजेंसियों को ग्लोबल ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करने पर बधाई। उन्होंने कहा कि जांच ने मल्टीएजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया है जिसके परिणामस्वरूप आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया और 5 खेप जब्त की गयी। चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि हमारी एजेंसियां लगातार इन गिरोहों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले क्रिप्टो भुगतान और गुमनाम ड्रॉप शिपर्स जैसे तरीकों की निगरानी कर रही हैं। गौरतलब है कि अवैध दवा व्यापार के खिलाफ अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाइयों में से एक के तहत नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुख्यालय की ऑपरेशंस यूनिट ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी सिंडिकेट को सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया। यह एनक्रिप्टेड डिजिटल प्लेटफॉर्म, ड्रॉप शिपिंग मॉडल और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग कर चार महाद्वीपों में नियंत्रित दवाओं की तस्करी कर रहा था। नयी दिल्ली की बंगाली मार्केट के पास वाहनों को रोक कर जांच करने की एक नियमित प्रक्रिया के रूप में शुरू हुई यह कार्रवाई एक आपराधिक नेटवर्क को उजागर करने में बदल गई, जो भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में फैला हुआ था। यह अवैध फार्मा नेटवर्क की वैश्विक पहुंच और समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रवर्तन कार्रवाइयों का नेतृत्व करने की एनसीबी की क्षमता को दर्शाता है। इस ऑपरेशन ने चार महाद्वीपों और 10 से अधिक देशों में फैले एक वैश्विक नेटवर्क का खुलासा किया।

## पाटिल ने किया एकीकृत बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली का उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने बुधवार को वेब-आधारित एकीकृत बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली सी-फ्लड का उद्घाटन किया जिसके जरिए दो दिन पहले बाढ़ तथा जल स्तर के पूर्वानुमान की सूचना गांव स्तर तक उपलब्ध कराई जा सकेगी। श्री पाटिल ने बुधवार को यहां जल शक्ति मंत्रालय श्रम शक्ति भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान बाढ़ पूर्वानुमान प्रणाली का उद्घाटन किया। इस प्रणाली को उन्नत कंप्यूटिंग विकास केंद्र (सी-डैक), पुणे और केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी), जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा संरक्षण (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर), जल शक्ति मंत्रालय ने संयुक्त रूप से विकसित किया है। यह प्रणाली बाढ़ मानचित्रों और जल स्तर की भविष्यवाणियों के रूप में गांव स्तर तक दो दिन पहले बाढ़ के पूर्वानुमान की सूचना प्रदान करती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से संचालित राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन के तहत क्रियानवित यह पहल भारत के बाढ़ प्रबंधन और आपदा प्रतिक्रिया ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम है।

## राजनीतिक दलों की ओर से बीएलए की नियुक्ति में हुई बढ़ोत्तरी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' को लेकर विभिन्न राजनीति दलों की ओर से बूथ स्तर के एजेंटों (बीएलए) की नियुक्ति में बढोत्तरी दर्ज की गई है। आयोग ने बुधवारा को जारी एक बयान में कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों ने 23 जून तक एक लाख 36 हजार 680 बीएलए की नियुक्ति की थी जो आज एक लाख 56 हजार 625 हो गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबसे अधिक 53 हजार 689 बीएलए नियुक्त किये हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय जनता दल से 47 हजार 504, जनता दल यूनाइटेड ने 34 हजार 669, कंाग्रेस ने 16500, राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने 1153, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 578 बीएलए नियुक्त किये हैं। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण पर विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से विरोध और आरोपों के बीच उनकी ओर से बीएलए की नियुक्ति की जा रही है।

# दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी: दलाई लामा

एजेंसी

धर्मशाला। तिब्बती आध्यात्मिक प्रमुख दलाई लामा ने बुधवार को पुष्टि की कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी।

उन्होंने दोहराया कि गदेन फोडरंग ट्रस्ट के पास भविष्य के पुनर्जन्म को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार है, किसी और को इस मामले में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। दलाई लामा ने यहां एक बयान में कहा, ल्ल 24 सितंबर 2011 को, तिब्बती आध्यात्मिक परंपराओं के प्रमुखों की एक बैठक में मैंने तिब्बत और बाहर के साथी तिब्बतियों, तिब्बती बौद्ध धर्म के अनुयायियों और तिब्बत और तिब्बतियों से संबंध रखने वाले लोगों के सामने एक बयान दिया था कि क्या दलाई लामा की संस्था जारी रहनी चाहिए। मैंने कहा कि 1969 में ही मैंने स्पष्ट कर दिया था कि संबंधित लोगों को यह तय करना चाहिए कि भविष्य में दलाई लामा के पुनर्जन्म जारी रहने चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, मैने यह भी कहा कि जब मैं लगभग नब्बे वर्ष का हो जाऊंगा तो मैं तिब्बती बौद्ध परंपराओं के उच्च लामाओं, तिब्बती जनता और तिब्बती बौद्ध धर्म का पालन करने वाले अन्य संबंधित लोगों से परामर्श करूंगा, ताकि इस बात का पुनर्मूल्यांकन किया जा सके कि दलाई लामा की संस्था जारी रहनी चाहिए या नहीं। हालांकि मैंने इस मुद्दे पर कोई सार्वजनिक चर्चा नहीं की है, लेकिन पिछले 14 वर्षों में तिब्बत की आध्यात्मिक परंपराओं के नेताओं, निर्वासित तिब्बती संसद के सदस्यों, विशेष आम सभा की बैठक में भाग लेने वालों, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सदस्यों, गैर सरकारी संगठनों, हिमालयी क्षेत्र, मंगोलिया, रूसी संघ के बौद्ध गणराज्यों और मुख्य भूमि चीन सहित एशिया के बौद्धों ने मुझे कारणों के साथ पत्र लिखे हैं और गंभीरतापूर्वक अनुरोध किया है कि दलाई लामा की संस्था जारी रहे। उन्होंने कहा, विशेष रूप से, मुझे तिब्बत में रहने वाले तिब्बतियों से विभिन्न माध्यमों से संदेश प्राप्त हुए हैं, जिनमें यही अपील की गयी है। इन सभी अनुरोधों के अनुसार, मैं पुष्टि करता हूं कि दलाई लामा की संस्था जारी रहेगी। उन्होंने कहा, भविष्य के दलाई लामा को मान्यता देने की प्रक्रिया का 24 सितंबर 2011 के वक्तव्य में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है, जिसमें कहा गया है कि ऐसा करने की जिम्मेदारी विशेष रूप से गादेन फोडरंग ट्रस्ट, परम पावन दलाई लामा के कार्यालय के सदस्यों पर होगी। उन्हें तिब्बती बौद्ध परंपराओं के विभिन्न प्रमुखों और विश्वसनीय शपथबद्ध धर्म रक्षकों से परामर्श करना चाहिए, जो दलाई लामाओं की वंशावली से अविभाज्य रूप से जुड़े हुए हैं। दलाई लामा ने कहा कि तदनुसार उन्हें पिछली परंपरा के अनुसार खोज और मान्यता की प्रक्रिया को पूरा करना चाहिए। दलाई लामा ने घोषणा की, मैं इस बात को दोहराता हूं कि गादेन फोडरंग ट्रस्ट के पास भविष्य के पुनर्जन्म को मान्यता देने का एकमात्र अधिकार है, किसी और के पास ऐसा कोई अधिकार नहीं है।

### दलाई लामा ने उत्तराधिकारी चुनने में चीन की भूमिका को नकारा, बीजिंग ने की कड़ी आलोचना

**बीजिंग/धर्मशाला।** चीन ने तिब्बती बौद्ध धर्म की 600 साल पुरानी परंपरा की रक्षा के लिए उत्तराधिकारी की नियुक्ति संबंधी तिब्बती नेता दलाई लामा की टिप्पणियों पर कड़ी आलोचना करते हुए कहा है कि अगले दलाई लामा की नियुक्ति का अधिकार केवल चीन को है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, दलाई लामा, पंचेन लामा और अन्य महान बौद्ध हस्तियों के पुनर्जन्म का चयन स्वर्ण कलश से लॉटरी निकालकर किया जाना चाहिए और ये केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित होना चाहिए। 14वें दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो (89) ने दलाई लामा चुनने में किसी भी राजनीतिक दबाव को खारिज कर दिया था। उन्होंने अपने 90 वें जन्मदिन के पहले कहा कि उत्तराधिकारी की नियुक्ति केवल तिब्बती बौद्ध धर्म की सदियों पुरानी पारंपरिक नियमों द्वारा की जा सकती है और इसमें चीन का कोई दखल नहीं होना चाहिए।

# मुलाकात के लिए राजनीतिक दलों के 'अनधिकृत' लोगों के आग्रह को स्वीकार नहीं करेगा निर्वाचन आयोग

एजेंसी

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने फैसला किया है कि वह राजनीतिक दलों की ओर से चिठ्ठी-पत्री में उनका प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले ऐसे व्यक्तियों की बात पर ही गौर करेगा जिन्हें दल के प्रमुखों द्वारा आयोग से संपर्क के लिए बाकायदा अधिकृत किया गया होगा।

इस बीच आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि बिहार में मतदाता सूचियों के 'विशेष गहन पुनरीक्षण' के विषय में बातचीत के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव और पार्टी द्वारा दी गयी दोनों अधिकारिक मेलों पर को 30 जून को निमंत्रण भेजा गया था। इन मेल में उन्हें आज शाम पांच बजे का समय दिया गया था। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पार्टी की ओर से आज की बैठक के बारे में उन्हें सुबह तक कोई पुष्टि नहीं की गयी है। अधिकारियों के अनुसार फिलहाल आयोग आज शाम भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सकता है। इस बैठक के लिए इस पार्टी ने अपनी सहमति की पुष्टि कर दी है। इस बीच आयोग ने कुछ राजनीतिक दलों की ओर से आयोग को 30 जून और दो जुलाई को मेल भेजने वाले उमर होदा को आज एक मेल करके कहा है, ल्लभविष्य में, राजनीतिक दलों और आयोग के बीच किसी भी अनधिकृत संचार को रोकने के लिए, आपको उस राजनीतिक दल के प्रमुख से वैध प्राधिकरण प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है जिसका आप प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं। आयोग के सचिव ने श्री होदा को लिखा है, मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि आपके 30 जून 2025 के ईमेल के अनुसार, उल्लिखित राजनीतिक दलों से प्राधिकरण का कोई सबूत न होने के बावजूद, आयोग ने संबंधित राजनीतिक दलों को 02 जुलाई 2025 को शाम 05:00 बजे का समय दिया था और पार्टियों के प्रमुखों से




एक अधिकृत व्यक्ति के साथ उक्त बैठक में उनकी उपस्थिति की पुष्टि मांगी थी। इस मेल में कहा गया है कि अभी तक केवल भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव ने ही इस संबंध में पुष्टि की है। इसलिए, आयोग आज शाम 05:00 बजे अधिकृत व्यक्ति के साथ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव से मिल रहा है।

आयोग ने इस मेल में श्री होदा को लिखा है कि उनके 30 जून को भेजे गए ईमेल में उल्लिखित अन्य राजनीतिक दलों के प्रमुखों से कोई पुष्टि नहीं मिली है। आयोग ने कहा है कि वह हमेशा राजनीतिक दलों के प्रमुखों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से या सामूहिक रूप से किसी भी समय आपसी सुविधा के अनुसार मिलने के लिए उपलब्ध है। इस मेल में आयोग के सचिव ने पत्र मेल भेजने वाले को लिखा है कि भविष्य में, राजनीतिक दलों और आयोग के बीच किसी भी अनधिकृत पत्र या संदेश पर रोक लगाने के लिए उसको उस राजनीतिक दल के प्रमुख से वैध प्राधिकरण प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है जिसका वह प्रतिनिधित्व करना चाहता है। आयोग के अधिकारियों ने यूनीवार्ता से कहा कि ल्लबिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण योजनाबद्ध तरीके से और सख्ती से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बारे में कुछ तत्व तरह तरह की निराधार बातें फैला रहे हैं। लोगों को ऐसी बातों को को नज़रअंदाज़ करना चाहिए। आयोग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के काम में 243 निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों, 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों, 9 संभागीय आयुक्तों और बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा लगभग एक लाख प्रशिक्षित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) और एक लाख से अधिक स्वयंसेवकों को लगाया जा रहा है। इसके अलावा, ईसीआई द्वारा पंजीकृत और मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों ने प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए 1.5 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) लगाए हैं। अभी भी समय है। उन्हें बाद में शिकायत करने के बजाय अभी और बीएलए नियुक्त कर लेने चाहिए। आयोग ने इस समीक्षा के लिए बिहार की 2003 की मतदाता सूची को आधार बनाया है जिससे करीब पांच करोड़ मतदाताओं और उनकी संततियों को अलग से कोई दस्तावेज नहीं जमा कराना पड़ेगा। आायोग ने यह भी कहा कि कोई भी वयस्क नागरिक अपने स्थायी निवास स्थान वाले निर्वाचन क्षेत्र में वैध रूप से मतदान करने का पत्र होता है और इस तरह उसका नाम केवल वहां की सूची में ही दर्ज होना चाहिए।

# पेज एक का शेष

### ब्रिक्स के लिए...

साउथ' के कल्याण के लिए सहयोग का एक नया खाका तैयार करेंगे। उन्होंने कहा, ''नामीबियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करना सम्मान की बात होगी। हम स्वतंत्रता और विकास के लिए अपनी स्थायी एकजुटता और साझा प्रतिबद्धता का जश्न मनाते हैं। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि इन पांच देशों की उनकी यात्रा से 'ग्लोबल साउथ' में भारत के संबंध और मैत्री सुदृढ़ होगी, अटलांटिक के दोनों ओर साझेदारी मजबूत होगी तथा ब्रिक्स एवं अफ्रीकी संघ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर भागीदारी गहरी होगी।

### क्वाड देशों ने की...

और ऑस्ट्रेलिया की पेनी वॉन्ग ने इसमें भाग लिया । बैठक के बाद के संयुक्त वक्तव्य में क्वाड ने पूर्वी और दक्षिण चीन सागर की स्थिति पर गंभीर चिंता जताई है। जबरन यथास्थिति बदलने, सैन्य जहाजों और तटरक्षक बल द्वारा खतरनाक हरकतों और संसाधनों में हस्तक्षेप जैसे कदमों को क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा बताया है। समुद्री विवादों का शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के अनुसार नेविगेशन की स्वतंत्रता बनाए रखने की आवश्यकता दोहराई गई है। बैठक में चार प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित एक नई कार्यसूची की घोषणा की गई। समुद्री और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, नवाचार और प्रौद्योगिकी, तथा मानवीय सहायता। साथ ही आसियान, पैसिफिक आइलैंड फोरम और इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन जैसे क्षेत्रीय संगठनों के साथ सहयोग को और मजबूत करने की बात कही गई। बैठक में उत्तर कोरिया की मिसाइल गतिविधियों और परमाणु कार्यक्रम पर भी चिंता जताई गई। सदस्य देशों ने साइबर अपराध, अवैध वित्त पोषण और हथियार कार्यक्रमों में सहायता पर चिंता व्यक्त की और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के पूर्ण क्रियान्वयन का आह्वान किया। बैठक में क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव, समुद्री सहयोग, आपदा प्रतिक्रिया, और मुम्बई में 'पोर्ट्स ऑफ द फ्यूचर' साझेदारी जैसे कई नए कदमों की घोषणा की गई। उल्लेखनीय है कि क्वाड (क्वाड्रीलेटरल रणनीतिक वार्ता) एक रणनीतिक मंच है, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इसका उद्देश्य हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्र, समावेशी और स्थिर व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। यह मंच हाल के वर्षों में सामरिक, आर्थिक और सुरक्षा मामलों पर सहयोग को लेकर सक्रिय हुआ है।

### ओला, उबर, रेपिडो...

बिना वजह राइड कैंसल करने पर जुर्माना लगेगा और ड्राइवर को कम से कम पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, एग्रीगेटर के साथ जुड़े मोटर वाहन के साथ चालक को लागू किराए का कम से कम 80 प्रतिशत प्राप्त करने का अधिकार है, जिसमें चालक के किराए के अंतर्गत आने वाली सभी लागतें शामिल हैं। शेष भाग एग्रीगेटर द्वारा विभाजित किराए के रूप में रखा जा सकता है। इसमें यह भी कहा गया है, 'किसी भी यात्री से डेड माइलेज के लिए शुल्क नहीं लिया जाएगा, सिवाय इसके कि सवारी का लाभ उठाने के लिए दूरी तीन किलोमीटर से कम हो और किराया केवल यात्रा के आरंभ स्थान से गंतव्य तक लिया जाएगा, जहां यात्री को छोड़ा जाता है।

### टैरिफ रोक को नौ ...

अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसने अन्य देशों से आयात पर टैरिफ़ लगाया। आधार टैरिफ दर 10 प्रतिशत निर्धारित किया गया था, जिसमें प्रत्येक विशिष्ट राष्ट्र के साथ अमेरिकी व्यापार घाटे के आधार पर 57 देशों पर उच्च दरें लागू की गईं। श्री ट्रम्प ने गत नौ अप्रैल को कहा कि 75 से अधिक देशों के निर्यात पर टैरिफ को 90 दिनों के लिए 10 प्रतिशत तक घटा दिया जाएगा। अधिकांश देशों के लिए 90-दिवसीय विराम 08 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। इस बीच चीन पर टैरिफ का 90-दिवसीय निलंबन 12 अगस्त को समाप्त होने वाला है। जो इस व्यवस्था का हिस्सा है।

### कोरोना वैक्सीन और...

पोषण और आईसीएमआर के सहयोग से किया जा रहा है। यह एक संभावित अध्ययन है जिसका उद्देश्य युवा वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों के सामान्य कारणों का पता लगाना है। अध्ययन के आंकड़ों के शुरुआती विश्लेषण से संकेत मिलता है कि दिल का दौरा, या मायोकार्डियल इंफार्क्शन (एमआई), इस आयु वर्ग में अचानक मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले वर्षों की तुलना में कारणों के पैटर्न में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। अधिकांश अस्पष्टीकृत मृत्यु मामलों में, इन मौतों के संभावित कारण के रूप में आनुवंशिक उत्परिवर्तन की पहचान की गई है। अध्ययन पूरा होने के बाद अंतिम परिणाम साझा किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार ये दोनों अध्ययन से पता चलता है कि भारत में युवा वयस्कों में अचानक होने वाली अस्पष्टीकृत मौत का कारण कोविड-19 टीकाकरण से नहीं जुड़ा हुआ है। वैज्ञानिक विशेषज्ञों ने दोहराया है कि कोविड टीकाकरण को अचानक होने वाली मौतों से जोड़ने वाले बयान झूठे और भ्रामक हैं, और वैज्ञानिक आम सहमति से समर्थित नहीं हैं। निर्णायक सबूतों के बिना अटकलें लगाने वाले दावों से टीकों में जनता का भरोसा कम होने का जोखिम है, जिसने महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### किराना स्टोर से...

छापेमारी के दौरान पौने लाख से अधिक शीशीयां बरामद की गई हैं। इसमें 180 मिलीलीटर वाली 2396 भरी बोतलें मिलीं। दो मिलीलीटर वाली कुल 77900 शीशियां बरामद हुईं। 180 मिलीलीटर की क्षमता वाली आठ सौ बोतलें भी मिलीं। इसके साथ ही भारी मात्रा में रबर कैप, एल्यूमिनियम कैप, प्लास्टिक की कूप्पी, रबर के दो पतले पाइप और नमक के तीन पैकेट बरामद किए गए हैं। प्रतिबंधित सामग्री सील करके जांच के लिए भेजी गई है। छापेमारी टीम के सदस्य टीम में औषधि निरीक्षक विवेक कुमार सिंह, निरीक्षक दिलीप कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह, उपनिरीक्षक अशोक कुमार गुप्ता शामिल रहे।

### जहां टूटे सहारे, वहां...

''गरीबों, महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों की सरकार'' है। निराश्रित महिला पेंशन योजना इसी सोच का ठोस प्रमाण है। योजना के अंतर्गत राशि की समयबद्ध आपूर्ति और तकनीक आधारित भुगतान प्रणाली ने लाभार्थियों का भरोसा जीता है। वर्तमान में यह योजना न केवल एक आर्थिक सहायता का माध्यम बन चुकी है, बल्कि महिलाओं के आत्मबल को भी बढ़ा रही है। अब वे छोटी-छोटी जरूरतें पूरी कर पा रही हैं, अपने बच्चों की पढ़ाई या दवा-इलाज जैसे खर्चों में भी सहयोग कर पा रही हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें किसी दफ्तर या बिचौलिए के पास नहीं जाना पड़ता। यह सशक्तिकरण का डिजिटल युग है और योगी सरकार इसे हर घर तक पहुंचाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता के साथ इसे लागू किया है।

# ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर कांवड़ियों से भरा ट्रक पलटा, तीन की मौत, 16 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। ऋषिकेश-गंगोत्री हाईवे पर बुधवार सुबह ताछला के पास कांवड़ियों को ले जा रहा ट्रक सड़क पर पलट गया। इस दर्दनाक हादसे में तीन कांवड़ियों की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पांच यात्रियों को एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया है। सभी कांवड़िए बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश के निवासी हैं और भंडारे के लिए हर्षिल जा रहे थे। हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रक (संख्या ठ्घ-13-बीटी-8739) फकोट से आगे ताछला के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन में कुल 19 यात्री सवार थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को ट्रक से निकालकर फकोट और नरेंद्रनगर अस्पताल में भर्ती कराया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने व घायलों को हरसंभव उपचार देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी टिहरी ने बताया कि दुर्घटना स्थल पर युद्ध स्तर पर रेस्क्यू अभियान चलाया गया और सभी घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाया गया।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ के जवानों ने किसी तरह सभी को बाहर निकाला है। 5 घायलों को एम्स ऋषिकेश भेजा गया है अन्य को नरेंद्रनगर उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थानाध्यक्ष नरेंद्रनगर संजय मिश्रा ने बताया कि फकोट और जाजल के बीच ताछला के पास यह दुर्घटना हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया।घायलों की सूचीः 01- ईश्वर सैनी पुत्र फूल सिंह सैनी आयु 49 वर्ष 02- अतर सिंह पुत्र यादराम आयु 60 वर्ष 03- रवि पुत्र अतर सिंह आयु 30 वर्ष 04- कुलदीप गिरी पुत्र मुकेश आयु 35 वर्ष 05-झम्मन सिंह पुत्र बुद्धु आयु 70वर्ष 06- बनवारी पुत्र किशनलाल आयु 55 वष 07- मुकेश पुत्र मुरारी लाल मित्तल आयु 59 वर्ष 08- प्रेम सिंह पुत्र सोहन आयु 50 वर्ष। 09- जुगनू पुत्र देवी सिंह आयु 35 वर्ष। 10- तुषार पुत्र सुनील प्रजापति आयु 17 वर्ष। 11- भजन लाल पुत्र बाबूलाल आयु 45 वर्ष। 12- लेखराज पुत्र गोपी सिंह आयु 40 वर्ष 13-टिंकू पुत्र रुद्रप्रकाश आयु 29 वर्ष 14- मूलचंद पुत्र लक्ष्मण आयु 40 वर्ष 15-राहुल पुत्र किन्चित आयु 28 वर्ष 16- नकुल पुत्र राहुल आयु 04 वर्ष ये कुल लोग 16 चोटिल है, जिनका उपचार चल रहा है। मृतकों की पहचानः विक्की पुत्र महेंद्र 30 वर्ष सुनील सैनी पुत्र मूलचंद 45 वर्ष तीसरे मृतक की शिनाख्त प्रक्रिया जारी है।

# उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बीच अवशेष आस्तियों-दायित्वों के समाधान के लिए जल्द होगी मुख्यमंत्रियों की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ बैठक करेंगे ताकि दोनों राज्यों के बीच अवशेष आस्तियों और दायित्वों के लंबित मामलों का समाधान किया जा सके। बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड राज्य के मध्य अवशेष आस्तियों एवं दायित्वों के मामलों की समीक्षा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन मामलों में दोनों राज्यों के बीच पिछली बैठक में सहमति बनी थी, उनमें से जिन मामलों में कार्यवाही गतिमान है, उत्तर प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक कर उनका जल्द समाधान किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों की पिछली बैठक के बाद जिला उधमसिंहनगर एवं हरिद्वार में स्थित जलाशयों /नहरों में वाटर स्पोर्टस की अनुमति दी जा चुकी है। सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से विद्युत बिलों के रूप में 57.87 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है।

उत्तर प्रदेश मत्स्य निगम की ओर से उत्तराखंड मत्स्य पालन विकास अभिकरण को 3.98 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है। वन विकास निगम उत्तराखंड को दी जाने वाली देयताओं का आंशिक भुगतान किया गया है। परिवहन निगम की अवशेष राशि का भुगतान किया जा चुका है। आवास विभाग के अन्तर्गत आवास विकास परिषद की परिसम्पत्तियों के निस्तारण का निर्णय हुआ है। बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव डॉ. नीरज खेरवाल एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ओडिशा में दलित युवकों से बर्बरता पर एनएचआरसी ने लिया संज्ञान, राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

नई दिल्ली। ओडिशा के गंजाम जिले में दो दलित युवकों के साथ हुई कथित बर्बरता के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने राज्य सरकार के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजकर दो हफ्ते के अंदर जवाब मांगा है। मीडिया में इस घटना की खबर आने के बाद एनएचआरसी ने इसे मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन माना है। आयोग ने कहा है कि अगर रिपोर्ट में बताई गई बातें सही निकलती हैं, तो यह एक गंभीर अपराध है। एनएचआरसी ने राज्य सरकार से यह भी कहा है कि वह रिपोर्ट में बताए कि आरोपियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई? और पीड़ितों को कोई मुआवजा दिया गया है या नहीं उल्लेखनीय है कि ओडिशा के गंजाम जिले के खारीगुम्मा गांव में 26 जून को बुलु नायक और बाबुला नायक नाम के दो दलित युवक गाय खरीदकर अपने गांव सिंगीपुर लौट रहे थे। तभी रास्ते में कुछ ग्रामीणों ने उन्हें मवेशी तस्करी के शक में पकड़ लिया। इसके बाद उनके साथ बेहद अमानवीय व्यवहार किया गया। दोनों को न केवल बेरहमी से पीटा गया, बल्कि उन्हें अपमानित भी किया गया। ग्रामीणों ने उनके मोबाइल फोन छीन लिए, उन्हें घास खाने और नाले का गंदा पानी पीने के लिए मजबूर किया। उनका आधा सिर भी जबरन मुंडवा दिया गया और घुटनों के बल करीब दो किलोमीटर तक चलवाया गया।

### आईआईटी रुड़की और सीईए के बीच विद्युत क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के लिए समझौता

हरिद्वार। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटी रुड़की) ने विद्युत क्षेत्र में अनुसंधान, योजना, नवाचार और क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस रणनीतिक साझेदारी का उद्देश्य आईआईटी रुड़की की शैक्षणिक और शोध क्षमताओं को सीईए की तकनीकी और विनियामक विशेषज्ञता के साथ समन्वित करना है, ताकि विद्युत क्षेत्र में प्रमुख चुनौतियों का समाधान किया जा सके। दोनों संस्थान विद्युत प्रणाली नियोजन, नवीकरणीय ऊर्ज़ा एकीकरण, ग्रिड विश्वसनीयता तथा ऊर्ज़ा भंडारण पर केंद्रित संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं में सहयोग करेंगे। विद्युत प्रणाली विश्लेषण और दीर्घकालिक नियोजन के लिए तकनीकी उपकरण और सॉफ्टवेयर विकसित करेंगे; सीईए एवं अन्य विद्युत क्षेत्र की संस्थाओं के व्यावसायिकों के लिए अनुकूलित क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करेंगे। एमओयू पर केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद व आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन भारत की ऊर्ज़ा अवसंरचना को मजबूत करने तथा राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप स्वच्छ, अधिक विश्वसनीय और आत्मनिर्भर विद्युत प्रणाली सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जिला पंचायत सदस्य के लिए 7 नामांकन

पौड़ी गढ़वाल। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत बुधवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन करवाने को लेकर बुधवार को जिले के सभी ब्लाकों व जिला पंचायत परिसर पौड़ी में प्रत्याशियों की भीड़ लगी रही। बुधवार से शुरू होगी पंचायत चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन जिला पंचायत सदस्य की विभिन्न सीटों पर 7 नामांकन हुए। जिला पंचायत सदस्य के आरओ डा.वीके यादव ने बताया कि बुधवार को पहले दिन 7 नामांकन हुए। बताया कि पहले दिन बिलकोट नैनीडांडा सीट से विक्रम सिंह रावत, कलुण पाबौं से वीरेंद्र सिंह, ग्वाड़ खिर्सू से संपत सिंह, चैधार एकेश्वर से आरती, कोटा एकेश्वर से विजयलक्ष्मी, चांदपुर द्वारीखाल से वीरेंद्र सिंह और सिंगोरी खिर्सू से कैलाश चंद्र ने नामांकन करवाया।

# जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पौड़ी गढ़वाल। जिला चिकित्सालय पौड़ी की चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक आज जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया की अध्यक्षता में चिकित्सालय परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में चिकित्सालय की व्यवस्थाओं, दवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की स्थिति, स्वच्छता एवं मरीजों को दी जा रही सेवाओं की गहन समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने रेफरल रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए रेफरल सेवाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य उपकरणों की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने खराब पड़े वेंटिलेटर और एक्स-रे मशीनों को शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। ऑक्सीजन प्लांट की मरम्मत हेतु वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध की प्रक्रिया शुरू करने को कहा गया, साथ ही उनके द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि वार्षिक अनुरक्षण अनुबंध पूर्ण होने तक ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और सिलेंडर कार्यरत रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने मानव संसाधन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा कर्मी, कंप्यूटर ऑपरेटर, इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, एक्स-रे तकनीशियन, वाहन चालक और कक्ष सेवक, सेविकाओं की नियुक्ति के प्रस्ताव पर अनुमोदन दिया। साथ ही कहा कि श्रीनगर मेडिकल कॉलेज से अतिरिक्त कक्ष सेवक, सेविकाओं को जिला अस्पताल भेजा जायेगा। बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ बनाने के लिए जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के प्रवेश द्वारों पर नियॉन लाइट लगाने हेतु डीपीआर तैयार करने और सीसी रोड व इंटरलॉकिंग टाइल्स के लिए शीघ्र प्रस्ताव बनाए जाने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला योजना में आवासीय भवनों के निर्माण, मरम्मत तथा नए अस्पताल भवन के प्रस्ताव शामिल करने को भी कहा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं की निगरानी हेतु मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एल डी सेमवाल को सचल चिकित्सा वाहनों के संचालन के लिए बहुउद्देशीय शिविरों का रोस्टर बनाने के निर्देश दिये। साथ ही कैंसर डे केयर सेंटर को जल्द सुचारु रूप से कार्यशील बनाने के निर्देश दिये गये। रिपोर्टिंग व्यवस्था पर बल देते हुए जिलाधिकारी ने टीबी, एनीमिया, इम्यूनाइजेशन के संबंध में नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही 108 एम्बुलेंस की कार्यशीलता की भी समीक्षा की गयी।जिलाधिकारी ने जन औषधि केंद्रों की स्थिति पर चर्चा की। निर्देश दिये कि अस्पताल में जितनी भी दवाएं लिखी जाती हैं, उन्हें यहीं से उपलब्ध कराया जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि जनऔषधि केंद्रों में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को चिकित्सा सेवाओं में सुधार हेतु सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और प्रस्तावों को समयबद्ध रूप से प्रस्तुत करने को कहा। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों की उपस्थिति, मरीजों के प्रति व्यवहार एवं अस्पताल परिसर की स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने की आवश्यकता बतायी। इसके बाजद जिलाधिकारी ने चिकित्सालय के महिला व पुरुष सामान्य वार्ड में भर्ती मरीजों का हालचाल जानने के साथ जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर फीडबैक लिया।

## पटना में दानापुर के एक रेस्टोरेंट में लगी आग, दमकल ने आग पर पाया काबू

पटना। पटना के दानापुर में सगुना-खगौल रोड में बुधवार दोपहर एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में आग लग गयी। आग कॉम्पलेक्स के चौथे तल्ले पर मौजूद सैईलूम रेस्टोरेंट में लगी है। इसके नीचे तल्ले पर जुडयो का शोरूम है और कोंचिग सेन्टर भी इस कॉम्पलेक्स में चलाये जाते है। अगलगी की घटना के बाद कॉम्पलेक्स में मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। आग रेस्टोरेंट के कीचन से लगने बात कही जा रही है। आग लगने के बाद रेस्टोरेंट में मौजूद कर्मियों ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही अग्निशामक विभाग के डीएसपी मनोज कुमार भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हाइड्रोलिक मशीन की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कराया। घंटों मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने रेस्टोरेंट में लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना के वक्त कई लोग रेस्टोरेंट और कॉम्पलेक्समे फंसे हुए थे।

# शिवसेना के उद्धव गुट की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 14 जुलाई को

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की ओर से चुनाव चिन्ह पर निर्वाचन आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जस्टिस एमएम सुंदरेश की अध्यक्षता वाली बेंच 14 जुलाई को सुनवाई करेगी। उद्धव ठाकरे गुट ने निर्वाचन आयोग के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें शिंदे गुट को असली शिवसेना के रूप में मान्यता दी गई है। निर्वाचन आयोग ने 17 फरवरी, 2023 को एकनाथ शिंदे गुट को असली शिवसेना करार दिया और धनुष-बाण चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। आयोग ने पाया था कि शिवसेना का मौजूदा संविधान अलोकतांत्रिक है। निर्वाचन आयोग ने कहा था कि शिवसेना के मूल संविधान में अलोकतांत्रिक तरीकों को गुपचुप तरीके से वापस लाया गया, जिससे पार्टी निजी जागीर के समान हो गई। इन तरीकों को निर्वाचन आयोग 1999 में नामंजूर कर चुका था। पार्टी की ऐसी संरचना भरोसा जगाने में नाकाम रहती है।

निर्वाचन आयोग के इस आदेश के खिलाफ उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। बाल ठाकरे के समय से शिवसेना का चुनाव चिन्ह धनुष-बाण रहा है।

# गवर्नमेंट दून मेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। दिव्य हिमगिरि के प्रकाशन के गौरवशाली 15 वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष पर गर्वनमेंट दून मंडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में 'डॉक्टर ऑफ द ईयर अवार्ड- 2025' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय एवं अध्यक्ष डॉ. ओंकार सिंह थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि 2025 के अंत तक सभी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में सभी पदों में नियुक्ति हो जाएगी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पद्म श्री डॉ. बी. के. एस. संजय ने कहा कि आज सड़क दुर्घटनाएं विकलांगता का मुख्य कारण है। सड़क दुर्घटनाओं ने प्रदेश में तबाही मचा रखी है। हर साल लगभग 1500 दुर्घटनाएं होती है जिनमें 1000 लोगों की मौत हो जाती है। डॉ. संजय ने मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से अनुरोध किया कि सड़क सुरक्षा स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए। यदि ऐसा होता है तो यह न केवल प्रदेश बल्कि देश के हित में ऐतिहासिक कदम होगा। मंत्री जी ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्दी ही सड़क सुरक्षा स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा होगा।

कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. ओंकार सिंह ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य का इतना व्यवसायीकरण नहीं होना चाहिए कि समाज का एक तबका इसका लाभ ही ना ले सके। चिकित्सा शिक्षा, उत्तराखंड के निदेशक, डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि चिकित्सकों को कुछ हद तक निष्काम भाव से सेवा करनी चाहिए और समाज को उनके सेवा भाव की सराहना करनी चाहिए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के अन्य अतिथियों ने भी चिकित्सकों के योगदान की सराहना की।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं खूब मेहनत करें : रंजना राजगुरु


कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। अपर सचिव ऊर्ज़ा तथा माध्यमिक शिक्षा रंजना राजगुरु ने बुधवार को जीजीआईसी ज्वालापुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं. 03 तथा रोशनाबाद स्थित राजकीय बाल गृह व राजकीय विशेष गृह का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जीजीआईसी ज्वालापुर में निरीक्षण के दौरान छात्राओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि विद्यालय में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान तथा पुस्तकालय में सिफारिश की गई किताबों के स्थान पर बच्चों की आयु एवं रूचि के अनुसार किताबे खरीदी जायें। उन्होंने टिंकरिंग लैब के निरीक्षण के दौरान कहा कि छात्राओं को फिजिक्स के बेसिक कॉन्सेप्ट के बारे में जरूर बताया जाए। उन्होंने पुरानी बिल्डिंग के मेंटिनेंस के लिए एस्टीमेट बनाकर जल्दी से शासन में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों से सीधे संवाद करते हुए उनकी रूचि तथा भविष्य में क्या करना चाहते हैं आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने राजकीय प्राथमिक विद्यालय नं. तीन ज्वालापुर के छोटे-छोटे बालक एवं बालिकाओं के कॉन्फिडेंस देखकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के साथ राजकीय प्राथमिक विद्यालय के दो कक्षों में फर्नीचर न होने पर एक माह के भीतर फर्नीचर की व्यवस्था करने तथा कक्षा चार की क्लास में में हवा के लिए खिड़कियों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश मुख्य शिक्षाधिकारी को दिये। बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। खूब मेहनत करें और सिर्फ अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए आलस्य को त्यागना होगा, अनुशासित रहते हुए पूरी ईमानदारी से पढ़ाई करनी होगी। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि सोते हुए शेर के मुंह में कभी खुद शिकार नहीं जाता, शिकार के लिए जंगल के राजा को भी आलस्य छोड़कर मेहनत करनी पड़ती है। इस दौरान छात्राओं द्वारा नमामि गंगे के सौजन्य से प्लास्टिक मुक्त की मुहिम के तहत अपर सचिव व अन्य अधिकारियों को इको फ्रेंडली थैले भी भेंट किए। राजकीय बाल गृह रोशनाबाद के निरीक्षण के दौरान उन्होंने नवनिर्मित हॉल में इको सिस्टम लगाने के निर्देश दिए साथ ही बाल गृह में बच्चों से कविता ओर कहानी सुनी।

## हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्रा गोली कंड का मुख्य शूटर गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। जिले के हरसिद्धि थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस टीम ने गायघाट के हार्डवेयर व्यवसायी कामता मिश्रा गोलीकांड के मुख्य शूटर को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत गायघाट चौक स्थित अपना हार्डवेयर के मालिक कामता मिश्रा को तीन अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मार दी गई थी, जिसमें कामता मिश्रा गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। इस काण्ड में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी ने मानवीय सुचना एवं तकनीकी अनुसंधान करते हुए मुख्य षड्यंत्रकारी में से एक अभियुक्त अमित श्रीवास्तव को जेल भेजा गया था।वही बुधवार की सुबह इस काण्ड के मुख्य शूटर अंकित कुमार पिता रामु सिंह ग्राम कुम्हार थाना-फ़ेनहारा को बैरियाडीह से गिरफ्तार किया गया तथा इसके निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल 2 जिंदा गोली एवं 1 किलो 800 ग्राम चरस बरामद किया गया। अनुसंधान के क्रम में पता चला कि पैसे के लेन देन के कारण इस घटना को अंजाम दिया गया। शूटर अंकित को घटना के उपरांत मिलने वाले पैसे से नई बाइक खरीदने का प्लानिंग में था।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063